सुप्रभात

रांची, शनिवार

04.11.2023

नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net कार्तिक, कृष्ण पक्ष, सप्तमी संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 113




06 अखंड और आधुनिक भारत के निर्माता सरदार पटेल






## न्यूज डायरी

### पूर्व डीसी छवि रंजन की जमानत अर्जी खारिज

**रांची।** जमीन का फर्जीवाड़ा कर उस राशि की मनी लाउंड्रिंग करने के आरोप में जेल में बंद रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को दूसरे मामले में भी अदालत ने राहत देने से इनकार किया है। उनकी मुश्किलें बढ़ गयी है। इडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी है। गुरुवार को सुनवाई के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया था। शुक्रवार को यह फैसला सुनाया।

### मेडिकल के छात्रों ने निकाला कैंडल मार्च

**रांची।** डॉ मदन की मौत में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी को ले कर मेडिकल छात्रों ने शुक्रवार को कैंडल मार्च निकाला। मेडिकल छात्रों की मांग है कहा कि डॉ मदन के परिजनों को न्याय मिलना ही चाहिए। उधर रांची पहुंचे डा मदन के पिता, पुत्र का शव देख कर फफक-फफक कर रो पड़े। उन्होंने कहा, उनका पुत्र अत्महत्या नहीं कर सकता। उन्होंने हत्या की आशंका जतायी और अज्ञात लोगों पर मामला भी दर्ज कराया है।

### नशा मुक्ति केंद्र में भीषण आग, 27 जिंदा जल मरे

**तेहरान।** पूर्वी ईरान में एक नशा मुक्ति केंद्र में शुक्रवार को आग लग जाने से कम से कम 27 लोगों की मौत हो गयी। आग से 17 अन्य लोग भी घायल हैं। ईरान की सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी। नशामुक्ति केंद्र में शुक्रवार तड़के यह आग लगी।

### यज्ञ स्थल पर भगदड़ दो महिलाओं की मौत

**पटना।** बिहार के छपरा में गायत्री महायज्ञ आयोजन स्थल पर मची भगदड़ में दो महिलाओं की मौत हो गयी। कई लोग जख्मी हो गये। डीएम ने बताया कि अचानक मची भगदड़ में कई लोग गिर पड़े। गंभीर रूप से जख्मी दो महिलाओं की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गयी। परसा के मस्तीचक में चल रहे गायत्री महायज्ञ के दौरान यह हादसा हुआ।

### दिल्ली में घना धुआं छाया, स्कूल बंद

**नयी दिल्ली।** सरकार द्वारा उठाये गये विभिन्न निवारक उपायों के बावजूद, राष्ट्रीय राजधानी और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वायु गुणवत्ता शुक्रवार को ह्यगंभीरह्न श्रेणी में दर्ज की गयी। विभिन्न स्थानों पर वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 400 अंक को पार कर गया। इसके कारण दिल्ली में सभी सरकारी प्राथमिक स्कूलों को दो दिनों के लिए बंद कर दिया गया है।

कैबिनेट : सीएम उज्ज्वल झारखंड योजना समेत 23 प्रस्तावों पर मुहर

# राज्यकर्मियों को दिवाली गिफ्ट, 4 फीसदी बढ़ा डीए

### एक जुलाई से बढ़ा हुआ डीए मान्य

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई झारखंड कैबिनेट की बैठक में राज्यकर्मियों को दीवाली का तोहफा देते हुए केंद्र के अनुरूप चार प्रतिशत महंगाई भत्ता (डीए) देने, पीपीपी मोड पर आइटीआइ का संचालन, मुख्यमंत्री उज्ज्वल झारखंड योजना को मंजूरी समेत 23 प्रस्ताव पारित किये गये। शुक्रवार को कैबिनेट की बैठक में राज्यकर्मियों को तोहफा देते हुए केंद्र सरकार के अनुरूप चार प्रतिशत डीए देने का फैसला लिया गया। सातवें वेतनमान के तहत कर्मियों को 1 जुलाई से डीए 42 से बढ़ कर 46 प्रतिशत हो जायेगा। इसका लाभ पेंशन, पारिवारिक पेंशन भोगियों को मिलेगा। एसटीएफ के पुलिस कर्मी को जो विशेष भत्ता मिलता है, उसमें बढ़ोतरी होगी और सातवें वेतन आयोग के अनुरूप भत्ता दिया जायेगा। साथ ही राज्य में सार्वजनिक अवकाश 2024 की घोषणा की गयी। वर्ष 2024 में 21 अवकाश और कार्यपालक आदेश के तहत 12 अवकाश हैं। मुख्यमंत्री उज्ज्वल झारखंड योजना को मंजूरी देते हुए इसके लिए 1485 करोड़ रुपये की स्वीकृत किये गये। इसके तहत ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में जिन घरों में अभी तक बिजली नहीं पहुंची है, वहां बिजली पहुंचायी जायेगी।

(शेष पेज 11 पर)

### कांटाटोली व सिरमटोली फ्लाईओवर जुड़ेगा

कांटाटोली व सिरमटोली फ्लाईओवर को आपस में जोड़ा जायेगा। पथ निर्माण विभाग ने जुडको की सहमति से इसका डीपीआर तैयार कराया है। इसकी लंबाई 1.25 किलोमीटर है। 213 करोड़ की लागत से इसे बनाया जायेगा। इसमें भू-अर्जन यूटिलिटी शिफ्टिंग इत्यादि कार्य भी किये जायेंगे। बहुबाजार के पास एक जुटेगा और दूसरे पुल में पटेल चौक के पास पुल को जोड़ा जायेगा।

### पीपीपी मोड पर आइटीआइ का संचालन होगा

इसके अलावा राज्य सरकार ने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों का संचालन पीपीपी मोड पर कराने का निर्णय लिया है। बैठक में गोलाई व घाघरी वीयर योजना का पुनरुद्धार योजना की स्वीकृति दी गयी। इसके तहत शर्तों में बदलाव किया गया है। ताकि अधिक एजेंसी भाग ले सकेण अब पीपीपी मोड पर तीन आईटीआई संचालन कर सकते हैं। इसके अलावा 10 साल तक संचालन किया जा सकेगा। झारखंड प्रशासनिक सेवक अधिकारी परमेश्वर मुंडा को 6 जुलाई 2015 की तिथि से एसडीओ रैंक में जो प्रमोशन दिया गया था, उन्हें इस तिथि से वित्तीय लाभ मिलेगा।

### 13 जिला न्यायाधीशों की नियुक्ति को मंजूरी

कैबिनेट ने उच्च न्यायालय की अनुशंसा तथा झारखंड वरीय न्यायिक सेवा भर्ती नियुक्ति एवं सेवा शर्त नियमावली के प्रावधानों के अंतर्गत राज्य में 13 अभ्यर्थियों को झारखंड वरीय न्यायिक सेवा से जिला न्यायाधीश के पद पर सीधी भर्ती द्वारा नियुक्त करने की मंजूरी दी गयी। जिनकी नियुक्ति की स्वीकृति मिली वे हैं : नमिता चंद्रा, श्वेता ढींगरा, पारस कुमार सिन्हा, कुमार राजेश, शिवनाथ त्रिपाठी, भूपेश कुमार, आयशा खान भानु प्रताप सिंह, नीति कुमार, प्राची मिश्रा, पवन कुमार, राजेश कुमार बग्गा व रंजन सिंह की नियुक्ति की स्वीकृति मिली। सभी की नियुक्ति योगदान की तिथि से मानी जायेगी।

## एक साथ 20 तस्वीरें बनाकर छात्र ने सीएम का दिल जीता



### सीएम ने विश्व रिकॉर्ड के लिए नाम भेजने का दिया निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची के ऑड्रे हाउस में चल रही दो दिनी बाल कला प्रदर्शनी में हजारीबाग से आये एक छात्र ने एक साथ 20 तस्वीरें बनाकर सबका धयान अपनी ओर खींच लिया। सीएम हेमंत सोरेन ने छात्र के नाम को विश्व रिकॉर्ड के लिए भेजने का निर्देश दिया है। स्कूली शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित बाल कलाकार प्रदर्शनी में एक से बढ़कर एक बाल कलाकार पहुंचे हैं। कोई राष्ट्रगान के रचयिता रवींद्र नाथ टैगोर की तस्वीर बनाता दिख रहा है तो कोई राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की तस्वीर बना रहा है। प्रदर्शनी का उदघाटन में हजारीबाग के मंडई खुर्द गांव निवासी प्रीत राज का हुनर देखकर



सीएम भी मंत्रमुग्ध हो गये। प्रीत राज ने बताया कि मुझे बचपन से ही पेंटिंग का शौक था, लेकिन अपनी पेंटिंग प्रदर्शित करने का अच्छा अवसर नहीं मिल रहा था। मुझे उम्मीद है कि आने वाले समय में अच्छा अवसर मिलेगा और मैं अपनी कला की प्रदर्शनी राज्य स्तर पर आयोजित कर सकूंगा।

## खाद्य सुरक्षा 21वीं सदी की भी चुनौती है : मोदी

### खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में 50 हजार करोड़ का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने खाद्य सुरक्षा को 21वीं सदी की चुनौती बताते हुए शुक्रवार को कहा कि सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों से पिछले नौ साल में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के क्षेत्र में 50 हजार करोड़ रुपए का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आया है। पीएम मोदी ने वर्ल्ड फूड इंडिया 2023 का उद्घाटन करते हुए कहा कि सरकार की खाद्य प्रसंस्करण और किसान संबंधी नीतियों के कारण इस क्षेत्र में विदेशी निवेश आया है। सरकार ने इस क्षेत्र में उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना को भी लागू किया है। उन्होंने कहा कि मत्स्यपालन और पशुपालन के क्षेत्र में भी दस हजार करोड़ रुपए के निवेश को बढ़ावा दिया जा रहा है। पीएम ने कहा, भारत में सांस्कृतिक विविधता के साथ खाद्य विविधता भी है । भारत के प्रति विश्व की जिज्ञासा बढ़ी है। हमारे लिए पूरी दुनिया बाजार है।

**अब सेब, मशरुम और शहद का भी निर्यात :** पीएम ने कहा कि पिछले नौ साल में प्रसंस्कृत खाद्य का निर्यात 150 प्रतिशत बढ़ा है। कुछ उत्पादों का देश से पहली बार निर्यात हो रहा है जिनमें सोया मिल्क , केला , सेब, मशरुम और शहद आदि शामिल हैं।

(शेष पेज 11 पर)

### तेज भूकंप से दहले भारत के कई राज्य

दिल्ली में तीव्रता 6.4, झारखंड, बिहार यूपी में भी झटके, लोगों में दहशत

**नयी दिल्ली।** एक बार फिर से तेज भूकंप की वजह से धरती कांप उठी है। राजधानी दिल्ली के अलावा देश के कई हिस्सों में शुक्रवार देर रात करीब साढ़े ग्यारह बजे तेज झटके महसूस किये गये। दिल्ली के साथ यूपी, बिहार और झारखंड के कई इलाकों में भी भूकंप के झटके लगे। राजधानी दिल्ली में भूकंप की तीव्रता 6.4 बतायी जा रही है। झटके इतनी तेज थे कि लोग अपने घरों से बाहर निकलकर भागने लगे। अभी तक कहीं से किसी प्रकार के जान–ओ–माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। भूकंप का केंद्र नेपाल में 10 किलोमीटर की गहरायी में था। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक देर रात 11.32 बजे आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.4 मापी गयी। यह काफी डरावनी स्थिति है। दिल्ली, पटना,रांची और लखनऊ समेत तमाम इलाकों के लोग अपने घरों से बाहर निकल गये। भूकंप के झटकों से भय का माहौल फैल गया। लोगों ने बताया कि वह सोने की तैयारी कर रहे थे, तभी अचानक से पंखा हिलने लगा। वह बाहर की ओर भागे। लोगों ने काफी देर तक भूकंप महसूस किया। इससे पहले अक्टूबर में भूकंप के के झटके आये थे।

## जमीन घोटाले की जांच करने जेल पहुंची इडी टीम

### बिरसा मुंडा कारा में छापे की भनक जेलकर्मी को भी नहीं थी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की टीम ने शुक्रवार की देर शाम छापेमारी की। छापेमारी की की भनक जेल प्रशासन को भी नहीं थी। इडी के अधिकारियों ने ये छापा जमीन से जुड़े बंदियों के वार्ड में की। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक इडी को सूचना मिली थी कि इडी के द्वारा गिरफ्तार किए गये अमित अग्रवाल और प्रेम प्रकाश के द्वारा जेल में रहते हुए बाहर के लोगों से संपर्क में हैं। इडी को यह भी सूचना मिली कि जेल के अंदर से ही जमीन घोटाले से संबंधित गवाहों को फोन कर धमकी दी जा रही है। उन्हें प्रभावित किया जा रहा है, सबूत नष्ट किये जा रहे हैं। इसी सूचना के बाद इडी की टीम ने जेल में छापेमारी की। उल्लेखनीय है कि आठ जून को रांची के बहुचर्चित जमीन घोटाले में इडी की टीम ने कारोबारी अमित अग्रवाल और दिलीप घोष को गिरफ्तार किया था। इसके पूर्व लैंड स्कैम मामले में इडी ने रांची के पूर्व डीसी आईएएस छवि रंजन समेत आठ लोगों को गिरफ्तार किया था। इन सभी पर सेना के कब्जे वाली साढ़े चार एकड़ जमीन के फर्जी दस्तावेज के आधार पर खरीद-फरोख्त में शामिल रहने का आरोप है। फर्जी कागजात के आधार पर प्रदीप बागची नामक शख्स ने कोलाकाता के जगतबंधु टी इस्टेट के मालिक दिलीप घोष को यह जमीन बेची थी।

(शेष पेज 11 पर)

### इनकी हुई है गिरफ्तारी

इडी ने इस घोटाले में अब रांची के बड़ागाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, सेना के कब्जे वाली जमीन के फर्जी रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान और मोहम्मद सद्दाम को गिरफ्तार किया था। इस मामले में अभी जांच जारी है।

## नगड़ी में ढाबा मालिक की गोली मार कर हत्या



**रांची।** राजधानी के नगड़ी इलाके में अपराधियों ने शुक्रवार की शाम शमसुल होदा (45) नामक एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। शमसुल होदा नगड़ी इलाके में अनस नाम का ढाबा चलाता था। तीन की संख्या में अपराधियों ने ढाबे के अंदर ही उन्हें गोली मारी। मौक पर ही ढावा संचालक ने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने पहुंच कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार शमसुल होदा हर दिन की तरह नगड़ी स्थित अपने ढाबे में बैठ कर कामकाज निपटा रहे थे। इसी दौरान अचानक तीन की संख्या में अपराधी ढाबे के अंदर पहुंचे और निशाना बना कर होदा पर फायरिंग कर दी। फायरिंग के बीच शमसुल होदा ने भागने की कोशिश की लेकिन अपराधियों ने खदेड़ कर गोली मार दी। गोली मारने के बाद तीनों अपराधी बाइक पर से ही फरार हो गये। होदा तीन गोली मारी है।लोगों के अनुसार हमलावर पहले से शमसुल होदा को पहचानते थे।

**जांच में जुटी पुलिस :** रांची के ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो ने कहा कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही हत्याकांड के कारणों का पता चल जायेगा और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 57,900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 75,000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




शाहजहां ने नहीं, मान सिंह ने बनवाया था ताजमहल, याचिका दायर

# हाइकोर्ट ने कहा, दावे पर एएसआइ करे विचार

### गलत तथ्य हटाने की मांग

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** दुनिया के 7 आश्चर्यों में से एक ताजमहल को शाहजहां नहीं बल्कि हिंदू राजा मान सिंह ने बनवाया था। हिंदू सेना की ओर से किये गये दावे को लेकर दिल्ली हाइकोर्ट ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग (एएसआइ) से कहा है कि वह इस पर विचार करे। दरअसल हिंदू सेना ने यह कहते हुए एक याचिका दायर की है और कहा है कि इतिहास को सही किया जाये क्योंकि ताजमहल का निर्माण शाहजहां ने नहीं बल्कि हिंदू राजा मान सिंह ने कराया था। शाहजहां ने बाद में इसका पुनरुद्धार जरूर कराया था। ऐसे में इतिहास से गलत तथ्य को हटाया जाये। चीफ जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा और जस्टिस तुषार राव गेडेला ने एएसआइ को विचार करने की सलाह देते हुए जनहित याचिका का निपटारा कर दिया।



श्री यादव ने अदालत से मांग की कि वह केंद्र सरकार, एएसआइ और नेशनल आर्काइव ऑफ इंडिया और यूपी सरकार को आदेश दे कि वह इतिहास से गलत तथ्य को हटाये। इसके साथ ही एएसआइ को भी यह स्टडी करने के लिए आदेश की मांग की कि ताजमहल का उम्र कितनी है। इसके अलावा राजा मान सिंह के महल के बारे में भी पता लगाये।

(शेष पेज 11 पर)

### सुप्रीम कोर्ट ने भी एएसआइ के पास जाने को कहा था

बेंच ने कहा कि याचिकाकर्ताओं ने इससे पहले सुप्रीम कोर्ट में इन्हीं मांगों के साथ अर्जी दाखिल की थी। शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ता से कहा था कि वे एएसआइ के पास जायें। इस पर जब एएसआइ ने कोई फैसला नहीं लिया तो हिंदू सेना ने हाइकोर्ट का रुख किया। अब इसी को लेकर हाइकोर्ट की बेंच ने एएसआइ से कहा है कि वह ज्ञापन पर विचार करे। यह अर्जी सुरजीत सिंह यादव ने दाखिल की थी, जो खुद को हिंदू सेना का अध्यक्ष बताते हैं। उन्होंने दावा किया कि ताजमहल का निर्माण तो हिंदू राजा मान सिंह ने ही बनवाया था। शाहजहां ने बाद में इसका पुनरुद्धार जरूर कराया था।

## राहत ! थोक मंडी में 15 रु तक गिरा प्याज का भाव

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** महंगाई से जूझ रहे लोगों के लिए एक राहत भरी खबर है। प्याज की बढ़ती कीमतों पर काबू पाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा उठाये गये कदमों का असर होने लगा है। झारखंड की सबसे बड़ी मंडी पंडरा बाजार समिति में शुक्रवार को प्याज के थोक दाम में 12 से 15 रुपये प्रति किलो की गिरावट आयी। इसके बाद 35 रुपये प्रति किलो की दर से प्याज की बिक्री हुई। थोक कीमत में कमी के बाद इसका असर जल्द ही खुदरा सब्जी बाजार में भी देखने को मिलने लगेगा। प्याज की खुदरा बाजार कीमत में 10-15 रुपये

### खुदरा बाजार में भी अब शीघ्र सस्ता होने की उम्मीद

प्रति किलो की कमी आने की संभावना है। झारखंड आलू प्याज थोक विक्रेता संघ के अध्यक्ष मदन प्रसाद के मुताबिक भारत सरकार ने प्याज निर्यात की नीति में बदलाव किया है। वहीं, भारत सरकार की दो संस्थाएं नैफेड और एनसीसीएफ ने हर बाजार में पर्याप्त मात्रा में प्याज का आयात किया है। इसके कारण बाजार समिति में थोक में प्याज शुक्रवार को 35 रुपये प्रति किलो तक आ गया।

(शेष पेज 11 पर)

खबर एक नजर में

## सेल के चेयरमैन अमरेंदु प्रकाश सीएम से मिले



रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शुक्रवार को स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया (सेल) के चेयरमैन अमरेंदु प्रकाश ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि रांची में आयोजित वीमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के मैच देखने का मौका मिला। उन्होंने इस चैंपियनशिप के शानदार और सफल आयोजन के लिए मुख्यमंत्री की सराहना की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के द्वारा इस तरह के खेल आयोजन करने से यहां के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने और आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल भी मौजूद थीं।

## ट्रिपल आइटी के निदेशक डॉ विष्णु सीएम से मिले



रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शुक्रवार को झारखंड मंत्रालय में भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान रांची के निदेशक डॉ विष्णु प्रिये ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

## सीएम से मिले आरयू के कुलपति डॉ अजीत सिन्हा



रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शुक्रवार को झारखंड मंत्रालय में रांची विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री को उन्होंने रांची विश्वविद्यालय के डिपार्टमेंट ऑफ जियोग्राफी द्वारा 4 और 5 नवंबर 2023 को आयोजित होने वाले 24वें वार्षिक सम्मेलन एवं राष्ट्रीय सेमिनार में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया।

## सुबोध बने संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी

रांची। झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी व सरायकेला खरसावां के अपर समाहर्ता सुबोध कुमार को स्थानांतरित करते हुए उन्हें संयुक्त सचिव सह संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग में पदस्थापित किया है। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दिया है। उनके पदस्थापन संबंधित केंद्र सरकार ने झारखंड को निर्देश दिया था।

## सिंगराय टूटी को मिला अतिरिक्त प्रभार

रांची। राज्य सरकार ने झारखंड स्टेट रूरल रोड डेवलपमेंट अथॉरिटी के चीफ इंजीनियर सिंगराय टूटी को ग्रामीण कार्य विभाग का अभियंता प्रमुख का अतिरिक्त प्रभार दिया है। इस संबंध में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अनुमोदन से ग्रामीण कार्य विभाग में अधिसूचना जारी कर दी है। मुरारी भगत की सेवा वापसी के बाद से ग्रामीण कार्य विभाग में अभियंता प्रमुख का पद विगत डेढ़ माह से रिक्त था। ऐसे में विभाग के टेंडर को फाइनल करने में परेशानी हो रही थी। अब ग्रामीण कार्य विभाग में टेंडर निष्पादन में तेजी आएगी हालांकि सिंगराय टूटी भी इसी माह नवंबर को रिटायर होने वाले हैं। ऐसे में यह पद फिर से खाली होगा और नए सिरे से अभियंता की पोस्टिंग होगी।

## डब्ल्यूसीएल के नये सीएमडी होंगे जय प्रकाश द्विवेदी



रांची। कोल इंडिया की सहायक कंपनी डब्ल्यूसीएल के नये सीएमडी जय प्रकाश द्विवेदी होंगे। लोक उद्यम चयन बोर्ड ने इस पद के लिए 3 नवंबर को उनके नाम की अनुशंसा कर दी है। वह वर्तमान में वे डब्ल्यूसीएल में ही निदेशक तकनीक (ओ) के पर पर कार्यरत हैं। इस पद के लिए बोर्ड ने इंटरव्यू लिया। इसमें कोल इंडिया और उसकी सहायक कंपनी सहित अन्य संस्थाओं के 9 अधिकारियों ने भाग लिया। इंटरव्यू के बाद जय प्रकाश द्विवेदी के नाम की अनुशंसा की गई। कोयला मंत्रालय और कोल इंडिया से आदेश जारी होने के बाद वह पद संभालेंगे। वे वर्तमान सीएमडी मनोज कुमार की जगह लेंगे।

## बीआरपी सीआरपी को निराशा लगी हाथ

रांची। पिछले 11 माह से बीआरपी सीआरपी प्रतीक्षारत है कि उनकी सेवाशर्त नियमावली सरकार कैबिनेट से पास करवा कर बुनियादी सुविधा एवं मानदेय वृद्धि कर पायेगी, लेकिन, 11 माह से वे सभी टक-टकी लगाये हुये हैं और शुक्रवार की हुई कैबिनेट की बैठक में भी बीआरपी सीआरपी के हित के लिये नियमावली नहीं लाई जा सकी। कृष्णा प्रसाद ने कहा कि सरकार के इस उपेक्षापूर्ण रवैया एवं दोहरी नीति से बीआरपी सीआरपी में गहरा असंतोष है। आर्थिक संकट तो झेल ही रहे हैं और मानसिक रूप से भी तनावग्रस्त हैं। बीआरपी सीआरपी तक तो ठीक था अब उनके परिवार भी नियमावली एवं मानदेय वृद्धि की बाट जोहते-जोहते अपना मानसिक संतुलन खो रहें हैं।

## बाबूलाल के प्लेन को छत्तीसगढ़ में उतरने की नहीं मिली स्वीकृति

रांची। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के प्लेन को शुक्रवार को छत्तीसगढ़ में उतरने की स्वीकृति नहीं दी गयी। इससे विवाद पैदा हो गया है। झारखंड भाजपा ने कहा है कि 2 से 7 नवंबर तक विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों के चुनाव प्रचार के लिए श्री मरांडी छत्तीसगढ़ में हैं। शुक्रवार को महासमंद जिला के बसना विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी संपत अग्रवाल के पक्ष में पिथोरा और बिंदनपागढ़ में जनसभा को संबोधित करना था लेकिन कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार ने जनसभा को बाधित कराते हुये श्री मरांडी के प्लेन को निर्धारित स्थल पर उतरने की स्वीकृति प्रदान नही की। श्री मरांडी ने कहा कि अपनी हार को देखते हुए भूपेश बघेल सरकार भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में चल रहे प्रचार अभियान को असफल करने की हरसंभव कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि जनता इसका जवाब ईवीएम के माध्यम से देगी।

### नगर निकाय चुनाव मामले में हाइकोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा

# कब होगी कमीशन के चेयरमैन की नियुक्ति नहीं तो कार्मिक सचिव सशरीर उपस्थित हों

**ओबीसी आरक्षण को लेकर डेडीकेटेड कमीशन का किया गया है गठन, लेकिन चेयरमैन की नियुक्ति नहीं**



खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। राज्य में बीते कई महीनों से लंबित नगर निकाय चुनाव जल्द कराने की मांग को लेकर झारखंड हाईकोर्ट में दायर रिट याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार पर कड़ी नाराजगी जताते हुए पूछा कि ओबीसी को रिजर्वेशन दिए जाने को लेकर गठित डेडीकेटेड कमीशन के अध्यक्ष की नियुक्ति आखिर कब तक होगी? शपथ पत्र के माध्यम से बताएं कि यह नियुक्ति कब तक कर ली जाएगी, अन्यथा कार्मिक सचिव को कोर्ट में सशरीर उपस्थित होना होगा। इससे पूर्व प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि राज्य में नगर निकायों का चुनाव अब तक लंबित है। निकायों में प्रशासक की नियुक्ति कर काम चलाया जा रहा है। ऐसे में याचिका में मांग की गई है कि जब तक नगर निकायों का चुनाव पूरा नहीं होता है तब तक वैकल्पिक व्यवस्था के तहत प्रशासक की बजाय निकाय प्रतिनिधियों को अधिकार दिया जाना चाहिए।

ओबीसी के आरक्षण को लेकर डेडीकेटेड कमीशन का गठन तो कर लिया गया है लेकिन इसके चेयरमैन की नियुक्ति नहीं की गई है। इस पर कोर्ट ने अपनी मौखिक टिप्पणी में कहा कि नगर निकाय के निर्वाचित प्रतिनिधियों का टर्म पूरा होने के बाद भी करीब 6 माह बीत चुके हैं लेकिन अब तक सरकार ने डेडीकेटेड कमीशन के चेयरमैन की नियुक्ति नहीं की है। जबकि कमीशन को ओबीसी का डाटा का अध्ययन कर उनके लिए आरक्षित सीटों पर निर्णय लेना है।

सरकार की ओर से कहा गया की 6 माह में राज्य में नगर निकायों का चुनाव कर लिया जाएगा। जिस पर कोर्ट ने सरकार को शपथ पत्र के माध्यम से इस बात को कोर्ट के समक्ष अगली सुनवाई के पूर्व बताने का निर्देश दिया कि डेडीकेटेड कमीशन के अध्यक्ष की नियुक्ति कब होगी। मामले की अगली सुनवाई 8 नवंबर को होगी। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की कोर्ट में मामले की सुनवाई हुई।

बता दें कि प्रार्थी ने रांची नगर निगम में प्रशासक नियुक्त करने के आदेश को भी चुनौती दी है।

**क्या है मामला** : पूर्व पार्षद रोशनी खलखो सहित अन्य की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर कहा गया है कि राज्य में जल्द निकायों का चुनाव कराया जाए। जब तक चुनाव नहीं होता है तब तक वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में वर्तमान पार्षद को तदर्थ रूप में दायित्व का निर्वहन करने का आदेश दिया जाए। बता दें कि राज्य सरकार के द्वारा राज्य के 34 निकाय परिषद के निर्वाचित प्रतिनिधियों का कार्यकाल समाप्त कर सभी शक्तियां और कार्य प्रशासन को सौंपने का निर्णय लिया गया है। अब निकायों में पदस्थापित नगर आयुक्त, अपर नगर आयुक्त या कार्यालय पदाधिकारी अगले आदेश तक प्रशासक के रूप में कार्य करेंगे। अगर उन्हें आवश्यकता होगी तो वह नगर विकास एवं आवास विभाग से परामर्श लेंगे। 27 अप्रैल तक राज्य में निकाय चुनाव पूरा हो जाना चाहिए था, लेकिन चुनाव संपन्न नहीं हो सका है।

### लुगू पहाड़ पंप स्टोरेज प्रोजेक्ट के विरोध में कल विशाल जन आक्रोश रैली और प्रदर्शन

# केंद्र और डीवीसी प्रबंधन से प्रस्तावित हाइडल पवार प्रोजेक्ट को रद्द करने की कर रहे मांग

खबर मन्त्र संवाददाता




रांची। धार्मिक स्थल लुगू बुरू घांटाबाड़ी घोरोम गाढ़ ललपनिया, गोमिया, बोकारो में दामोदर घाटी निगम के द्वारा प्रस्तावित 1500 मेगावट, लुगू पहाड़ पम्प स्टोरेज प्रोजेक्ट के विरोध में 5 नवम्बर को विशाल जना आक्रोश रैली एवं प्रदर्शन किया जाएगा। यह जानकारी संथाल समाज दिशोम मांझी परगना के महासचिव सोनाराम हेम्ब्रोम ने शुक्रवार को पत्रकारों से बात-चीत के दौरान दी। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थल लुगू बुरू घांटाबाड़ी धोरोमगाढ़ ललपनिया, गोमिया, बोकारो सदियों से संथाल जनजातियों का धार्मिक स्थल रहा है। पहाड़ के चोटी में लुगू बाबा का गर्भ गृह गुफा है। यहां 12 महीने भक्तगण आते हैं, पूजा अर्चना करते हैं और सिद्धी प्राप्त करते हैं। प्रत्येक वर्ष कार्तिक पूर्णिमा में दो दिवसीय संथालों का महाकुम्भ मेला लगता है। पूरे भारत वर्ष से लाखों की संख्या में संथाल समाज के लोग जुटते हैं और दर्शन करते हैं। ऐसी मान्यता है कि संथालों का विधि विधान, रीति-रिवाज, जन्म से मृत्यू तक संस्कार, रूढ़ी-वादी व्यवास्था इसी लुगू बुरू धीरी चट्टानी में तय हुआ था।

झारखण्ड सरकार ने कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर राजकीय समारोह भी घोषित किया गया है। डी.वी.सी. प्रबंधन एवं भारत सरकार से माँग है कि आदिवासियों के धार्मिक स्थल पर प्रस्तावित हाईडल पवार प्रोजेक्ट को रद्द करें। हाईडल पावर प्रोजेक्ट के विरोध में एवं लुगू बुरू घांटाबाडी धोरोम गाढ़ पहाड़ को बचाने के लिए विभिन्न धार्मिक संगठन, जन संगठन एवं सामाजिक संगठन लुगू बुरू घांटाबाडी धोरोम गाढ़ टी.टी.पी.एस. ललपनिया, बोकारो के बैनरताले 5 नवम्बर को जन आक्रोश रैली एवं प्रदर्शन किया जाएगा।

## कांग्रेस अनुशासन समिति ने चतरा के गोबिंद सिंह एवं कोडरमा के संतोष कुमार यादव को जारी किया नोटिस

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। झारखंड प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति की एक बैठक शुक्रवार को कांग्रेस भवन, रांची में अध्यक्ष ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य रूप से समिति के सदस्य अनादि ब्रह्म, केशव महतो कमलेश एवं संयोजक अमुल्य नीरज खलखो उपस्थित थे। बैठक में कहा गया कि किसी भी पार्टी के लिए संगठन में अनुशासन सर्वोपरि होता है। इसी के तहत पिछले दिनों चतरा और कोडरमा जिला अध्यक्ष के द्वारा अनुशासन समिति को प्राप्त प्रतिवेदन पर सुनवाई करते हुए समिति ने चतरा जिला के गोबिंद सिंह (प्रदेश प्रतिनिधि) और कोडरमा जिला के संतोष कुमार यादव को कार्यक्रमों में गतिरोध पैदा करने और पार्टी विरोधी कार्यों में लिप्त रहने के कारण उन्हें समिति ने कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए 15 दिनों के अंदर अपना स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया है। उक्त अवधि में अगर उनका स्पष्टीकरण समिति को प्राप्त नहीं होता है तो समिति उनपर पार्टी नियमानुसार कार्रवाई करेगी।

# धनबाद बनता जा रहा है क्राइम कैपिटल : भाजपा

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने विधि व्यवस्था के मुद्दे पर हेमंत सरकार पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि झारखंड की पूरी विधि व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में नक्सलियों का टांडव मचा हुआ है और शहरी क्षेत्र में संगठित अपराध सर चढ़कर बोल रहा है। उन्होंने कहा कि जिस सिस्टम का काम आम लोगों और व्यवसाईयों की रक्षा करना था, वह अब अवैध खनन के व्यापार को संरक्षण देकर बढ़ाने में लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि झारखंड में मौजूदा राज्य सरकार में हत्या, बलात्कार और किडनैपिंग के कुल पांच मामले रोज होते हैं, जो राज्य बनने के बाद कभी नहीं हुआ था। उन्होंने कहा कि धनबाद झारखंड का क्राइम कैपिटल बनता जा रहा है। पुलिस इक्का-दुक्का अपराधियों की गिरफ्तारी करके अपनी पीठ थपथपा लेती है। अब तो उच्च न्यायालय ने भी इस मामले में संज्ञान लिया और एसएसपी को पार्टी बनाते हुए रिपोर्ट तलब किया है। उन्होंने राज्य सरकार से जानना चाहा कि धनबाद की ध्वस्त होती विधि व्यवस्था के बावजूद आखिर क्या वजह है कि एक डीआइजी स्तर के अधिकारी को धनबाद का एसएसपी बनाकर लंबे समय से रखा हुआ है। श्री शाहदेव ने राज्य सरकार से मांग की कि वह धनबाद के पुलिस महकमे में बड़ा बदलाव करे और युवा और तेज तर्रार अधिकारियों की पोस्टिंग करें ताकि विधि व्यवस्था की स्थिति सुधर सके। आम लोगों के बीच में अपराधियों का खौफ को भी समाप्त करने की आवश्यकता है।

### भाजपा सांसद ने कहा- पीएम खूंटी में जनसभा को भी करेंगे संबोधित

# जनजातीय गौरव दिवस पर बिरसा मुंडा को नमन करने उलिहातु आयेंगे प्रधानमंत्री : आदित्य साहू

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। भाजपा के प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू ने कहा है कि आगामी 15 नवंबर को पीएम नमो भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू आयेंगे। श्री साहू शुक्रवार को खूंटी में आयोजित तैयारी बैठक के बाद बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड की धरती के लिए जनजातीय गौरव दिन 15 नवंबर ऐतिहासिक होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भगवान बिरसा की जन्मस्थली उलिहातु में 10 बजे पूर्वाह्न उन्हे नमन करते हुये श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। बैठक में पद्म भूषण कड़िया मुंडा, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, सुबोध सिंह गुड्डू, योगेंद्र प्रताप सिंह, बबन गुप्ता, केके गुप्ता, सुरेंद्र महतो सहित खूंटी, सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर महानगर, चाईबासा, सरायकेला खरसावां जिला के जिलाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी शामिल हुये। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के झारखंड आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है। प्रधानमंत्री ने 15 नवंबर भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस घोषित कर झारखंड का सम्मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि जनजाति समाज का स्वाभिमान और सम्मान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता से प्रधानमंत्री का विशेष लगाव है। जनता का प्रेम उन्हे बार बार झारखंड खींच लाता है।अपने मन की बात कार्यक्रम में भी प्रधानमंत्री बार बार झारखंड को जगह देते हैं। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई जी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार ने ही भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर अलग राज्य का सपना साकार किया था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी खूंटी में विशाल जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

### कृषि मंत्री बादल ने प्रगति मैदान में वर्ल्ड फूड इंडिया के झारखंड पैवेलियन का किया उद्घाटन

# इंडस्ट्री एग्री समन्वय के तहत झारखंड में युवाओं को दी जा रहीं सुविधाएं : कृषि मंत्री

खबर मन्त्र संवाददाता



नई दिल्ली/रांची। एक तरफ जहां वर्ल्ड फूड इंडिया के दूसरे संस्करण कि शुरूआत आज प्रधानमंत्री नारेंद्र मोदी ने की, वहीं दूसरी ओर झारखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए राज्य के कृषि पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री बादल ने झारखंड पवेलियन का विधिवत उद्घाटन किया। गौरतलब हो कि भारत सरकार के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय ने वर्ष 2017 में वर्ल्ड फूड इंडिया का पहला संस्करण लांच किया था। इस मौके पर कृषि मंत्री ने कहा कि यह एक अच्छा प्लेटफार्म है, जहां पर झारखंड सहित पूरे देश की खाद्य सामग्रियों को एक साथ उद्यमियों को देखने का अवसर मिलता है। इंडस्ट्री एग्री समन्वय के तहत युवाओं को सारी फैसिलिटी दी जा रही है, कोई यदि अपना यूनिट झारखंड में लगाना चाह रहे हैं तो उसके लिए झारखंड सरकार उन्हें मदद करेगी। कृषि के क्षेत्र में सरकार की योजनाओं की जानकारी के लिए यह स्टॉल नेशनल लेवल पर लगा हुआ है। उन्होंने बताया कि आईआईएम से पढ़े युवाओं ने भी अपना स्टॉल लगाया है। श्री बादल ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का प्रयास है कि छोटे-छोटे उद्यमी राष्ट्रीय और विश्व स्तर पर पहचान बनाएं, इसमें प्रगति मैदान में लगाया गया यह स्टॉल मिल का पत्थर साबित होगा।

बादल ने कहा कि झारखंड में एक अनुकूल और जीवंत निवेश पारिस्थितिकी तंत्र है। मंत्री ने यह भी बताया कि झारखंड निवेशकों को हर संभव तरीके से सुविधा देने के लिए प्रतिबद्ध है और संभावित निवेशकों से झारखंड में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में निवेश करने की अपील करता है।

**राज्य के लोगों के लिए एक बेहतर अवसर : स्थानिक आयुक्त**

झारखंड के स्थानिक आयुक्त मस्तराम मीणा ने कहा कि यह राज्य के लोगों के लिए बेहतर अवसर है, जहां हम आकर झारखंड की खाद्य प्रसंस्करण सामग्री को विश्व स्तर पर रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि यहां 12 स्टाल लगे हैं, जिसमें काजू, दूध, मिलेट, मधु, चावल, चिल्ली, टोमेटो केचप, पेड़ा, माइनर फॉरेस्ट एवं पलाश से संबंधित कई स्टाल हैं।

**आज नॉलेज सेशन : जितेंद्र कुमार सिंह**

उद्योग विभाग के सचिव जितेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि 4 नवंबर को नॉलेज सेशन रखा गया है, जिसके माध्यम से माइनर फॉरेस्ट प्रोड्यूस जैसे महुआ, चिरौंदी सहित कई सामग्रियों को प्रक्रिया करना और इसे बढ़ावा देने पर विशेष चर्चा होगी। इसमें झारखंड से कई पैनलिस्ट दिल्ली में आकर प्रगति मैदान में एक सकारात्मक चर्चा करने वाले हैं, जिससे राज्य के लोगों को फायदा होगा।

**विश्व को भारतीय खाद्य संस्कृति से परिचित कराने का मंच : भोर सिंह यादव**

उद्योग निदेशक भोर सिंह यादव ने कहा कि 5 नवंबर तक यह स्टॉल रहेगा। जहां ज्यादा से ज्यादा लोग आकर झारखंड सहित देश के विभिन्न कोने से आए खाद्य प्रसंस्करण को देखने का काम करें। झारखंड से जेएसएलपीएस, फॉरेस्ट और एग्रीकल्चर के कई स्टाल लगाए गए हैं, उन्होंने कहा कि विश्व को समृद्ध भारत खाद्य संस्कृति से परिचित कराने के साथ-साथ देश को खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में आगे पहचान बढ़ाने और निवेश के लिए यह एक उचित प्लेटफार्म है। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिडको की प्रबंध निदेशक माधवी मिश्रा भी उपस्थित थीं।

## सुशील कुमार सौरव को रांची रेल मंडल से जल्द हटाये केंद्र सरकार : राकेश सिन्हा

**झारखंड कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राकेश सिन्हा ने रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव को लिखा पत्र**



खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राकेश सिन्हा ने रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिख कर रांची रेल मंडल में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) के पद पर पदस्थापित किये गए सुशील कुमार सौरव को रांची रेल मंडल से हटाने की मांग की है। वहीं उनके कार्यकाल में हुए रेल हादसों की उच्च स्तरीय जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है। सुशील कुमार सौरव पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए राकेश सिन्हा ने कहा कि ये वही पदाधिकारी हैं जिनके कार्यकाल में ही 3 अप्रैल 2021 फलकनुमा एक्सप्रेस बेपटरी हुई और तीन ट्रैकमैन जख्मी हुए थे। 23 फरवरी 2023 को ट्रेन संख्या-38909 माजौ रेलवे होल्ट के पास बेपटरी हुई, जिसमें तीन लोग जख्मी हो गए थे। वहीं 19 मार्च 2023 को ट्रेन संख्या 38908 हादसा और इससे भी बड़ा हादसा ओडिशा के बालासोर में हुआ, जिसमें सैकड़ों लोगों की जान चली गयी। राकेश सिन्हा ने अपने पत्र में कहा है कि आज तक उपरोक्त रेल हादसों की जांच ठंडे बस्ते में पड़ा है, जबकि सारी दुघर्टनाएं सुशील कुमार सौरव के कार्य क्षेत्र में उनके कार्यकाल में ही हुआ था। उन्होने कहा है कि इतने लापरवाह अधिकारी को रांची मंडल में स्थानांतरित करना इस बात की ओर इशारा करता है कि रांची मंडल में भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। उन्होंने अपने लिखे पत्र में पूरे मामले की जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। वहीं अपने पत्र के माध्यम से कांग्रेसी नेता ने अधिकारी को रांची मंडल से हटाने की मांग की है।

## अक्टूबर में कोल इंडिया की 15.36 प्रतिशत वृद्धि

रांची। कोयला मंत्रालय ने अक्टूबर, 2023 के दौरान उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हासिल की है। यह 78.65 मिलियन टन (एमटी) तक पहुंच गया। यह पिछले वर्ष के इसी महीने के 66.32 मीट्रिक टन के आंकड़े को पार कर गया है। इसमें 18.59 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) का उत्पादन पिछले वर्ष अक्टूबर, 2022 के 52.94 मिलियन टन की तुलना में इस वर्ष अक्टूबर में 15.36 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 61.07 मिलियन टन हो गया। संचयी कोयला उत्पादन (अक्टूबर, 2023 तक) 13.05 प्रतिशत की वृद्धि हासिल कर वित्त वर्ष 23-24 में 507.02 मिलियन टन तक उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। वित्त वर्ष 22-23 की समान अवधि के दौरान यह 448.49 मिलियन टन था। इसके अतिरिक्त अक्टूबर, 2023 में कोयला प्रेषण में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई, जो प्रभावशाली 79.30 मिलियन टन तक पहुंच गया। यह अक्टूबर, 2022 में दर्ज 67.13 मिलियन टन की तुलना में 18.14 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ उल्लेखनीय प्रगति दर्शाता है।

# पहले अपराधियों ने की बातचीत, फिर ढाबा संचालक को मारी पांच गोलियां

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मृतक ढाबा संचालक शमसुल होदा अपने ढाबा में बैठकर बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान बाइक पर तीन अपराधी ढाबा में पहुंचे। पहले ढाबा संचालक शमसुल होदा से बैठकर बातचीत की। फिर विवाद होने के बाद पांच गोली मार दी। घटना शुक्रवार की शाम करीब पांच बजे की हैं। बाइक पर सवार तीनों अपराधी घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। गोलीबारी की घटना के बाद ढाबा में अफरा तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलने के बाद नगड़ी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने खोखा जब्त किया है। इधर, एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने कहा कि सीसीटीवी कैमरे में अपराधियों का चेहरा कैद हुआ है, उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

इधर राजधानी में ढाबा संचालक की हुई हत्या पर भाजपा ने कड़ी निंदा की है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि धनबाद तो क्राइम कैपिटल बन चुका है अब राजधानी रांची को भी इसी ट्रैक पर ले जाया जा रहा है। राजधानी में व्यवसायियों को निशाना बनाया जा रहा है। कहा कि राजधानी पुलिस का खुफिया तंत्र फेल हो चुका है जबकि, यहां लगातार नयी गाड़ियां, टाइगर मोबाईल के जरिये पेट्रोलिंग भी हो रही है बावजूद अपराधी लोगों को निशाना बना रहे हैं।

## जमीन कारोबारी पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपियों की जमानत अर्जी खारिज

**रांची।** कांके थाना क्षेत्र के कांके प्रखंड के निकट 14 सिंतबर को जमीन कारोबारी अवधेश यादव पर जानलेवा हमले के आरोप में जेल में बंद आरोपी तौहीद अंसारी, सरफराज आलम, नवाज अख्तर एवं मिंहाजुद्दीन अली की जमानत अर्जी अदालत ने खारिज कर दी है। शुक्रवार को चारों की ओर से दाखिल जमानत अर्जी पर प्रभारी सीजेएम कृष्ण कुमार मिश्रा की अदालत में हुई। सुनवाई प?ात अदालत ने चारों को जमानत देने से इनकार किया। आरोपियों की ओर से उनके वकील ने जमानत की गुहार लगाते हुये दो नवंबर को अर्जी दाखिल की थी। आरोपियों की जमानत अर्जी खारिज होने के बाद सभी की मुश्किलें बढ़ गई है। चारों आरोपी बीते 18 सितंबर से जेल में है। जानकारी हो कि जानलेवा हमला को लेकर कांके थाना में कांड संख्या 240/23 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## एसएसपी ने सात थानेदारों को बदला

**रांची।** एसएसपी रांची ने सात थाना प्रभारियों का तबादला किया है। आनंद किशोर को डोरंडा का थाना प्रभारी, लक्ष्मीकांत को सदर थाना प्रभारी, रविंद्र नाथ सिंह को अंचल निरीक्षक सोनाहातू, सुरेश कुमार मंडल को बरियातू, सब इंस्पेक्टर लालजी सिल्ली, सुकुमार हेंब्रम पुलिस केंद्र रांची, सूर्यकांत कुमार लापुंग, अमित कुमार को तमाड़ और दीपक कुमार सिंह को मोरहाबादी टीओपी का प्रभारी बनाया गया है।

डॉक्टर मदन के पिता ने अज्ञात पर दर्ज कराया मामला, रिम्स में दी गयी श्रद्धांजलि

# मेडिकल छात्र की संदेहास्पद मौत की हाई लेवल जांच कराये राज्य सरकार : निदेशक

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रिम्स के फॉरेंसिक मेडिसिन एंड टॉक्सिकोलॉजी विभाग के सेकंड ईयर के छात्र डॉ मदन कुमार एम की संदेहास्पद मौत मामले में रिम्स निदेशक ने राज्य सरकार से उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है। डॉ आरके गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, अपर मुख्य सचिव और एसएसपी को जांच के लिए पत्राचार किया गया है। उन्होंने कहा कि रिम्स ने एक होनहार-मेधावी छात्र को खो दिया है। ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो इस पर काम किया जा रहा है। डीन स्टूडेंट् डॉ विद्यापति ने कहा कि डॉ मदन के आकस्मिक निधन से परिवार और रिम्स को अपूरणीय क्षति हुई है।

**निदेशक कार्यालय पहुंचे परिजन, दर्ज करायी एफआईआर :** डॉ मदन कुमार एम के पिता माथियालगन तमिलनाडु से अपने परिवार के साथ रांची पहुंचे। उन्हें एयरपोर्ट से लेने के लिए राजभवन से गाड़ी पहुंची थी। राजभवन की गाड़ी से उनके परिजनों को रिम्स लाया गया। रिम्स के एकेडमिक बिल्डिंग में शोक सभा का आयोजन किया गया। रिम्स निदेशक डॉ आरके गुप्ता को देख माथियालगन फफक पड़े। लोगों ने उन्हें संभाल कर ढाढ़स बंधाया। इसके बाद परिजन निदेशक के कार्यालय पहुंचे और सदर डीएसपी प्रभात रंजन बरवार के समक्ष एफआईआर दर्ज करायी।



संदेहास्पद मौत के विरोध में कैंडल मार्च निकालते मेडिकल स्टूडेंट्स

### 13 महीने से रिम्स में कर रहे थे पढ़ाई

डॉ मदन कुमार एम तमिलनाडु के नम्मकल के रहने वाले थे। छह अक्टूबर 2022 को रिम्स में उनका नामांकन हुआ था। वे 13 महीने रिम्स में पढ़ाई कर चुके थे। एफएमटी के विभागाध्यक्ष डॉ संजय कुमार ने कहा कि मदन पढ़ने में मेधावी छात्र थे। एक अच्छे गायक भी थे। सितंबर में मदन की मां गंभीर रूप से बीमार थी। वो मेरे पास आए और रोने लगे। मैंने उन्हें ढांढस बंधाया और उन्हें छुट्टी दी थी। उनके इस तरह से चले जाने का मलाल ज्यादा है।

### घटना के हर बिंदु पर हो रही जांच : प्रभात रंजन

सदर डीएसपी प्रभात रंजन बरवार ने कहा कि घटना को लेकर हर एक बिंदुओं पर जांच की जा रही है। प्रशासन के द्वारा परिजनों को आश्वस्त किया गया है कि घटना के बाद से ही जांच जारी है। धारा 302 आईपीसी के तहत बरियातू थाना में केस दर्ज किया गया है और आगे का अनुसंधान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा की दृष्टिकोण से हॉस्टल परिसर को सीसीटीवी कैमरे से लैस करने का निर्देश दिया गया है।

### पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मेडिकल स्टूडेंट्स

घटना के बाद से ही रिम्स के मेडिकल स्टूडेंट्स शोक में डूबे हुए हैं। डॉ मदन कुमार एम का पोस्टमार्टम रिम्स में किया गया। इस दौरान उनके साथ पढ़ने वाले छात्र पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद रहे। गौरतलब हो कि मजिस्ट्रेट की निगरानी में पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराई गयी। पोस्टमार्टम हाउस में शव को रखकर मेडिकल स्टूडेंट ने श्रद्धांजलि दी। इसके बाद उनका शव परिजनों को सौंपा गया।

### रिम्स हॉस्टल नंबर 5 के पीछे जला हुआ शव मिला था

रिम्स हॉस्टल नंबर 5 के पीछे से गुरुवार को डॉक्टर मदन का जला हुआ शव बरामद किया गया था। जूनियर डॉक्टरों ने उनकी मौत को आत्महत्या मानने से इंकार किया है। जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन (जेडीए) ने मेडिकल छात्र की हत्या की आशंका जाहिर की है। उन्होंने प्रबंधन से इस मौत की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

# एजेंसी के अफसरों के खिलाफ रची जा रही थी साजिश, छापेमारी कर जुटाए कई साक्ष्य

**जेल में इडी की रेड**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में परिवर्तन निदेशालय (इडी) के द्वारा छापेमारी के मामले में रांची जेल के अंदर से ही इडी के अधिकारियों को फर्जी मुकदमे में फंसाने की साजिश रची जा रही थी। एजेंसी ने इससे जुड़े कई साक्ष्य जेल के अंदर से जुटाया है। जानकारी के अनुसार एक महिला को भी केस दर्ज कराने के लिए तैयार किया गया था, लेकिन एजेंसी को एन मौके पर इसकी सूचना मिल गई। इस मामले में इडी के द्वारा कई अहम तथ्य और साक्ष्य जुटाये गये हैं। साजिश में अवैध खनन और जमीन घोटाले में शामिल प्रेम प्रकाश, अमित अग्रवाल समेत कई दूसरे कैदियों की भूमिका की बात सामने आ रही है।

**कोर्ट से आदेश लेकर हुई रेड :** साजिश की सूचना मिलने पर इडी की टीम रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार शुक्रवार की शाम पहुंची थी। सूचना के मुताबिक जेल गेट पर भी इडी टीम को काफी देर तक इंतजार करना पड़ा तब जाकर जेल का गेट खुला। इडी ने जेल में बंद आरोपियों के वार्ड को खंगाला लेकिन उस दौरान किसी के पास से मोबाइल नहीं मिला। आरोपियों से जेल के भीतर पूछताछ भी की गई। इससे पहले इडी ने जमीन घोटाले से जुड़े ईसीआईआर में कोर्ट से जेल में छापेमारी संबंधित वारंट हासिल किया था।

## छठ पूजा को लेकर नगर आयुक्त ने समिति के पदधारियों संग की बैठक

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** नगर आयुक्त अमित कुमार के साथ छठ पूजा समिति के पदाधिकारियों की बैठक हुई। पूजा समिति ने मुख्यतः साफ-सफाई एवं बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग की। बड़ा तालाब, धुर्वा डैम, कांके डैम, जुमार नदी एवं मधुकम तालाब में गोताखोर की टीम की व्यवस्था करने की मांग की। स्टूडेंट फेड्रेशन बड़ा तालाब छठ पूजा समिति के संरक्षक राजीव रंजन मिश्रा, धुर्वा डैम के वेद सिंह एवं जेल तालाब के राजेश गुप्ता छोटू, मधुकम तालाब के अनिल गुप्ता ने छठ घाट आने वाले सभी रास्तों की रिपेयरिंग, सफाई एवं बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की। नगर आयुक्त ने पूजा समिति को समस्याएं दूर करने का अश्वासन दिया। बैठक में गोपाल पारीक, नकुल तिर्की, सुमित साहू, शाहिल कुमार, कैलाश केसरी, नेपाल महतो, राजेश कुमार राम, प्रकाश चंद सिन्हा, अमरदीप साहू, कुंदन कुमार, सुनील शर्मा सहित दर्जनों छठ पूजा समिति के पदादिकारी मौजूद थे।

मुख्यमंत्री ने चाइल्ड आर्टिस्ट एग्जिबिशन का किया उद्घाटन, कहा

## कलाकारों को बढ़ावा देने की जरूरत

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने शुक्रवार को ऑड्रे हाउस में 5 नवंबर तक आयोजित चाइल्ड आर्टिस्ट एग्जिबिशन का विधिवत उदघाटन किया। मौके पर मुख्यमंत्री ने राज्य के 24 जिलों के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय सहित विभिन्न स्कूलों के बच्चे-बच्चियों द्वारा अर्निंग फॉर लर्निंग थीम पर बनाई गई पेंटिंग सहित अन्य कलाकृतियों का अवलोकन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन बच्चों द्वारा कैनवास पर उतारी गई पेंटिंग से काफी प्रभावित हुए।

मुख्यमंत्री ने बाल कलाकारों द्वारा बनाई गई कलाकृति को सराहा। उन्होंने कहा कि कलाकारों को बढ़ावा देने की जरूरत है। मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर बच्चे-बच्चियां काफी उत्साहित और खुश नजर आये। इस अवसर पर हजारीबाग के एक छात्र ने एक साथ बीस पेंटिंग्स बना कर रिकार्ड बनाया। इसे सीएम ने वर्ल्ड रिकार्ड में शामिल करने की अनुशंसा करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर राज्य सभा सांसद महुआ माजी, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव के रवि कुमार सहित अन्य पदाधिकारी, विभिन्न स्कूलों के शिक्षक-शिक्षिका, बाल कलाकार सहित बड़ी संख्या में अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री के पास विजन नहीं, चार साल में सबसे ज्यादा युवाओं को छला गया : सुदेश



आजसू पार्टी का मिलन समारोह आयोजित, वाईबीएन विश्वविद्यालय के चेयरमैन रामजी यादव और डॉ सुधीर यादव समेत कई सामाजिक कार्यकर्ता पार्टी में हुए शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन नियुक्तियों और रोजगार को लेकर जो दावे कर रहे हैं विज्ञापनों के जरिए दिखा रहे हैं वह उनकी नाकाम नीतियों और वादाखिलाफी पर पर पर्दा डालने का बस प्रयास है। प्रदेश के युवाओं को हर वर्ष जेपीएससी, शिक्षक बहाली समेत अन्य खाली पदों को भरने समेत एक साल में पांच लाख नौकरी देने का वादा किया था और अब तक युवाओं को कितनी नौकरियां मिली है, यह प्रदेश जानता है। रांची स्थित उनके आवासीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में उन्होंने ये बातें कही। इस दौरान वाईबीएन विश्वविद्यालय के चेयरमैन राम जी यादव, डॉ सुधीर यादव और ईचागढ़ से आए कई सामाजिक कार्यकर्ताओं ने पार्टी का दामन थामा।

सुदेश कुमार महतो ने कहा कि मुख्यमंत्री ने प्रदेश के युवाओं को छाला है। आज जनता सरकार से स्थानीय नीति, नियोजन नीति, रोजगार पर जवाब मांग रही है और इनके पास कहने को कुछ भी नहीं है। पार्टी में शामिल हुए झारखंड के दोनों शिक्षाविदों का स्वागत करते हुए पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि राम जी यादव और डॉ राजीव रंजन के लंबे शैक्षणिक अनुभव का लाभ पार्टी को मिलेगा। इनके साथ मिलकर हम प्रदेश के हर बच्चे को गुणवत्ता शिक्षा मिले इसके लिए काम करेंगे।

पार्टी की सदस्यता ग्रहण करते हुए राम जी यादव ने कहा कि सुदेश महतो के विचारों से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हुआ हूँ। पार्टी के साथ जुड़ कर सुदेश जी के नेतृत्व में शिक्षा के स्तर को ऊपर ले जाना मुख्य लक्ष्य है। वहीं डॉ. सुधीर यादव ने कहा कि आजसू पार्टी और सुदेश महतो जी के मिशन और विजन से प्रभावित हो कर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। भविष्य में पार्टी जो भी जिम्मेदारी देगी उसे निःस्वार्थ रूप से पूरी मेहनत के साथ निभाने का प्रयास करूंगा।

**इन्होंने ली सदस्यता :** डॉ कौशल किशोर, डॉ संजय कुमार, डॉ अंजनी कुमार, डॉ अनिल यादव, गोवर्धन गोस्वामी, माणिक गोप समेत कई सामाजिक कार्यकर्ता।

## रांची की प्रज्ञा दीप ने मिसेज यूनिवर्स इंडिया इंटरनेशनल का जीता खिताब



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची की स्टोरी लाइन इंडिया कंपनी ने दिल्ली के एसके स्टार कंपनी के साथ मिलकर नेशनल ब्यूटी पेजेंट प्रोग्राम का आयोजन 29 अक्टूबर को नोएडा सेक्टर 62 के अस्पम स्कोत्तिश स्कूल में किया। शो में मिस्टर, मिस, मिसेज और किड्स चार कैटेगरी में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें करीब दो सौ प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। झारखंड से भी छह प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। रांची की ही प्रज्ञा दीप मिसेज यूनिवर्स इंडिया इंटरनेशनल खिताब जीता। प्रज्ञा दीप ने कहा कि मैं इस खिताब को जीतने के लिए कड़ी मेहनत की है। वहीं मिसेज रनर अप रांची की ही मेकअप आर्टिस्ट अमृता शर्मा हुईं। मिस्टर यूनिवर्स इंडिया इंटरनेशनल के विजेता रांची के ही रोहित कुमार तिवारी बने। श्रृष्टि सिंह व आस्था सिंह मिस यूनिवर्स इंडिया इंटरनेशनल खिताब को जीता व रनर अप के रुप में सफलता प्राप्त की।

स्टोरी लाइन इंडिया की डायरेक्ट साधना कुमार ने कहा की सभी प्रतिभागियों ने हमारे कंपनी के द्वारा ही अपना रजिस्ट्रेशन कराया था। नेशनल लेवल की प्रतियोगिता में उन्हें ले जाना और उनको जीतते देखकर काफी खुशी महसूस हो रही है। आगे भी प्रतिभागियों के लिए प्लेटफॉर्म तैयार करेगी जिस से इस क्षेत्र में वह आगे बढ़े और हम सब के साथ-साथ झारखंड का भी नाम रोशन करें।

## आरयू के सेवानिवृत्ति शिक्षक और कर्मियों को मिली विदाई

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय से 31 अक्टूबर को सेवानिवृत हुए शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारी को विश्वविद्यालय की ओर से शुक्रवार को विदाई दी गई। इनमें डॉ रंजना श्रीवास्तव अर्थशास्त्र विभाग एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों में उमेश कालिंदी तृतीय वर्ग इतिहास विभाग, धनंजय प्रसाद चतुर्थ वर्ग अंग्रेजी विभाग, जयकांत मंडल थे। कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने उन्हें शॉल और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया।

## सुहाना मौसम के बीच जेसोवा मेले में लोगों ने जमकर की खरीदारी

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** मोराबादी स्थित आर्मी मैदान का नजारा शुक्रवार की शाम बदला-बदला था। झारखंड आईएएस ऑफिसर्स वाइव्स एसोसिएशन (जेसोवा) की ओर से आयोजित दीवाली मेला के दूसरे दिन पूरे मैदान में चहल-पहल रही। सुहाना मौसम और धीमी धीम संगीत की धुन पर लोग खरीदारी करते रहे। डिजाइन दीया, रंगोली के साथ टेराकोटा का दीया, शुभ-लाभ वाले वंदनवार, भगवान की पोशाक, आसन, अरोमा कैंडल, झूमर और हैंगिंग दीया बिक रहे हैं। महिला उद्यमी राधिका सारावगी के स्टॉल पर टेराकोटा के डिजाइनर दीया, तोरण, लटकन झूमर और सजावटी सामान का खूबसूरत संग्रह देखा जा सकता है। इन सभी की कीमत 500-2500 रू तक है। मोतियों के टेबल मैट, वंदनवार पसंद किए जा रहे हैं। भगवान के वस्त्र, लड्डू गोपाल के वस्त्रों की मांग है। चाईबासा के बांस के बने उत्पाद आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। बांस के ज्वेलरी बॉक्स, दीवाली लैंप, लकड़ी और बांस से बनी ट्रे, पेंसिल बॉक्स, टोकरी और सूप लोग खरीद हैं। इन सभी की कीमत 300-2000 रु तक है। बांस और लेदर के फोटो फ्रेम 450 रु तक के हैं। कश्मीरी शॉल, फिरन, मोटी जैकेट, सिल्क की साड़ियां और बुटीक के स्टॉल पर महिलाओं की भीड़ देखी गई। मेले में 300 से अधिक स्टॉल लगे हैं।

## सीसीएल में सांस्कृतिक महोत्सव संपन्न



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीसीएल मुख्यालय में सतर्कता जागरूकता सप्ताह अंतर्गत आयोजित तीन दिवसीय कल्चरल फेस्टीवल का समापन शुक्रवार को हुआ। इसके तहत सीसीएल कर्मियों के साथ-साथ आमजन को भ्रष्टाचार का विरोध करें, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें, हेतु जागरूक, प्रेरित और प्रोत्साहित किया गया।

सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी ने सतर्कता विभाग को बधाई देते हुये कहा कि इतने संख्या में विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों का भाग लेना कार्यक्रम के सफलता को रेखांकित करता है। सीएमडी ने अधिकारियों को संबोधित करते हुये कहा कि आप कंपनी के भविष्य हैं आपको कार्यनिष्पादन के दौरान नैतिक मूल्यों एवं सत्यनिष्ठा को ध्यान में रखते हुये कंपनी के हित में उचित निर्णय लेते हुये कंपनी को आगे ले जाना है।

सीवीओ पंकज कुमार ने सीसीएल में कहा कि भ्रष्टाचार देश की सबसे बड़ी समस्या है और सतर्कता के प्रति जागरूकता का संदेश हम सभी को मिलकर जन-जन तक पहुंचाना है, क्योंकि बिना जनभागीदारी का कोई भी कार्यक्रम सफल नहीं हो सकता है। महोत्सव के तहत सम्मानित मीडिया बंधुओं के साथ एक मीडिया ऑफबीट कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कई मीडिया बंधुओं ने गीत की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में बच्चों के बीच फेस पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। वहीं सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अन्तर्गत शुक्रवार को एथिक्स गवर्नेंस एंड कॉमन इरेगुलरिटिज विषयक एक सेमिनार का आयोजन किया गया था जिसका मुख्य उद्देश्य नवनियुक्त अधिकारियों को इथिक्स एंड गवर्नेंस की बारिकियों से अवगत कराना था। जिसमें लगभग 220 नवनियुक्त युवा अधिकारियों ने हिस्सा लिया। समारोह में विजयी प्रतिभागियों को सीवीओ पंकज कुमार एवं निदेशक पवन कुमार मिश्रा ने पुरस्कृत किया। समारोह में सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी के अलावा निदेशक राम बाबू प्रसाद, पवन कुमार मिश्रा आदि मौजूद थे।

# सीएमपीडीआई में कोल इंडिया स्थापना दिवस समापन-सह-पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** सीएमपीडीआई द्वारा कोल इंडिया स्थापना दिवस समापन-सह-पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन शुक्रवार को किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि कोल इंडिया के पूर्व चेयरमैन प्रमोद अग्रवाल ने देश की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने में सीएमपीडीआई की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि कोल इंडिया द्वारा प्रदत्त सभी प्रकार के कार्यों को समय सीमा के भीतर संपन्न की गयी। उन्होंने कहा कि विभिन्न परामर्शी सेवाओं के लिए सीआईएल की सभी सहायक कम्पनियों के पीआईए के रूप में सीएमपीडीआई की भूमिका भी उल्लेखनीय है। उन्होंने आगे कहा कि सीएमपीडीआई को गैर-कोयला खनिज क्षेत्र में गवेषण एवं परामर्शी सेवाएं प्रदान करने हेतु अपनी बड़ी भूमिका निभानी होगी।

इस अवसर पर सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार ने कहा कि कोयला मंत्रालय ने सीआईएल के लिए 5जी कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी यूज केस लैब की स्थापना के उद्देश्य से सीएमपीडीआई को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में नामित किया है। जिससे यह लैब कोयला खदानों के लिए 5जी एप्लीकेशन और यूज केस को डिजाइन, विकसित और प्रोटोटाइप करने का अवसर प्रदान करेगा। कोयला मंत्रालय ने सीएमपीडीआई में कोयला और ऊर्जा अनुसंधान के लिए मार्च, 2025 तक एक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना करने का एक लक्ष्य रखा है। कोल इंडिया के लिए नया इन-हाउस कोल ई-ऑक्शन प्लेटफॉर्म एनआईसी के सहयोग से सीएमपीडीआई द्वारा विकसित किया गया है एवं शत-प्रतिशत ऑक्शन इसी प्लेटफॉर्म से हासिल करने का लक्ष्य है।

इस समारोह में सीएमपीडीआई के कर्मियों एवं क्षेत्रीय संस्थानों को उनके कार्यक्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान के लिए विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कृत किया गया। सर्वोत्तम क्षेत्रीय संस्थान का पुरस्कार रांची स्थित क्षेत्रीय संस्थान-3, रांची को प्राप्त हुआ। अधिकतम उत्पादकता वाले सर्वोत्तम ड्रिलिंग कैम्प के श्रेणी में प्रथम-गोपालपुर कैम्प,क्षेत्रीय संस्थान-7, भुवनेश्वर जबकि द्वितीय-ओरलाकैम्प, क्षेत्रीय संस्थान-3, रांची को पुरस्कृत किया गया। सर्वोत्तम ड्रिलक्रिड के लिए क्षेत्रीय संस्थान-7 के गोपालपुर कैम्प के ड्रिल सं.-आरडी-100-07 एवं ड्रिल सं.-सीएमकेआर-डब्ल्यूए-3सी-06 के क्रिड को अधिकतम उत्पादकता के लिए सम्मानित किया गया। इसके अलावे व्यक्तिगत उपलब्धियों के अधिकारियों एवं कम्रचाारियों को भी सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर सीएमपीडीआई के निदेशक शंकर नागाचारी, अजय कुमार, सतीश झा, अच्युत घटक, मुख्य सतर्कता अधिकारी सुमीत कुमार सिन्हा, वरीय सलाहकार एके राणा, कोयला उद्योग से सेवानिवृत्त सीएमडी एवं निदेशकगण, जेसीसी सदस्य एवं सीएमओएआई के प्रतिनिधि थे।

## आज का राशिफल 04-11-2023

**मास** : कार्तिक, **पक्ष** : कृष्ण, तिथि : सप्तमी रात्रि में 01:00 बजे समाप्त। **नक्षत्र** : पुनर्वसु 07:57 बजे समाप्त। **योग** : साध्य 13:02 बजे समाप्त। करण : विष्टि 12:00 बजे, तदनंतर बव रात्रि में 01:00 बजे समाप्त। चंद्रायु 20.3 घंटे।

**मेष** : मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। शुभांक-5-7-9

**वृष** : समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-2-5-7

**मिथुन** : एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-2-5-6

**कर्क** : कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। राजकीय कार्यों से लाभ। शुभांक-4-6-8

**सिंह** : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। शुभांक-3-5-7

**कन्या** : आत्मविश्वास बढ़ेगा। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। मांगलिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। शुभांक-2-4-7

**तुला** : स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। अपने काम पर नजर रखिए। शुभांक-3-5-7

**वृश्चिक** : पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-3-5-7

**धनु** : कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। यात्रा से लाभ। शुभांक-1-3-5

**मकर** : पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक-2-4-8

**कुंभ** : शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम है। शुभांक-4-6-8

**मीन** : जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। शुभांक-4-6-7

# रांची विश्वविद्यालय के नये परिसर में सारी सुविधाएं विकसित की जायें : हेमंत सोरेन

## मुख्यमंत्री ने प्रस्तावित नये कैंपस को लेकर अधिकारियों के साथ की बैठक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को झारखंड मंत्रालय में रांची विश्वविद्यालय के प्रस्तावित नये कैंपस को लेकर अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। इस मौके पर उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष राजधानी रांची के चेरी में 87 एकड़ जमीन पर बनने वाले रांची विश्वविद्यालय के नये कैंपस के मास्टर प्लान का प्रेजेंटेशन रखा।

मुख्यमंत्री ने पूरे मास्टर प्लान की विस्तृत जानकारी ली और कई आवश्यक सुझाव तथा दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि रांची विश्वविद्यालय के नये कैंपस को इस तरह विकसित किया जाये कि इसकी अलग पहचान बन सके।



रांची विश्वविद्यालय के नये कैंपस में एकेडमिक जोन, एडमिनिस्ट्रेटिव जोन, रीक्रिएशनल जोन, रेसिडेंशियल जोन, बफर जोन और एक्सटेंशन जोन बनाया जाना है। उन्होंने कहा कि यहां जो भी निर्माण हो, वह मेंटेनेंस फ्री होना चाहिए। इसके रख-रखाव के लिए भी सारी व्यवस्थाएं सुनिश्चित होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि यहां की जमीन की भौगोलिक स्थिति के हिसाब से बिल्डिंग का निर्माण हो। इसके लिए कोई भी निर्माण शुरू करने के पहले जमीन के हिसाब से पूरी योजना तैयार कर ली जानी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्वविद्यालय के कैंपस को कई जोन में विकसित किया जाना है। ऐसे में हर जोन में पार्किंग की पुख्ता व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने कैंपस में हरियाली बनाये रखने पर भी विशेष जोर दिया। उन्होंने नये कैंपस में सोलर पैनल लगाने का भी निर्देश अधिकारियों को दिया। इसके साथ विश्वविद्यालय में प्रवेश और निकासी के लिए मुख्य मार्ग के अलावा इमरजेंसी निकासी मार्ग भी बनाने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के नये कैंपस में क्रिकेट, हॉकी, फुटबॉल और वॉलीबॉल समेत अन्य खेलों के लिए एक अलग जोन हो। ऐसा नहीं हो कि किसी एक खेल के लिए मैदान एक जोन में हो और दूसरे खेल के लिए अलग जोन में। इससे खिलाड़ियों की परेशानी बढ़ती है। ऐसे में सभी खेलों के लिए सारी व्यवस्था एक ही जोन में हो। बैठक में मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, भवन निर्माण विभाग के सचिव सुनील कुमार, उच्च शिक्षा विभाग के सचिव राहुल पुरवार, उच्च शिक्षा निदेशक गरिमा सिंह, रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा और अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## सतर्कता जागरूकता सप्ताह में जेआरजी बैंक ने किया रोड शो




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी), नयी दिल्ली के निर्देशानुसार झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक (जेआरजी बैंक) के अध्यक्ष मदन मोहन बरियार की अध्यक्षता में 30 अक्टूबर 2023 से 5 नवंबर 2023 तक जेआरजी बैंक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मना रहा है। इस दौरान पूरे झारखंड राज्य में बैंक द्वारा भ्रष्टाचार विरोधी मुहिम चलाया जा रहा है। बता दें कि विगत 30 अक्टूबर को बैंक के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने ईमानदारी की शपथ ली थी।

जेआरजी बैंक ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से शुक्रवार को एक रोड शो का आयोजन किया। इसमें बैंक के महाप्रबंधक जसबीर सिंह, राजकुमार गुप्ता तथा सहायक महाप्रबंधक आरके सिन्हा, संजय कुमार, मुकेश कुमार वर्मा व अन्य 70 से ज्यादा स्टाफ सदस्यों ने पूरे जोश के साथ भाग लिया। रांची के अलावा झारखंड के अन्य जिलों में भी जेआरजी बैंक के क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा रोड शो का आयोजन किया जा रहा है। बैंक अपने ग्राहकों व बैंक से जुड़े सभी व्यक्तियों को विभिन्न आयोजनों के माध्यम से भ्रष्टाचार दूर करने के लिए जागरूक कर रहा है।

## ग्राहकों की बढ़ती संवेदनशीलता से बदल रही आभूषणों के प्रति धारणा : निधि शरण

**टीबीजेड द ओरिजिनल**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** भारत में आभूषण न केवल निवेश, बल्कि सामाजिक-सांस्कृतिक लिहाज से भी महत्वपूर्ण है। यह एक मूल्यवान संपत्ति और समृद्धि का प्रतीक है। पुष्य नक्षत्र, धनतेरस और दीपावली जैसे त्योहारों के दौरान सोने के आभूषण खरीदना व उन्हें पहनना शुभ माना जाता है। त्योहारों और पारिवारिक कार्यक्रमों में भी उपहार देने के लिए सोने के आभूषण एक लोकप्रिय विकल्प हैं, जो प्यार, आशीर्वाद और सद्भावना के प्रतीक माने जाते हैं।

इस संदर्भ में हमने रांची के टीबीजेड द ओरिजिनल के प्रबंधक निधि शरण से खास बातचीत की। उन्होंने बताया कि ग्राहकों की बढ़ती संवेदनशीलता से आभूषणों के प्रति



धारणा बदल रही है। खरीदार अब इन प्रोडक्ट के बारे में भी अधिक समझदार और जानकार हो रहे हैं और इस कारण ब्रांडेड आभूषण की मांग बढ़ी है। इस बार लोगों द्वारा टेंपल कलेक्शन को काफी पसंद किया जा रहा है।

पुष्य नक्षत्र व धनतेरस को देखते हुए ग्राहकों को काफी बेहतर ऑफर दिये जा रहे हैं। इसमें, सोने के आभूषण की बनवाई पर फ्लैट 50 प्रतिशत की छूट दी जा रही है और हीरे के आभूषण पर कोई बनवाई नहीं ली जा रही है।

## शारदा ग्लोबल स्कूल ने जेसोवा के दिवाली मेले में किया फन जोन का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड आइएएस आफिसर्स वाइव्स एसोसिएशन (जेसोवा) के पांच दिवसीय दिवाली मेले में शारदा ग्लोबल स्कूल की तरफ से 20 हजार स्क्वायर फीट में फन जोन का आयोजन किया गया है। इसमें बच्चों के लिए 50 रुपये में 9 तरह के झूले हैं। इनमें एयरोप्लेन, मिकी जंपिंग, मेल्टडाउन आदि शामिल हैं, जहां बच्चे जी-भर कर इन झूलों का आनन्द ले सकते हैं।

इस मेले के प्रमुख संयोजक जेसोवा अध्यक्ष श्रीमती मिनी सिंह, संचित मनु झा, रुचि प्रसाद, डॉ स्वरूप हैं, जिन्होंने लोगों को परस्पर जोड़ने के लिए, असहायों की मदद एवं मार्गदर्शन के लिए तथा जरूरतमंदों की आवश्यकताओं को



पूरा करने का संकल्प प्रदर्शित किया है। दीपावली थीम पर सुसज्जित इस मेला परिसर में गुजरात, राजस्थान, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड के 300 से ज्यादा स्टॉक्स हैं। सेल्फी जोन, फूड काउंटर तथा दीपावली से संबंधित सभी चीजें मेले में उपलब्ध हैं।

मेले में शारदा ग्लोबल स्कूल में प्री नर्सरी से लेकर कक्षा नौवीं तक के छात्रों के एडमिशन से संबंधित कार्यक्रमों के विषय में इच्छुक अभिभावकों को बताया जा रहा है। इस मेले में एकत्रित राशि को गरीबों एवं जरूरतमंदों के बीच वितरित किया जायेगा। इस सेवा भावना के पीछे बेहतर एवं स्वस्थ समाज की परिकल्पना है।

## खबर एक नजर में

### गोहत्या पर अविलंब रोक लगाने की मांग

**रांची।** अखिल भारतीय गौ रक्षा महासंघ के झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष जय प्रकाश पांडेय ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर गोहत्या पर अविलंब रोक लगाने की मांग की है। उन्होंने प्रधानमंत्री से आग्रह किया है कि भारतीय संस्कृति और स्वाभिमान की रक्षा के लिए गौ माता की हत्या पर रोक लगाने का अविलंब कानून बनाकर गाय को राष्ट्र माता का दर्जा प्रदान किया जाये। ताकि, इस कलि काल में मानव समाज और विश्व की रक्षा और सुरक्षा हो सके। उन्होंने कहा है कि साधु संतों, भक्तों और अखिल भारतीय गौ रक्षा महासंघ झारखंड की ओर से गोहत्या पर अविलंब रोक लगाकर गौ माता की रक्षा और सुरक्षा का संकल्प कराया जाये।

### स्वामी सदानंद महाराज 8 को रांची में

**रांची।** संत शिरोमणी श्री श्री 1008 स्वामी सदानंद महाराज 8 नवम्बर को राजधानी पहुचेंगें। संत सदानंद महाराज अपने जीवन के जनसेवा के स्वर्णिम 51 वर्ष पुरे होने के बाद राजधानी आ रहे है। इस को लेकर उनके शिष्यों मे विशेष उत्साह है। हिन्दुओ के सबसे बडे पांच दिवसीय पर्व धनतेरस, रूप चौदस, छोटी दिपावली, काली पूजा,दीपावली,गोवर्धन पूजा, अन्नकूट एवं भाई दूज के सुअवसर स्वामी सदानंद महाराज अपने शिष्यों को बधाई देने प्रात 05 बजे बेगूसराय से रेल मार्ग से चलकर पुंदाग स्थित संस्था के निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर पहुंचेगे।

### सेंट जेवियर्स कॉलेज में संगोष्ठी का आयोजन

रांची। सेंट जेवियर्स महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग में शुक्रवार को दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। संगोष्ठी युरोपीय संघ की संरचना, प्रक्रिया एवं चुनौतियों विषय पर केन्द्रित था। संगोष्टी को संबोधित करते हुए प्राचार्य फादर डॉ नबोर लकड़ा ने लगातार विकसित हो रहे वैश्विक परिदृश्य के आलोक में सम्मेलन के विषय की गहन प्रासंगिकता को स्पष्ट रूप से समझाया। फादर वाइस-प्रिंसिपल फादर रॉबट प्रदीप कुजूर ने अपने गहन प्रवचन में मूल्यों पर आधारित विश्व व्यवस्था की अवधारणा पर प्रकाश डाला। संयोजक डॉ. शीतल शर्मा ने यूरोपीय संघ को एक महत्वपूर्ण वैश्विक अभिनेता के रूप में चित्रित किया, बड़ी चतुराई से इसकी तुलना तीन पीढ़ी के परिवार के पितामह से की, जिसमें यूरोपीय संघ आदरणीय पितामह के रूप में कार्यरत था।

### खूंटी में बालू तस्करों के खिलाफ कार्रवाई

**खूंटी।** खूंटी में बालू का अवैध खनन और तस्करी जारी है। बालू माफिया चोरी-छिपे बालू का अवैध बिक्री कर रहे हैं। रनिया में बालू लदे तीन हाइवा जब्त होने के बाद शुक्रवार की सुबह कर्रा थाना क्षेत्र के लोधमा से बालू लदे दो हाइवा को जब्त किया गया है। लोधमा क्षेत्र में शुक्रवार को की गयी छापेमारी में बालू लदे दो हाइवा (ओडी 09पी 3569) और (जेएच 01डीबी 2608) को पकड़ा गया है। इसे जब्त कर कर्रा थाना को सुपुर्द किया गया है। इस संबंध में चालक और वाहन मालिक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है। इधर, खूंटी थाना क्षेत्र के कालामाटी से पत्थर का अवैध परिवहन करते हुए एक डंफर को भी (जेएच01एक्स 5805) को पकड़ा गया है। इस संबंध में खूंटी थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। अभियान में खनन निरीक्षक सुबोध सिंह और पुलिस के जवान शामिल थे।

### सरकारी उपक्रमों के निजीकरण के विरोध में प्रदर्शन

**रांची।** पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को सीटू, किसान सभा और बेफी की ओर से झारखंड के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया। विरोध प्रदर्शन अखिल भारतीय आह्वान पर आयोजित किया गया। जहां रेलवे, बिजली सहित सार्वजनिक संस्थानों का निजीकरण के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। इसकी जानकारी देते हुए सीटू के जिला संयोजक प्रतीक मिश्रा ने बताया कि विरोध प्रदर्शनों के जरिये सरकारी उपक्रमों के निजीकरण का विरोध जताया गया। जिसमें रेलवे के कारखानों चेन्नई से बन्दे भारत ट्रेन निर्माण करने के लिये प्राइवेट कंपनी को ठेका देने की योजना रद्द करने की मांग की गयी।

### अंजुमन फरोगे और गोस्सनर कॉलेज के तत्वावधान में सेमिनार आज

**रांची।** अंजुमन फरोगे उर्दू और गोस्सनर कॉलेज रांची के संयुक्त तत्वाधान में 4 नवंबर 2023, शनिवार को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक होटल सरताज, मेन रोड रांची में झारखंड में उर्दू अफसाना के विषय पर एक दिवसीय कौमी सेमिनार का आयोजन किया गया है। इसकी जानकारी देते हुए अंजुमन फरोगे उर्दू के अध्यक्ष मो इकबाल ने बताया कि सेमिनार तीन सत्रों में होगा।

### सीसीएल के गांधीनगर अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन

**रांची।** रक्तदान-जीवन दान की कहावत को चरितार्थ करते हुए सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत सीसीएल के केन्द्रीय अस्पताल, गांधीनगर में रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन सीसीएल सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी ने परम्परागत तरीके से दीप पज्जवलित कर किया और उपस्थित लोगों को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर सीसीएल के निदेशक तकनीकी (संचालन) राम बाबू प्रसाद, सीवीओ पंकज कुमार, सीएमएस डॉ. रत्नेश जैन सहित अन्य चिकित्सक उपस्थित थे। शिविर में कुल 24 यूनिट ब्लड जमा हुआ।

## मटका किंग आनंद वर्मा के ठिकाने पर पुलिस का छापा, सात गिरफ्तार

**रांची।** राजधानी में मटका संचालित करने वाले मटका किंग आनंद वर्मा के ठिकाने पर रांची पुलिस ने छापेमारी की गयी। कांके रोड स्थित आनंद वर्मा के ठिकाने पर कांके थाना की पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सात लोगों को गिरफ्तार किया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा के निर्देश पर छापेमारी की गई हैं। गिरफ्तार लोगों में सोनू थापा उर्फ नेपाली, प्रमोद यादव, गोलू वर्मा, मोनू, नंदू, चिंटू और मुन्ना शामिल है। इनलोगों के पास से पुलिस ने मटका खेलाने का सामान जब्त किया हैं। पुलिस सभी को हिरासत में लेकर थाना ले आयी है। इधर, एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि पुलिस की छापेमारी लगातार चल रही है। पुलिस के अनुसार आनंद वर्मा के कांके रोड स्थित आवास पर मटका का गद्दी संचालित होता हैं। गुप्त सूचना पर कांके पुलिस ने शुक्रवार की दोपहर करीब डेढ़ बजे छापेमारी की। जिसमें आनंद वर्मा के सात लोगों को पकड़ा है।

## क्रेडिट लिंकेज का सर्वेक्षण झारखंड में जल्द होगा शुरू : प्रेम रंजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** भारतीय रिजर्व बैंक, रांची ने बोकारो जिले में कार्यरत विभिन्न बैंकों के एमएसएमई शाखाओं के अधिकारियों के क्षमता निर्माण को लेकर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में प्रेम रंजन प्रसाद सिंह, क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिजर्व बैंक, झारखंड ने अपने संबोधन में देश के आर्थिक विकास और रोजगार सृजन में एमएसएमई क्षेत्र के योगदान पर प्रकाश डाला।

उन्होंने भारत सरकार के पीएम विश्वकर्मा योजना के बारे में बताया कि इस योजना का उद्देश्य कारीगरों और शिल्पकारों को सहायता प्रदान करना है, ताकि वे अपने व्यापार में आत्मनिर्भर हो। साथ ही उन्होंने बताया कि एमएसएमई क्षेत्र के औपचारिक क्रेडिट लिंकेज की वर्तमान स्थिति को जानने के लिये



भारतीय रिजर्व बैंक एक राष्ट्रव्यापी सर्वे कर रहा है। इसी कड़ी में झारखंड में भी यह सर्वेक्षण नवंबर और दिसंबर माह में किया जायेगा।

कार्यक्रम में भारतीय रिजर्व बैंक, सिडबी, एमएसएमई-डीएफओ, एक्सआईएसएस एवं एसबीआई के वरीय अधिकारियों ने एमएसएमई से संबंधित विषयों पर सत्र लिया। मौके पर भारतीय रिजर्व बैंक के उप महाप्रबंधक एवं प्रबंधक भी उपस्थित थे। कार्यशाला में बैंक ऑफ इंडिया, भारतीय स्टेट बैंक, इंडियन बैंक, केनरा बैंक, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक के साथ-साथ राज्य के अन्य प्रमुख एवं लघु बैंकों के दर्जनों अधिकारी मौजूद थे।

## कोर्ट ने पूर्व वार्ड पार्षद वेद प्रकाश को दिया 20 हजार भुगतान करने का निर्देश

**रांची।** वेद प्रकाश सिंह को रांची नगर निगम के वार्ड पार्षद पद से हटाए जाने मामले में एकल पीठ के द्वारा वेद प्रकाश के पक्ष में दिए गए आदेश के खिलाफ राज्य सरकार और अपीलकर्ता अभिषेक कुमार की अपील की सुनवाई शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। वेद प्रकाश द्वारा अभिषेक कुमार को फर्जी बताए जाने संबंधी बातों को हाईकोर्ट ने गंभीरता से लिया। वेद प्रकाश की ओर से कहा गया था कि अभिषेक कुमार नाम का कोई व्यक्ति नहीं है, यह एक फर्जी नाम है। इसके बाद अधिवक्ता आकाशदीप अभिषेक कुमार की ओर से कोर्ट में उपस्थित हुए और बताया कि अभिषेक कुमार एक सही व्यक्ति हैं। इस पर कोर्ट ने वेद प्रकाश को 20 हजार रूपए तीन दिनों के भीतर अभिषेक कुमार के अकाउंट में जमा करने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई 1 दिसंबर को होगी।

# हर कामयाबी के पीछे एक कहानी : इकराम

## डॉ शाहनवाज कुरैशी की पुस्तक 'झारखंड में महिला हॉकी' का विमोचन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** अंतरराष्ट्रीय हॉकी फेडरेशन के अध्यक्ष तैयब इकराम ने शुक्रवार को डॉ शाहनवाज कुरैशी की लिखी पुस्तक झारखंड में महिला हॉकी का विमोचन किया। एस्ट्रो टर्फ स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि हर कामयाबी के पीछे एक कहानी होती है। पुस्तक के रूप में इसे लाना सराहनीय है। खिलाड़ियों की समस्याओं से उबरने और सफल होने की दास्तान को बताना जरूरी है।

उन्होंने लेखक को बधाई देते हुए पुस्तक को डिजिटल फॉर्मेट में लाने कक सुझाव दिया ताकि इसकी वहज उपलब्धता हो सके और युवा पीढ़ी इससे प्रेरणा ले




सके। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष पदमश्री डॉ दिलीप तिर्की ने कहा कि पहले झारखंड में पुरुष हॉकी का वर्चस्व था, लेकिन महिला हॉकी खिलाड़ियों ने सफलता की नयी इबारत लिखी डाली है।

उन्होंने कहा कि महिला खिलाड़ियों पर लिखी गई पुस्तक उन्हें और प्रोत्साहित करेगा। हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने कहा कि खिलाड़ियों के संघर्ष और उपलब्धियां को सहेज कर लेखक ने सराहनीय काम किया है।

डॉ शाहनवाज कुरैशी ने कहा कि झारखंड में महिला हॉकी को समर्पित यह पहली पुस्तक है। इसमें खिलाड़ियों की सीमित संसाधनों में आगे बढ़ाने के जज्बे, समस्याओं से जूझने और उपलब्धियां हासिल की दास्तां है। पुस्तक में झारखंड महिला हॉकी की शुरुआत से लेकर अब तक की विकास यात्रा, सितारे खिलाड़ियों के साथ-साथ बीते दिनों की दिग्गज खिलाड़ियों के संघर्ष और उपलब्धियां का वर्णन है। खिलाड़ियों को तलाशने, तराशने वाले प्रशिक्षक और खेल प्रशासकों की भूमिका पर भी प्रकाश डाला गया है। इस अवसर पर एशियन हॉकी फेडरेशन के गुलाम गौस सहित हॉकी इंडिया के कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

## भ्रष्टाचार के खिलाफ भारतीय मजदूर संघ ने राज्यपाल को सौंपा 18 सूत्री मांग पत्र


**रांची।** झारखंड प्रदेश भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले शुक्रवार को सरकारी विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार, झारखंड राज्य सहकारी बैंक की समस्याओं, मोटिया मजदूर, मनरेगा कर्मियों, कोयला उद्योगों में भ्रष्टाचार, कोयला चोरी रोकने समेत कई मुद्दों को लेकर राजभवन के सामने धरना- प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन में राज्य की हजारों आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, सहिया, बीटीटी कर्मचारी संघ, भवन निर्माण, अनुबंध पर कार्यरत कर्मचारी, स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम, नगर पालिका, विद्युत वितरण व सफाई कर्मचारी शामिल हुए। इस संबंध में संघ के उपाध्यक्ष अंगद उपाध्याय ने बताया कि धरना- प्रदर्शन के बाद प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह की अध्यक्षता में सभा की गई। सभा के बाद राज्यपाल को 18 सूत्री मांगों के साथ ज्ञापन सौंपा गया।

# झारखंड को मजबूत करने की दिशा में अदाणी फाउंडेशन ने भी बढ़ाये कदम

## जेसोवा के दिवाली मेले में अदाणी फाउंडेशन ने लगाये स्टॉल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड आइएएस ऑफिसर्स वाइव्स एसोसिएशन (जेसोवा) की तरफ से रांची के मोरहाबादी मैदान में में 2 से 6 नवंबर तक दिवाली मेले का आयोजन किया गया है। इस पांच दिवसीय मेले में 200 से ज्यादा स्टॉल लगे हैं, लेकिन अदाणी फाउंडेशन द्वारा लगाया स्टॉल मेले में आये लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बन रहा है। इस मेले में अदाणी पावर द्वारा किये गये गोड्डा में सीएसआर की पूरी जानकारी उपलब्ध है। कैसे अदाणी राज्य में पावर के साथ-साथ लोगों




को मजबूत करने के लिए अपनी अहम भूमिका निभा रहा है, इसकी विस्तार से जानकारी दी जा रही है। इस मेले में अदाणी पावर के कई वरीय अधिकारी भी मौजूद थे।

इस मेले में स्टॉल के माध्यम से अदाणी फाउंडेशन लोगों को बता रहा है कि कैसे अदाणी राज्य में स्वास्थ्य, कौशल विकास, शिक्षा, रोजगार की दिशा में लोगों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। अदाणी गोड्डा जिले के 323 सरकारी स्कूलों में स्मार्ट क्लास के माध्यम से आधुनिक शिक्षा पहुंचा रहा है। दुनिया भर में शिक्षा के विकास और तकनीक से बदलती और बेहतर होती शिक्षा का जिक्र होता है। ऐसे में झारखंड और यहां के बच्चे कैसे पीछे रह सकते हैं। अदाणी पावर ने सरकारी स्कूलों में स्मार्ट बोर्ड देकर आधुनिक शिक्षा की तरफ झारखंड के बढ़ते कदम में कदम से कदम मिलाया है।

जेसोवा मेले में अदाणी का यह स्टॉल बेहद खास है। कैसे समाज को बेहतर करने, समाज की जरूरत समझने और आवश्यकताओं को पूरा करने में अदाणी अपना सहयोग दे रही है, इसकी जानकारी के साथ- साथ लोगों के सुझाव भी लिये जा रहे हैं।

स्पीड न्यूज

### राज्य शिक्षा अचीवमेंट सर्वे परीक्षा आयोजित

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्र के 32 विद्यालयों में शुक्रवार को राज्य शिक्षा अचीवमेंट सर्वे परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा तीन से 382ए कक्षा छह 340 और कक्षा नौ से 348 कुल 1070 छात्र छात्राओं ने परीक्षा लिखा। अचीवमेंट सर्वे परीक्षा को लेकर विद्यालयों में कई दिनों पूर्व से ही बच्चों को तैयारियां कराई जा रही थी। जिसकी मानिटरिंग बीआरसी तथा कर्मचारियों द्वारा की जा रही थी।

### मैक्लुस्कीगंज के तीन शिक्षण संस्थानों में लगा खुशी क्लास

**खलारी।** मैक्लुस्कीगंज इंटर कॉलेजए आदर्श उच्च विद्यालय प्लस टू व जेनेट एकेडमी में खुशी क्लास का आयोजन हुआ। खुशी क्लास का आयोजन लाइफ केयर हॉस्पिटल रांची और खुशी मिशन के तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए संस्थापक सह संचालक मुकेश सिंह चौहान ने कहा कि असफलता हमेशा सफलता की पहली सीढ़ी होती है। इसलिए असफलता से घबराना नहीं है। बल्कि इसपर पैर रखकर सफलता की मंजिल तक पहुंच जाना है। कार्यक्रम के अंत में चौहान ने स्कूल प्रबंधन से आग्रह किया कि कभी भी कोई तनाव से सम्बंधित मामला आए तो खुशी क्लास से जरूर संपर्क करें। नि:शुल्क हर संभव मदद पहुंचाई जाएगी। शिक्षकों ने कहा कि इस तरह के क्लास से बच्चों को काफी फायदा मिलता है।

# पत्नी की हत्या कर खेत में गाड़ दिया शव थाने में दर्ज कराया गुमशुदगी का मामला

### खेत से पुलिस ने शव किया बरामद, पति को किया गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**अनगड़ा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत जिन्तुबेड़ा-बंधागढ़ा जंगल के किनारे एक खेत के आर के नीचे जमीन में गड़ा एक 25 वर्षीय महिला का शव अनगड़ा पुलिस ने गुरुवार की देर रात बरामद किया। महिला का नाम सविता देवी बताया गया है। बताया गया कि मृतका अनगड़ा थाना क्षेत्र के जिन्तू बेड़ा निवासी शंकर महतो की पत्नी थी। महिला के पति शंकर महतो ने हीं उसे करीब 13 दिन पहले लाठी से पीट कर हत्या करने के बाद जंगल के किनारे गाड़ दिया था। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शंकर महतो ने पत्नी की हत्या कर मिट्टी में गाड़ देने के बाद 20 अक्टूबर को अनगाड़ा थाना में पत्नी की गुमसूदगी का सनहा दर्ज करवाया था। गुरुवार की शाम को कुछ चरवाहों ने महिला का एक पैर मिट्टी से बाहर निकला देख कर तत्काल इसकी सूचना अनगड़ा पुलिस की दी। सूचना पाकर घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने देर रात महिला के शव को मिट्टी से बाहर निकाला और शव की पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए शुक्रवार की सुबह रिम्स भेज दिया।

#### पति ने जुर्म कबूल किया

पुलिस ने महिला के पति को हिरासत मे लेकर सख्ती से पूछताछ करने पर पति शंकर महतो ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। बताया गया कि बराबर लड़ाई झगड़ा होने के कारण उसने लाठी से पीट कर पत्नी की हत्या कर दी और जुर्म छुपाने के चलते लाश को जमीन में गाड़ दिया और पुलिस को भी झूठा सूचना देकर गुमराह किया। पुलिस ने हत्या के आरोप में शंकर महतो को गिरफ्तार कर मामले की जांच पड़ताल में जुट गयी है।

## सिकिदिरी : प्लास्टिक की बोरी में बंद युवक का शव बरामद

**सिकिदिरी।** सिकिदिरी थाना पुलिस ने शुक्रवार की सुबह थाना क्षेत्र के नगराबेड़ा और सोसो गांव के बीच डेगाडेगी नदी के समीप से प्लास्टिक की बोरी में बंद एक 30 वर्षीय युवक का शव बरामद किया है। शव मिलते ही पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान करने का प्रयास किया, लेकिन युवक की पहचान नहीं हो सकी। आशंका जताई जा रही है कि युवक की हत्या अन्यत्र कर साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से यहां लाकर फेंक दिया गया होगा। शव प्लास्टिक की एक बोरी में रस्सी से बंधा हुआ था। चेहरे और शरीर के अन्य हिस्सों में चोट के निशान थे। युवक ब्लू रंग का जींस और चाकलेट रंग की वूलेन टी शर्ट पहने हुए था। पुलिस ने शव के पास से खैनी की एक पुड़िया बरामद किया है। शव देखने से प्रतीत हो रहा था कि युवक की हत्या बेरहमी से की गई है। शव से काफी बदबू आ रही थी। पुलिस ने शव का पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया।

## इटकी पहुंचा कोलेबिरा थाना में तैनात हवलदार का शव



**इटकी।** कोलेबिरा थाना में तैनात इटकी गढ़गांव निवासी हवलदार सत्यजीत कच्छप के मौत के बाद पुलिस शव को कोलेबिरा से लेकर शाम सात बजे गड़गांव टिकरा टोली पहुंची। शव को स्थानीय मसना में धार्मिक रीतिरिवाज के साथ शुक्रवार की देर रात अंतिम संस्कार कर दिया गया। शव के पहुंचते ही सैकड़ों ग्रामीणों ने गड़गांव चौंक से शव को जुलूस के साथ नारा लगाते मकान तक पहुंचे। मकान के निकट शव पहुंचते ही परिजन दहाड़ मार कर रोने लगे। पत्नी सावित्री कच्छप शव से लिपट रोने लगी। जिससे पूरा महौल गमगीण हो गया। इसके बाद सभी रश्मों को अदा कर शव का देर रात स्थानीय मसना में अंतिम संस्कार किया गया। सत्यजीत ने पत्नी सावित्री कच्छप और दो बेटे सहित भरापूरा परिवार पिछे छोड गया। बताते चलें कि कोलेबिरा थाने में सत्यजीत कच्छप हवलदार के पद पर तैनात थे। गुरुवार की रात आठ बजे सत्यजीत ने अपने सरकारी हथियार से खुद को गोली मार ली, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गयी।

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
"एक मिनीरत्न कंपनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कंपनी)
G20

सूचना

सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in / संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती हैं।

## सात किलो अफीम के साथ तस्कर धराया, दो फरार

● **52 सौ नकद और दो मोबाइल जब्त, चतरा बकचुंबा का है रघुबीर**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू।** सीनियर एसपी कौशल किशोर के निर्देश पर डीएसपी प्रवीण सिंह ने तिलता रिंग रोड स्थित कमलेश नगर से तस्कर रघुबीर ठाकुर को 7 किलो 100 ग्राम अफीम, 52 सौ नकद और दो मोबाइल सेट के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। जबकि दो अन्य फरार हो गये। दोनों की गिरफ्तारी के लिये छापेमारी की जा रही है।

पुलिस के हत्थे चढ़ा आरोपी चतरा जिले के राजपुर बकचुंबा निवासी स्व मोहन ठाकुर का पुत्र है। मामले को लेकर रातू थाने में प्रतिबंधित मादक द्रव्य अधिनियम की धारा के तहत मामला दर्ज किया गया है।

#### क्या है मामला



श्री किशोर को गुप्त सूचना मिली थी कि यहां अफीम की तस्करी होती है। दिन के 10 बजे खरीदार आने वाले हैं। श्री सिंह की अगुआई में टीम का गठन किया। जैसे ही टीम वहां पहुंची रघुबीर भागने लगा। पुलिस अधिकारी व सशस्त्र बल के जवानों से उसे खदेड़ कर दबोचा। तलाशी के दौरान घर के तहखाने से प्लास्टिक के पैकेट में रखे अफीम को जब्त कर लिया गया।

#### छापेमारी में थे शामिल

डीएसपी प्रवीण कुमार सिंह, पुलिस निरीक्षक सह थानेदार सपन कुमार महथा, अवर निरीक्षक चन्द्रनाथ उरांव, सहायक अवर निरीक्षक सुधीर कुमार, हवलदार गणेश साह, आरक्षी शशिकांत राय, विकाश चंद्र और शशिकांत दुबे आदि।

### मायापुर में सास-बहू, पति सम्मेलन

**खलारी।** मायापुर पंचायत सचिवालय में सास बहू पति सम्मेलन किया गया। कार्यक्रम का संचालन बीटीटी जयबीर एफव व आश्रम मुंडा ने किया। कार्यक्रम में लपरा व दुल्ली, केदल, लपरा, नावाडीह, हेसालोंग ग्राम से दो जोड़ी योग्य दंपति शामिल हुए।

### एसएसबी कैंप सताकी में वाहन चालन प्रशिक्षण शुरू

**राहे।** स्वरोजगार को प्रोत्साहन देने हेतु एसएसबी 26वीं बटालियन, कंपनी सताकी कैंप में शुक्रवार को वाहन चालन प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। एसएसबी 26वी बटालियन के कमांडेंट एसडी शेरखाने के नेतृत्व में नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत स्थानीय लोगों के उत्थान एवं मुख्य धारा में लाने हेतु वाहन चालन प्रशिक्षण कैंप लगा है।

उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गुमला।
(जिला ग्रामीण विकास अभिकरण)
E-Mail – drdagumla2013@gmail.com
Phone No. 06524-222209 Fax No. 06524-222209
–: अति अल्पकालीन निविदा :–

गुमला जिला में विभिन्न अवसरों पर आयोजित होने वाले वी0आई0पी0 कार्यक्रम के लिए जर्मन हेंगर पंडाल (5000 व्यक्तियों की क्षमता वाला), वातानुकूलित वी0आई0पी0 मंच सोफा सेट, वी0आई0पी0 कुर्सी, सजीव फुल सजावट वी0आई0पी0 बुके/पौधा, सी0सी0टी0वी0 एल0ई0डी स्क्रीन, टेबल, फाईबर कुर्सी, नया कारपेट, वी0आई0पी0 लाउंज, माईक सिस्टम, मोजो बैरिकेटिंग, लाईट जेनरेटर, स्टॉल आदि की व्यवस्था/कार्य एक दिन के लिए किया जाना है।

उपरोक्त सम्पूर्ण कार्य का एक दिन के लिए एक मुश्त दर निर्धारण हेतु दो लिफाफा प्रणाली के तहत निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 17/11/2023 को 12:00 पूर्वा0/अप0 तक जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, गुमला में प्राप्त की जाएगी। प्राप्त निविदा दिनांक 17/11/2023 को 03:30 पूर्वा0/अप0 विकास भवन समाकक्ष में जिला स्तरीय निविदा निस्तारण समिति के समक्ष खोला जायेगा। निविदा की विस्तृत जानकारी एवं अन्य शर्तें जिले के वेवसाईट www.gumla.nic.in तथा कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

PR 310571 Rural Development(23-24)D — उप विकास आयुक्त, गुमला। — उपायुक्त, गुमला।

## सोनाहातू में 75 लाख की योजनाओं का शिलान्यास

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सोनाहातू।** विधायक सुदेश महतो ने शुक्रवार को सोनाहातू प्रखंड के विभिन्न गांवों में 75 लाख लागत से कई योजनाओं का शिलान्यास किये। प्रखंड के जामुदाग गांव में प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना से 50 लाख से स्वास्थ्य केंद्र निर्माण कार्य तथा 25 लाख लागत से विधायक निधि से बरसालडीह गांव में 500 फीट पीसीसी सड़क, पुडदाग गांव में शमशान सेड निर्माण कार्य, गाड़ाडीह गांव में 300 फीट पीसीसी सड़क, डिबाडीह गांव में 500 फीट पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किये। मौके पर विधायक ने कहा कि गांव की जरूरत को पूरा किया जा रहा है। पेयजलए शिक्षा और स्वास्थ्य पर वृहत पैमाने पर काम किये जा रहे है। हमारा प्रयास जेनरेशन ग्रोथ को लेकर है। गांव को राशन ओर पेंशन से ऊपर लाना है। शिक्षा को लेकर स्मार्ट क्लास, निशुल्क कोंचिंग, निशुल्क बस सेवा, पुस्तकालय आदि की व्यवस्था किया जा रहा है। हर घर मे शुद्ध पेयजल पहुंचाने का काम किया जा रहा है। गांव में राजनीतिक जागरूकता लाने का काम किया गया है। योजनाओं के माध्यम से हम गांव में भरोसा देने का काम कर रहे है। इन्होंने गांव के एकता को तोड़ने वाले लोगों से सावधान रहने की अपील किया।

## चान्हो : प्रज्ञा केंद्र से 1.60 लाख की लूट

● **हथियार के बल पर दिया घटना को अंजाम**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चान्हो।** रांची-मेदनीनगर मुख्य पथ पर स्थित मदरसा चौक पर हथियार के बल पर दिन दहाड़े प्रज्ञा केंद्र से लाखों रुपए लूट की घटना को अंजाम दिया गया है। घटना शुक्रवार एक बजे की है। दुकान संचालक सफवान अंसारी ने बताया जुमा का वक्त था। लोग कम थे अपराधियों ने उसका फायदा उठाकर मेरी दुकान में घुसा और हाथियार का भय दिखा कर मेरा दुकान को लूट लिए। एक ने हेलमेट और दूसरा गमछा से सर बांधा हुआ था, जिससे पहचान नहीं पायी। मामले की जानकारी मिलने के बाद मौके पर चान्हो पुलिस पहुंच कर जांच में जुटी है। वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई है। संचालक के अनुसार एक लाख साठ हजार की लूट का अनुमान लगाया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### मांडर : घर का ताला तोड़ कर चार लाख नगद सहित छह लाख के जेवरात की चोरी

**मांडर।** बाजारटांड़ स्थित सेरोफिना टोप्पो नामक महिला के घर से चोरों ने चार लाख रुपये नगद सहित लगभग 10 लाख रुपए के सामान की चोरी का मामला सामने आया है। घटना गुरुवार दिन की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार सेरोफिना टोप्पो अपने तीन बेटियों के साथ मांडर थाना क्षेत्र के ही नगड़ा स्थित अपने पुराने घर गई थी। इसाई धर्म के अनुसार कल कब्र में पूर्वजों की पूजा करनी थी, जिस कारण पूरे दिन वह कल नगड़ा में ही रहे। देर शाम जब वह मांडर बाजारटांड़ अपने घर पहुंची तो देखा कि घर के मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ है। अंदर जाने पर उसने देखा कि आलमीरा का भी ताला टूटा है और सारा सामान बिखरा पड़ा है। उसने देखा कि अलमारी में रखे चार लाख रुपये नगद सहित 6 लाख रुपए के सोने चांदी के जेवर भी गायब थे। शुक्रवार की सुबह मामले को लेकर उसने मांडर थाने में प्राथमिक की दर्ज कराई है।

श्रम अधीक्षक का कार्यालय, सिमडेगा।

प्रेस विज्ञप्ति
सूचना

भारत सरकार के ई–श्रम पोर्टल में निबंधित असंगठित श्रमिकों के लिए अनुदान (ex-gratia) राशि का भुगतान किया जाना है, जिनकी मृत्यु दिनांक 26.08.2021 से 31.03.2022 के मध्य दुर्घटना से हुई हो अथवा दुर्घटना के कारण आंशिक/पूर्ण अपंगता हुई हो। सहायता राशि के अंतर्गत दुर्घटना में मृत्यु/पूर्ण अपंगता की स्थिति में 200000/– एवं आंशिक अपंगता की स्थिति में 100000/–रू0 का भुगतान किया जाएगा।
उक्त अनुदान की राशि का भुगतान हेतु निम्न दस्तावेजों को ऑनलाईन अपलोड किया जाना है:–
1. आवेदक का आधार कार्ड
2. मृतक का ई–श्रम कार्ड
3. मृत्यु प्रमाण पत्र/विकलांगता प्रमाण पत्र
4. मृत्यु से संबंधित चिकित्सा प्रमाण पत्र
5. एफ0आई0आर0 की प्रति (FIR)
6. पोस्टमार्टम रिपोर्ट
7. जिला न्यायालय द्वारा निर्गत अभिभवकता प्रमाण–पत्र (आवेदक के अल्पवयस्क होने की स्थिति में)
अनुदान राशि प्राप्त करने के लिए आवेदक को मार्च 2024 के पूर्व आवेदन करना अनिवार्य होगा।
अनुदान राशि के लिए आवेदन हेतु श्रम अधीक्षक कार्यालय, सिमडेगा इन्डोर स्टेडियम के निकट करें, अथवा मोबाईल नम्बर 7321033717/7667857602 पर संपर्क किया जा सकता है।

श्रम अधीक्षक,
सिमडेगा।
PR 310602 (Simdega) 23-24 (D)

## रातू : कार्तिक उरांव जयंती 27 को, तैयारी शुरू

● **कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचेंगे कई राज्यों के लोग**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू।** अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के संस्थापक कार्तिक उरांव की 99वीं जयंती 27 नवंबर को मनायी जायेगी। बाल विकास विद्यालय परिसर में आयोजित होने वाले समारोह की जोरशोर से तैयारी चल रही है। परिषद में बैठकों का सिलसिला जारी है। कार्यक्रम में झारखंड के अलावा बिहार, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश, असम, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, राजस्थान व छत्तीसगढ़ आदि राज्यों के हजारों श्रद्धालु भाग लेंगे। यह जानकारी राष्ट्रीय महासचिव डॉ लक्ष्मण उरांव ने दी। उन्होंने बताया कि यहां दर्जन भर कंपनी और संस्थान प्रदर्शनी लगाएंगे। इसमें ग्लोबल मार्केटिंग, खादी ग्रामोद्योग, विकास भारती, वरदान हॉस्पिटल, बनवासी कल्याण केंद्र, रामकृष्ण मिशन, लक्की होम डेकोरेटर, कृषि विश्वविद्यालय, हर्षित हॉस्पिटल व आदिवासी परिधान शामिल हैं। इधर आदिवासी विकास परिषद पड़हा संगठन संचालन समिति की ओर से छोटानागपुर राज उवि मैदान में स्व उरांव की जयंती मनायी जायेगी और जतरा भी लगाया जायेगा। जतरा में दर्जनों खोड़हा टीमें भाग लेंगी।

#### समाज के युवा उत्साहित



जयंती और जतरा में लोगों का हुजूम उमड़ेगा। इसे लेकर आदिवासी समाज के लोग, विशेषकर युवा बेहद उत्साहित हैं। नृत्य मंडली की बहनें लाल पार साड़ी की खरीदारी में जुट गयी हैं। कार्तिक उरांव की जयंती समारोह और मेला को लेकर क्षेत्र में मद्देनजर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये जायेंगे। स्वयंसेवक भी मुस्तैद रहेंगे। जतरा में सैकड़ों की संख्या में दुकानें सजेंगी। विद्युत चालित झूले आकर्षण के केंद्र होंगे।

## आदिवासी जमीन बिक्री के खिलाफ संगठित हुए समाज के लोग

**ओरमांझी।** आदिवाासी जमीन बचाने को लेकर आदिवासी समाज के लोग संगठित होकर अंदोलन करेंगे। पंचायत सचिवालय चकला में शुक्रवार को रमेश उरांव की अध्यक्षता आदिवासी समाज के लोगों की बैठक हुई। जिसमें प्रखंड स्तर पर जितने भी आदिवासी संगठन हैं सभी ने जमीन बचाओ अभियान में शामिल होने की बात कही। साथ ही सर्वसहमति से निर्णय लिया गया कि आदिवासियों की जमीन बचाने के लिए रांची जिले के सभी अंचल व उपायुक्त कार्यालय क घेराव किया जाएगा। आंदोलन में प्रखंड से लेकर जिला स्तर के सभी आदिवासी सामाजिक संगठनों को आंदोलन में शामिल होने का आह्वान किया गया। निर्णय लिया गया कि आदिवासी सामाज की जमीन की फर्जी डीड, फर्जी इस्तीफा, अवैध जमाबंदी, अवैध कब्जा को मुक्त करने के लिए सरकार से मांग की जाएगी।

#### बैठक में थे शामिल

बैठक में आदिवासी महासभा के संयोजक सह पूर्व मंत्री देव कुमार धान, केंद्रीय सरना समिति के मुख्य पहान जगलाल पहान, आदिवासी सरना समिति के अध्यक्ष अशोक मुंडा, भीम मुंडा, प्रेमनाथ मुंडा, प्रेम शाही मुंडा, कुदरसी मुंडा, लक्ष्मी नारायण मुंडा, अनीता गाड़ी, बलकू उरांव, बालक पहान आदि मौजूद थे।

Government of Jharkhand
Urban Development & Housing Department
Municipal Corporation, Hazaribag

e- Procurement Short Notice Inviting Tender
Reference No. - UDD/HMC/HZB/29/2023-24
1.Detail of work

| Group No. | Name of work | As per B.O.Q Cost (Rs.) | Earnest Money | Cost of BOQ | Completion period for construction |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Vending Zone Near New Colony in Ward No. 05 Under Municipal Corporation, Hazaribag. | 1,18,68,188/- | 2,40,000/- | 10,000/- +18% GST | 09 Month |
| 2. | Construction of Vending Zone Near Well's Ground in Ward No. 13 Under Municipal Corporation, Hazaribag. | 1,18,68,197/- | 2,40,000/- | 10,000/- +18% GST | 09 Month |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | Date of Publication of Tender on website | 08.11.2023 at 11:00 A.M. |
| 3 | Last Date/Time of receipt of bids online | 21.11.2023 up to 5:00 P.M. |
| 4 | Bid Opening date | 23.11.2023 at 11:00 A.M. |
| 5 | Name & Address of office inviting tender | Executive Engineer Municipal Corporation, Hazaribag. |
| 6 | Contact No. of Procurement officer | 8219204356 |

NOTE :
•Only e-Tenders will be accepted.
•Further details can be seen on website http:/jharkhandtenders.gov.in
•e-Procurement में Tender Fee एवं EMD की राशि ऑनलाईन सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेंस विभाग, झारखण्ड, रांची का आदेश ज्ञापांक 120, दिनांक 03.10.2023 एवं नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड रांची का पत्रांक 05/विविध (e-Tender)–12/2023/न0वि– 4847 (अनु.) दिनांक 11.10.2023 के तहत् ली जायेगी।

Sd/-
Executive Engineer
Municipal Corporation, Hazaribag
PR310597 (Urban Development and Housing)23-24*D

## 28 विद्यार्थियों को मिली 10-10 हजार की प्रोत्साहन राशि

● **टोल प्लाजा में छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** हजारीबाग टोल वे लिमिटेड द्वारा टोल प्लाजा ओरमांझी में शुक्रवार को छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी रामगढ़ निलम शर्मा, एनएचआई रांची के परियोजना निदेशक विजय कुमार, थाना प्रभारी आलोक सिंह सहित उपस्थित अतिथियों द्वारा विभिन्न स्कूलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 10वीं कक्षा के 28 छात्र-छात्राओं को 10-10 हजार प्रोत्साहन राशि व प्रसस्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर डीईओ निलम शर्मा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के गरीब बच्चों के भी सपने होते हैं। उन्हें सहयोग करने की जरूरत है। वहीं परियेजना निदेशक विजय कुमार द्वारा टोल प्लाजा परिसर में नये कंप्यूटर कक्ष का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि आज के समय में कंप्यूटर शिक्षा काफी महत्वपूर्ण है। गांव के गरीब बच्चे भी कंप्यूटर शिक्षा प्राप्त कर सकें इसके लिए यहां गरीब बच्चों को निःशुल्क कंप्यूटर शिक्षा दी जाएगी। वही टोला प्लाजा निदेशक चेतन मालवारी ने कहा कि कंपनी सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्य करती रही है। उन्होंने छात्रों से कहा कि गुगल ब्रहमांड की तरह है। एनआरसीटी सोलूशन से अपना ज्ञान बढाएं। बच्चों के भविष्य को उज्जवल बनाने में सभी को अपना सामाजिक दायित्व निभाना जरूरी है। उन्होंने स्कूली बच्चों को सोशल मीडिमा से दूर रहने व गुगल से जुड़ने का आह्वान किया। कहा कि कड़ी मेहनत करने वालों को ही किस्मत साथ देता है। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि शिक्षक ही अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाते हैं। शिक्षा के साथ चरित्र निर्माण भी करना जरूरी है। कार्यक्रम में थाना प्रभारी सहित अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। इससे पूर्व स्कूली छात्राओं द्वारा सांस्कृति नृत्य भी प्रस्तुत किया गया।




अतिथियों के साथ उपस्थित पुरस्कृति छात्राएं।

#### मौके पर ये लोग थे मौजूद

मौके पर क्यूरूट फाउंडेशन के प्रबंधक अंकिता खरेटा, स्नेहलिन अग्रवाल, हजारीबाग–रांची एक्सप्रेस वे के इंजीनियर सौरभ कुमार, प्रबंधक राजेश वर्मा, टोल प्लाजा प्रोजेक्ट मैनेजर रंजीत ठाकुर, प्रोजेक्ट मैनेजर सौरभ भदुरिया, स्कूल के शिक्षक, शिक्षिकाएं सहित हजारीबाग टोलवे हाईवेज व टोल प्लाजा कर्मी उपस्थित थे।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया
प्रपत्र संख्या–1

अति अल्पकालीन ई– निविदा (द्वितीय आमंत्रण)
निविदा संख्या :- 11/JMT/2023-24 — दिनांक 03-11-2023

| क्र0 स0 | विवरणी: कार्य का नाम | ग्रुप/संख्या | विस्तृत विवरणी: प्राक्कलित राशि | अग्रिम जमानत की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Running, Repairing, Operation and Maintenance (Civil & Mechanical) excluding Raw Water & Energy Charges for Reorganization Urban Water Supply Scheme Jhumritelaiya under D. W. & S. Division Jhumri Telaiya for the year 2023-24 (2nd Call) | JMT/URBAN | 59,45,040/- | 1,19,000.00 | 10,000.00 | 12 Month |
| 2 | बेबसाईट पर अपलोड करने की तिथि एवं समय | | 06-11-2023 at 5.00 अपराह्न | | | |
| 3 | निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | | 16-11-2023 को 5.00 अपराह्न तक | | | |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | | 17-11-2023 को 3.00 बजे अपराह्न | | | |
| 5 | निविदा करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया | | | |
| 6 | निविदा खोले जाने वाले पदाधिकारी एवं कार्यालय का नाम | | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया | | | |
| 7 | निविदा करनेवाले कार्यालय का संपर्क | | 06534-222505, 08987463859, ईमेलआईडी – eedwsd.jhumaritellaiya@gmail.com | | | |
| 8 | ई प्रोक्युरमेंट सेल का हेल्प लाईन नं0 | | 0651-2480345 | | | |

• परिमाण विपत्र की राशि घट/बढ़ सकती है।
• स्वीकृत्यादेश की प्रत्याशा में निविदा की जा रही है। स्वीकृत्यादेश के उपरांत ही कार्यादेश निर्गत किया जायेगा।
• अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र की राशि ऑनलाईन ही स्वीकार किया जायेगा।
• विस्तृत विवरण बेवसाईट http://jharkhand tenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जल ही जीवन है ! स्वच्छता प्राण है !

(ई0 अभय टोप्पो)
कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया
PR 310581 Drinking Water and Sanitation(23-24)#D

खबर मन्त्र

रांची। शनिवार 04 नवंबर 2023

अभिव्यक्ति

www.khabarmantra.live


# डेटा सिक्यूरिटी

अमेरिका की साइबर सिक्योरिटी फर्म रिसिक्योरिटी ने दावा किया कि करीब 81.5 करोड़ भारतीय नागरिकों की निजी जानकारी बदनाम डार्क वेब पर बिक्री के लिये उपलब्ध है। कहा जा रहा है कि कोविड टीकाकरण के पंजीकरण के लिये भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद द्वारा नागरिकों के आधारकार्ड के जरिये यह निजी जानकारी जुटाई गई थी। बताया जाता है कि कथित तौर पर यह जानकारी कोविड-19 के टीकाकरण रिकॉर्ड से निकाली गई है। भारतीय नागरिकों के निजी डेटा की सुरक्षा और गोपनीयता को लेकर चिंता बढ़ा दी है। यह जांच का विषय है कि कैसे इतने बड़े पैमाने पर नागरिकों का डेटा हैकरों द्वारा उड़ा लिया गया। इस गंभीर मामले की तह तक जाने की जरूरत है। अमेरिकी फर्म की यह रिपोर्ट भारत सरकार द्वारा डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण कानून लागू करने के कुछ ही माह बाद आई है। यह कानून डिजिटल व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा के अधिकार को सुनिश्चित करता है। आज यह जरूरी है ताकि देश में डेटा की चोरी व छेड़छाड की तमाम घटनाओं पर अंकुश लग सके। यह हमारी चिंता का विषय होना चाहिए कि वर्ष 2022 में दुनियाभर में डेटा के दुरुपयोग के जो 2.29 बिलियन मामले दर्ज किये गये, उनमें से 20 फीसदी मामले भारत में सामने आए। निस्संदेह, भारत में डेटा सुरक्षा सुनिश्चित करने को हमें अभी लंबा रास्ता तय करना है। दरअसल, हैकर इस मामले में सरकारी सुरक्षातंत्र को छकाने में कामयाब रहते हैं। भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति पर रोक लगाई जा सके। हमारे नागरिक, जो बिना किसी संदेह के सार्वजनिक व निजी एजेंसियों के साथ अपना व्यक्तिगत विवरण साझा करते हैं उन्हें व्यक्तिगत पहचान की चोरी, ऑनलाइन धोखाधड़ी और साइबर अपराधों के अन्य रूपों से व्यापक सुरक्षा प्रदान करने की आवश्यकता है।

# वैश्विक होता दीपोत्सव

यूपी के योगी सरकार में अयोध्या में शुरू किए गए दीपोत्सव में इस बार विदेशी कलाकार रामलीला का प्रदर्शन करेंगे। दीपोत्सव पर विश्व रिकार्ड बनाने के बाद से ही अयोध्या का दीपोत्सव विराट स्वरुप लेता जा रहा है। अपने पहले कार्यकाल से ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ में दीपावली के पहले अयोध्या में हर साल दीपोत्सव का आयोजन शुरू किया था। साल-दर-साल दीप जलाने के मामले में विश्व रिकॉर्ड बना रहे अयोध्या के दीपोत्सव में इस बार देशी व विदेशी कलाकारों की रामलीला रंग भरेगी। इस बार दीपोत्सव में रूस, सिंगापुर, नेपाल व श्रीलंका से कलाकार आ रहे हैं जो यहां पर रामलीला की प्रस्तुति देंगे। इसके अलावा देश के कई राज्यों के कलाकारों का दल भी रामलीला का प्रदर्शन करेगा। अयोध्या शोध संस्थान के निदेशक लवकुश द्विवेदी ने बताया कार्यक्रम में भव्य शोभायात्रा, रामलीला झांकी, स्थानीय, प्रादेशिक, राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय राम लीलाएं आयोजित की जाएगी। इसके अलावा रामायण मेले का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। दीपोत्सव में देश के 21 प्रदेशों की रामलीला, रामायण परंपरा पर आधारित लोक प्रस्तुतियों का भी आयोजन किया जाएगा। इसके लिए लगभग ढाई हजार कलाकार अयोध्या पहुंच रहे हैं। यह कार्यक्रम राम कथा पार्क के मुख्य मंच पर सायं कालीन विदेशी रामलीला से शुरू होगा। इसके अलावा अन्य विशेष मंचों में रामघाट, बिरला धर्मशाला, बड़ी देवकाली, गुप्तार घाट तथा भरत कुंड में तीन दिवसीय भजन कीर्तन एवं रामलीलाओं का आयोजन किया जाएगा। राम को आधार मानकर भारतीय संस्कृति की पुर्नस्थापना का यह अदभुत कार्य यूपी के योगी सरकार और केन्द्र के सहयोग से हो रहा है। अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर को उद्घाटन के के पूर्व यह आयोजन अपने आप में एक कीर्तिमान होगा जो अयोध्या को वैश्विक स्तर प्रदान करेगा।

# एक भारत श्रेष्ठ भारत के प्रणेता सरदार पटेल

**नेतृत्व** वही सफल होता है जो सबको साथ लेकर, सबका अपना होकर चले। निस्वार्थ भाव से राष्ट्रीयता के हित में निर्णय ले। ऐसे ही कर्मवीर व्यक्तियों का जीवन विलक्षण होता है, वे अपने जीवन काल में तथा उसके बाद प्रेरणास्त्रोत बने रहते हैं। इतिहास अक्सर ऐसे महान् लोगों से ऐसा काम करवा देता है जिसकी उम्मीद नहीं होती। और जब राष्ट्र की आवश्यकता का प्रतीक ऐसे महान् इंसान बनते हैं तो उसका कद सहज ही बड़ा बन जाता है। सरदार वल्लभ भाई पटेल ऐसे ही विराट व्यक्तित्व के धनी थे। वे एक राजनेता ही नहीं, एक स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं बल्कि इस देश की आत्मा थे। राष्ट्रीय एकता, भारतीयता एवं राजनीति में नैतिकता की वे अद्भुत मिसाल थे। आजादी के बाद विभिन्न रियासतों में बिखरे भारत के भू-राजनीतिक एकीकरण में केंद्रीय भूमिका निभाने के लिए पटेल को भारत का बिस्मार्क और लौह पुरूष भी कहा जाता है। उन्हें 1991 में भारत रत्न से सम्मानित किया जा चुका है। इस कर्मयौद्धा रूपी आकाश को कैसे मापें, कैसे राष्ट्रीयता के इस महासमन्दर को बांधे, कैसे नैतिक एवं चरित्रमूलक राजनीति की बुंदों को गिने? पटेल की राष्ट्रीयता को संगठित करने की बुलंद एवं विलक्षण उपलब्धियां उम्र के पैमानों में इतनी ज्यादा है कि उनके आलकन में गणित का हर फामूर्ला छोटा पड़ जाता है। भले ही वे आज हमारे बीच नहीं है लेकिन वे इस माटी के लिए किये गये उल्लेखनीय अवदानों के लिए सदियों तक याद किये जायेंगे।





**- ललित गर्ग**

> हमें केवल भगवान के आगे झुकना चाहिए, दूसरों के आगे नहीं। यहां तक कि अगर हम हजारों की दौलत भी गंवा दें और हमारा जीवन बलिदान हो जाए तो भी हमें मुस्कुराते रहना चाहिए। उन्हें देश के छोटे से छोटे स्तर के व्यक्ति की भी कितनी चिंता थी, उसी को व्यक्त करते हुए उन्होंने एकबार कहा था कि उनकी एक ही इच्छा है कि भारत एक अच्छा उत्पादक हो और इस देश में कोई भी व्यक्ति अन्न के लिए आंसू बहाता हुआ भूखा न रहे।

सरदार वल्लभ भाई पटेल ने अपने पुरुषार्थ से राष्ट्र का भाग्य रचा, उनका जन्म 31 अक्टूबर 1875 को गुजरात के नडियाड में हुआ। वे कृषक परिवार से थे। उनके पिता का नाम झवेरभाई पटेल एवं माता का नाम लाडबा देवी है। वे उनकी चैथी संतान हैं। लन्दन जाकर उन्होंने बैरिस्टर की पढाई की और वापस आकर अहमदाबाद में वकालत करने लगे। महात्मा गांधी के विचारों से प्रेरित होकर उन्होने भारत के स्वतन्त्रता आन्दोलन में भाग लिया। सरदार पटेल जन्म जयन्ती हमारे लिये प्रेरणा दिवस है। उनकी शिक्षाएं, जीवन-आदर्श एवं राष्ट्र को प्रदत्त अवदान हमें प्रेरणा देते रहेंगे। उनके विचार एवं सोच हमारे लिये जीवन को सफल एवं सार्थक बनाने का आधार है। वे कहते थे कि अगर कोई चीज मुफ्त मिलती है तो उसकी कीमत कम हो जाती है जबकि परिश्रम से पाई हुई चीज की कीमत ठीक तरीके से लगाई जाती है। लोगों को मेहनत और कर्म के लिए प्रेरित करते हुए वे कहा करते थे कि यह सच है कि पानी में तैरने वाले ही डूबते हैं, किनारे पर खड़े रहने वाले नहीं लेकिन इससे भी बड़ा सच यह है कि किनारे पर ही खड़े रहने वाले लोग तैरना भी नहीं सीखते।

अहिंसा का समर्थन करते हुए सरदार पटेल का कहना था कि कायरों की अहिंसा का कोई मूल्य नहीं है। जो तलवार चलाना जानते हुए भी तलवार को म्यान में रखता है, उसकी अहिंसा सच्ची अहिंसा होती है। वह कहते थे कि आपकी अच्छाई आपके मार्ग में बाधक है, इसलिए अपनी आंखों को क्रोध से लाल होने दीजिए और अपने मजबूत हाथों से अन्याय का डटकर सामना कीजिए। पटेल सदैव कहते थे कि गरीबों की सेवा ही ईश्वर की सेवा है। उनका कहना था कि हमारा सिर कभी न झुकने वाला होना चाहिए। हमें केवल भगवान के आगे झुकना चाहिए, दूसरों के आगे नहीं। यहां तक कि अगर हम हजारों की दौलत भी गंवा दें और हमारा जीवन बलिदान हो जाए तो भी हमें मुस्कुराते रहना चाहिए। बहुत बोलने से कोई लाभ नहीं होता बल्कि हानि ही होती है। उन्हें देश के छोटे से छोटे स्तर के व्यक्ति की भी कितनी चिंता थी, उसी को व्यक्त करते हुए उन्होंने एकबार कहा था कि उनकी एक ही इच्छा है कि भारत एक अच्छा उत्पादक हो और इस देश में कोई भी व्यक्ति अन्न के लिए आंसू बहाता हुआ भूखा न रहे।

सरदार पटेल का जीवन और दर्शन भातीयता को सुदृढ़ करने में नियोजित करने में लगा रहा है। एकता में सबसे बड़ा बाधक स्वहित है। आज के समय में स्वहित ही सर्वोपरि हो गया है। आज जब देश आजाद है, आत्मनिर्भर है तो वैचारिक मतभेद उसके विकास में बेड़ियां बनी हुई हैं। आजादी के पहले इस स्वार्थी दृष्टिकोण एवं स्वहित की भावना का फायदा अंग्रेज उठाते थे और आज देश के राजनीतिक लोग।

देश में एकता के स्वर को सबसे ज्यादा बुलंद सरदार पटेल ने किया था। उनकी सोच, उनका दर्शन, उनकी राष्ट्रीयता के कारण ही आज हम एकसूत्रता में बंध हुए हैं। उनकी सोच आज के युवा जैसी नयी सोच थी। वे सदैव देश को एकता का संदेश देते थे। राष्ट्रीयता को उन्होंने केवल परिभाषित ही नहीं किया बल्कि उसे संगठित करके दिखाया। वे अपनी निजी त्याग, राष्ट्रीयता के प्रति सर्वस्व बलिदान कर देने की भावना एवं कठिन जीवनचर्या को वर्चस्व बनाकर किसी पर नहीं थोपते अपितु व्यक्ति की स्वयं के कमजोरियों को उसे महसूस करवाकर उससे उसको बाहर निकालने का मानवीय स्पर्श करते थे। आपने साल का वृक्ष देखा होगा- काफी ऊंचा शील का वृक्ष भी देखें- जितना ऊंचा है उससे ज्यादा गहरा है। सरदार पटेल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व में ऐसी ही ऊंचाई और गहराई थी। जरूरत है इस गहराई को मापने की। उन्हें भारतीय राजनीति का आदर्श बनाकर प्रस्तुत करने की।

अपनी वकालत के दौरान उन्होंने कई बार ऐसे केस लड़े जिसे दूसरे निरस और हारा हुए मानते थे। उनकी प्रभावशाली वकालत का ही कमाल था कि उनकी प्रसिद्धि दिनों-दिन बढ़ती चली गई। गम्भीर और शालीन पटेल अपने उच्चस्तरीय तौर-तरीकों लिए भी जाने जाते थे। वे अपना कर्तव्य पूरी ईमानदारी, समर्पण व हिम्मत से साथ पूरा करते थे। उनके इन गुणों का साक्षात्कार तब हुआ जब सन1909 में वे कोर्ट में केस लड़ रहे थे, उस समय उन्हें अपनी पत्नी की मृत्यु (11 जनवरी 1909) का तार मिला। पढ़कर उन्होंने इस प्रकार पत्र को अपनी जेब में रख लिया जैसे कुछ हुआ ही नहीं। दो घंटे तक बहस कर उन्होंने वह केस जीत लिया।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## खास बात

# जहरीली हवा

**सुधांशु कुमार**

**यह** अब हर साल का किस्सा है कि जाड़े की आहट के साथ दिल्ली व उत्तर भारत के दूसरे शहरों में प्रदूषण की परत वातावरण पर हावी हो जाती है। दरअसल, चिंता की बात यह है कि कोरोना संकट के बीच यह प्रदूषण बेहद घातक साबित हो सकता है। यह तथ्य सर्वविदित है कि कोविड-19 महामारी का संक्रमण सांस नली और फेफड़ों पर मारक होता है। जैसे कि चिकित्सा विशेषज्ञ बता रहे हैं कि यह प्रदूषण कोरोना संकट को घातक बना सकता है। पिछले दिनों दो चिंता बढ़ाने वाली रिपोर्टें सामने आईं जो बताती हैं कि उत्तरी क्षेत्र एक खतरनाक प्रदूषण वाली धुंध की चादर में ढका है। एक रिपोर्ट बताती है कि हरियाणा का बल्लभगढ़ पी.एम. 2.5 प्रदूषक कणों के चलते देश में सबसे प्रदूषित शहर है, जिसका 340 स्तर वायु गुणवत्ता सूचकांक के लिहाज से बहुत खराब है। दूसरे स्टेट ऑफ ग्लोबल एयर 2020 की रिपोर्ट के निष्कर्ष के अनुसार वायु प्रदूषण पी.एम. 2.5 कणों के चलते स्वास्थ्य जोखिमों में मृत्यु का सबसे बड़ा कारण है। रिपोर्ट बताती है कि भारत में दूषित वायु के चलते वर्ष 2019 में हृदय व फेफड़ों के रोगों, मधुमेह तथा नवजातों की बीमारियों के कारण साढ़े सोलह लाख से अधिक मौतें हुईं, जिसे हमारे सत्ताधीशों को एक खतरनाक स्थिति के रूप में देखना होगा।

दरअसल यह चिंताजनक है कि वर्ष 2010 के बाद देश की वायु में पी.एम. 2.5 कणों का स्तर लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में उन कारकों से मुकाबले की चुनौती लगातार बढ़ी है जो हवा में जहरीले कणों में इजाफा करते हैं। मसलन यातायात, अपशिष्ट पदार्थ, धूल, उद्योग और पराली जलाना आदि। हम सोचें कि पंजाब में इस बार पराली जलाने की घटनाओं में तीन गुना वृद्धि क्यों हुई। कमोबेश हरियाणा में भी पराली जलाने की घटनाओं में सत्तर फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है।

घटनाक्रम सत्ताधीशों को चेताता है कि जन स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों पर शिकंजा कसें। दरअसल, केंद्र के कृषि सुधार कानून पर पंजाब में किसानों के उबाल को देखते हुए केंद्र सरकार किसानों पर सख्ती से से बच रही है।

# आत्मज्ञान की पहचान

## धर्म-प्रवाह

**साध्वी मनीषा**

**आत्मज्ञानी** के हृदय की वाणी में तर्क का स्थान नहीं होता बल्कि पूर्ण सत्य विराजमान होता है। आत्मज्ञानी की वाणी में एक प्रामाणिकता होती है, जो किसी प्रमाण के आधार पर नहीं बल्कि हृदय के अनुभव से आती है। जिसने भी अभ्यास से स्वयं को जाना है, जिसने भी हृदय में शांति का अनुभव किया है, वो परमात्मा के साथ एक हो गया है। तब उसकी वाणी ही शास्त्र और वेद बन जाती है। इसका वर्णन इस प्रकार है। सिमरण क्रिया के अभ्यास में जब मन स्वांसों के साथ एकाकार होता है तो स्वांसों के भीतर की शक्ति हृदय में जाना शुरू कर देती है और व्यक्ति अनहद नाद के मधुर संगीत की धुन में सच्चे प्रेम से भर जाता है। उस व्यक्ति से सच्चे प्रेम की हवा चारों तरफ बहना शुरू कर देती है जिससे दुखी व्यक्ति दुख भूल जाता है और अशांत व्यक्ति शांत हो जाता है।

स्वांसों के भीतर की शक्ति जब अभ्यास से कंठ में आती है तब वाणी में एक माधुर्य आ जाता है। तब जो भी शब्द निकलते हैं तो उससे सभी तृप्त हो जाते हैं और मौन में भी व्यक्ति का अस्तित्व बोलता है। प्रकाश क्रिया के अभ्यास से जब स्वांसों के भीतर की शक्ति आज्ञा चक्र पर आती है तो भीतर की बत्ती जल जाती है और निराकार का दर्शन होता है, उससे पहले सिर्फ आकार दिखाई देते हैं। फिर यही शक्ति ऊपर जाती है और सहस्त्रार को छूती है जो ऐसा है जैसे सहस्त्र पंखुड़ियों वाला कमल हो तो पूरा व्यक्तित्व खिल जाता है।

स्वाध्याय एवं आत्मनिरीक्षण के अनंतर ही श्रेष्ठ विचारों का उदय होता है। मनुष्य के भोग-भाग्य और प्रारब्ध आदि का मूल भी सदविचार और सद्प्रेरणाएँ ही है, क्योंकि वर्तमान के प्रयत्न चिंतन विचार और व्यवहार से ही भविष्य की नींव तैयार होती है। अतः सद्ग्रन्थ और अच्छी पुस्तकें हमारी उन्नति में अत्यन्त सहायक हैं ।

**– स्वामी अवधेशानंद गिरी**

## आपके ट्वीट

गोरखपुर में दिग्विजयनाथ भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'पर्यावरण, प्रौद्योगिकी एवं सतत ग्रामीण विकास' विषयक दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन समारोह में सहभाग किया। **–योगी आदित्यनाथ**





इधर तोते की गर्दन पकड़ी, उधर क्रूर राजा तड़प रहा है!

जितनी जासूसी करनी है कर लो - हम डरने वाले नहीं, लड़ने वाले हैं।

**– राहुल गांधी**

# अखंड और आधुनिक भारत के निमार्ता सरदार पटेल

**सीता राम शर्मा चेतन**

**बहुत** कम लोग जानते हैं कि जब देश आजाद हुआ तब सबसे बड़ी समस्या पाकिस्तान विभाजन नहीं, पाकिस्तान के हिस्से से मुक्त क्षेत्र को एक सूत्र में पिरोने की थी। मुस्लिम लीग की अलग देश पाकिस्तान की मांग जिन्ना की जिस व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा का परिणाम थी, ठीक वैसी ही स्थितियां देश के कई हिस्सों में थी, जिसे सरदार वल्लभ भाई पटेल के देशप्रेम,राजनैतिक कौशल और दृढ़ इरादे के बूते परास्त किया जा सका था ।

अंग्रेजी हुकूमत द्वारा भारत छोड़ने अर्थात इसे आजाद करने की घोषणा के पश्चात देश की 565 रियासतों के अति महत्वाकांक्षी शासकों को एक अखंड भारत में पिरोने का काम बेहद मुश्किल था । सबकी अपनी अलग-अलग महत्वाकांक्षाएं थी । गांधी और नेहरु के लिए भी यह कार्य अत्यंत मुश्किल था, तब इस कार्य के लिए जो व्यक्ति आशा के केंद्र में था । वह थे, लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल । उन्होंने सभी रियासतों को यह स्पष्ट कहा था, कि अलग राज्य का उनका सपना असंभव है और भारतीय गणतंत्र का हिस्सा बनने में ही उनकी भलाई है । आजादी के समय 565 रियासतों में कई राजा और नवाब थे, जो देशभक्त और जागरूक थे । पर उनमें से कई दौलत और सत्ता के नशे में थे । जो स्वतंत्र भारत की सरकार की तरह बराबरी का दर्जा चाहते थे । उनमें से कुछ तो इसके लिए संयुक्त राष्ट्र में अपने प्रतिनिधि भेजने की तैयारी में थे । तब सरदार पटेल ने ही उनसे कहा था कि वे देश की

## स्मरण

स्वतंत्रता से जुड़े और एक जिम्मेवार शासक की तरह व्यवहार करते हुए जनता की भलाई के लिए कार्य करें । देश की 562 रियासतों का बिना शस्त्र उठाए एकत्रीकरण कर चुके सरदार पटेल के सामने जूनागढ़, हैदराबाद और जम्मू-कश्मीर की रियासतें आजाद भारत की सबसे बड़ी चुनौती थी । उनके नहीं मानने से कई और रियासतों के विद्रोही होने की संभावना हो सकती थी । देश के पहले गृहमंत्री और उपप्रधान मंत्री बने सरदार पटेल ने पाकिस्तान परस्त जूनागढ़ निजाम को और फिर हैदराबाद निजाम को घुटने टेकने पर विवश कर दोनों रियासतों का विलय कर लिया था । जम्मू कश्मीर नेहरू ने अपने हाथों में रखा था, जिसका परिणाम जगजाहिर है । सरदार पटेल द्वारा 564 रियासतों का सफलतापूर्वक एकत्रीकरण किए जाने के लिए ही देश ने उन्हें लौह पुरुष की उपाधि दी थी । सरदार पटेल के इस सफल प्रयास के लिए ही उन्हें आधुनिक भारत का निमार्ता भी कहा जाता है ।

31 अक्टूबर 1875 को गुजरात के नाडियाड में एक साधारण किसान झवेर भाई पटेल के घर में जन्म हुआ। घोर अभाव में अपनी वकालत की पढ़ाई पूरी कर एक प्रसिद्ध वकील बनने के बाद गांधी जी के संपर्क में आकर वल्लभ भाई पटेल ने 1918 में अंग्रेजी हुकूमत की गलत नीतियों के खिलाफ हुए खेड़ा किसान आंदोलन की अगुवाई की थी । गांधीजी के साथ स्वतंत्रता आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाते हुए 1928 में एक बार फिर बारडोली में हुए किसान आंदोलन का उन्होंने सफल नेतृत्व किया था । दोनों ही आंदोलनों में अंग्रेजी हुकूमत को उन्होंने घुटने टेकने पर विवश कर दिया था । बारडोली में हुए किसान आंदोलन की सफलता के बाद वहां की महिलाओं ने उन्हें अपना सरदार कह कर पुकारा था । जो आगे चल कर उनके अगाध देशप्रेम और जीवट व्यक्तित्व से प्रभावित हुई भारतीय जनता की आवाज बन गया था । आजादी के बाद सरदार पटेल ने देशवासियों से कहा था - यह हर एक नागरिक की जिम्मेदारी है, कि वह यह अनुभव करे कि उसका देश स्वतंत्र है और उसकी स्वतंत्रता की रक्षा करना उसका कर्तव्य है ।

(ये लेखक के निजी विचार है।)

## कॉर्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### विस्तार मिले

**हिंदी** एक भाषा ही नहीं अपितु भारतीय संस्कृति की आत्मा एवं संस्कारों का प्रतिबिंब तथा राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। हिंदी को अधिक शक्तिशाली बनाने की आवश्यकता है। हिंदी को साहित्य, संस्कार एवं संस्कृति के अतिरिक्त शोध, अनुसंधान, ज्ञान-विज्ञान, जनसंचार, प्रौद्योगिकी तथा रोजगार से भी जोड़ने की आवश्यकता है। देश की समृद्धि हिंदी की समृद्धि से जुड़ी है। **–शमशेर शर्मा, खूंटी**

### तबाही की राह

**भारत** तथा चीन में लद्दाख तथा पैंगोंग झील के आसपास चीनी घुसपैठ को लेकर तार्किक विचार व्यक्त करने वाला था। दोनों देशों के बीच विभिन्न स्तरों पर संघर्ष से पहले की स्थिति कायम करने को लेकर समझौता भी हो गया था लेकिन इस पर अमल करने के बजाय चीन ने भारत के अन्य क्षेत्रों में घुसपैठ करने की असफल कोशिश की।

**–श्यामलाल कौशल,रांची**

# रह-रहकर हमें रूला रहे आलू-प्याज-टमाटर, क्या स्टोरेज क्षमता नहीं है ?

इस समय अलग-अलग शहरों में प्याज की कीमतें 40 रु. प्रति किलो से लेकर 80 रु. प्रति किलो तक पहुंच चुका है. दाम में बढ़ोतरी पिछले दो सप्ताह में हुए हैं. कीमतों पर लगाम लगाने के लिए सरकार ने प्याज के निर्यात पर 40 फीसदी का लेवी लगा दिया है. अफगानिस्तान से प्याज के आयात को मंजूरी दे दी. दो लाख टन का अतिरिक्त बफर जोन बनाया गया है. इस दौरान पांच लाख टन प्याज उत्पादित भी हुए हैं.प्याज भारतीय किचन का एक अहम घटक है. इसकी कीमतों में इजाफा सीधे-सीधे हरेक भारतीय परिवार को प्रभावित करता है. यह मामला इतना अधिक संवेदनशील है कि सरकारें बदल जाती हैं। 1998 में दिल्ली में भाजपा सरकार प्याज की कीमतों की वजह से चली गई थी। उसी साल राजस्थान में भी भाजपा की हार में प्रमुख कारण प्याज की कीमतें थीं। 2010 में जब ऐसी स्थिति आई थी, तब मनमोहन सिंह सरकार ने प्याज निर्यात पर रोक लगा दी थी। तब से किसी भी सरकार ने इस मामले को हल्के में नहीं लिया है.

हालांकि, सरकार उस समय उतनी गंभीर नहीं दिखती है, जब प्याज का उत्पादन लिमिट से अधिक हो जाता है. तब किसानों को बेहतर दाम उपलब्ध करवाएं, इस पर त्वरित ढंग से विचार नहीं किया जाता है. कुछ राज्यों ने कदम जरूर उठाए हैं। जैसे- मध्य प्रदेश ने प्याज की फसल पर लागत से 10 फीसदी अधिक का भुगतान किया है. लेकिन दूसरे राज्यों में भी

## कृषि

ऐसे कदम उठाए जाएं, ऐसा नहीं हुआ है. क्या केंद्र सरकार भी ऐसे कदम उठा सकती है, इस पर कोई ठोस जवाब नहीं मिला है.भारत में प्याज की जितनी खपत है, उतना अधिक उत्पादन नहीं हो पाता है. इस साल महाराष्ट्र में गर्मी के लंबा खिंचने की वजह से उत्पादन प्रभावित हुआ है. राजस्थान में भी ऐसी ही स्थिति देखी गई। शायद मौसम ठीक रहता, तो कुछ बेहतर स्थिति हो सकती थी। ऊपर से कोल्ड स्टोरेज का अभाव, स्थिति को और अधिक दयनीय बना देता है.

खाद्य पदार्थों की कीमतों में इजाफा चिंता की बड़ी वजह है. एक बार मान लीजिए कि जल्द खराब होने वाले इन खाद्य वस्तुओं की कीमतों में स्थायित्व आ जाता है, तो इसके बाद नॉन पेरिशेबल आइटम (अनाज, मसाला, दाल) की महंगाई हमारी और आपकी पॉकेट को प्रभावित करेगी।पिछले महीने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने पेरिशेबल सप्लाई चेन को ठीक करने के लिए व्यापक सुधार पर जोर दिया था। इसमें वेयर हाउस, स्टोरेज तकनीक और परिवहन व्यवस्था को बेहतर बनाने पर विचार किया गया था। लेकिन प्याज की कीमतों में इजाफा बताता है कि या तो कोई कदम नहीं उठाए गए हैं, या फिर जो भी कदम उठाए गए हैं, वे पर्याप्त नहीं हैं। हमें जिस स्केल पर सुधार की जरूरत है, उससे हम बहुत दूर हैं।

राजनीतिक और आर्थिक नजरिए से देखेंगे, तो टमाटर, प्याज और आलू- तीनों ही बहुत ही संवेदनशील हैं। इनकी कीमतें सीधे-सीधे उपभोक्ताओं को प्रभावित करती हैं। आप अमीर हैं या गरीब, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है, इन उत्पादों का उपभोग सब जगह होता है. इसलिए नीति निर्धारकों को उस स्तर पर जाकर विचार करना होगा।अगर प्राइस स्टेबिलिटी बनी रहेगी, तो कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स बास्केट के 90 फीसदी आइटम्स के प्राइस फंडामेंटल्स ठीक रहेंगे। अगर आप नीतियों में बदलाव लाते हैं, तो टमाटर, प्याज और आलू की कीमतों पर नियंत्रण लगाया जा सकता है. इसके लिए आपको पूरी चेन व्यवस्था को ठीक करना होगा।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### उज्जवला समिति के अध्यक्ष बने डीसी



**रामगढ़।** सरकार के निर्देश के आलोक में जिला स्तर पर उज्जवला समिति गठित करने की प्रक्रिया शुक्रवार को संपन्न हुई।जिसके तहत जिला स्तर पर गठित उज्जवला समिति के अध्यक्ष उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार होंगे। वहीं, सदस्य के रूप में जिला आपूर्ति पदाधिकारी रंजीता टोप्पो, सहायक प्रबंधक आइओसीएल नंदलाल कुशवाहा, एरिया सेल्स मैनेजर बीपीसीएल इंद्रनील अग्रवाला एवं जिला नोडल पदाधिकारी के रूप में एरिया सेल्स मैनेजर एचपीसीएल अनिरुद्ध गुप्ता होंगे। उपायुक्त के कार्यालय कक्ष में आयोजित जिला उज्जवला समिति की पहली बैठक के दौरान जिले में वर्तमान में संचालित उज्जवला कनेक्शनों की जानकारी ली।

### छात्रों का बना मतदाता पहचान पत्र




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जेएम कॉलेज के राजनीतिक विज्ञान के प्रो. विजय कुमार मिश्र सह नोडल अधिकारी (चुनाव आयुक्त) के जवाहर नगर स्थित आवास पर मतदाता पहचान पत्र बनाने को लेकर शुक्रवार को शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रो. विजय कुमार मिश्रा के देख-रेख में जेएम कॉलेज के दर्जनों छात्र-छात्राओं का मतदाता पहचान प्रमाण पत्र बनाया गया। इसके पूर्व प्रो. विजय कुमार मिश्र ने जेएम कॉलेज के छात्र-छात्राओं को फोन के माध्यम से शिविर की सूचना देकर बुलाया अपने आवास पर बुलाया। जहां छात्र-छात्राओं का उनके आधार कार्ड से वोटर कार्ड का मिलान कर फार्म जमा किया गया। इसके बाद सभी फार्म को ब्लॉक भेजा गया। मौके पर अप्पू मिश्रा, पवन कुमार मिश्रा, नीतिन मिश्रा सहित जेएम कॉलेज के कई छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### छिन्नमस्तिका मंदिर में काली पूजा 12 को



**रजरप्पा।** रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्तिके मंदिर में काली पूजा की तैयारी जोर-शोर चल रही है। न्यास समिति की ओर से मंदिर का रंग रोगन व सफाई शुरू हो गई है। 12 नवंबर को काली पूजा को देखते हुए मंदिर स्थित हवन कुंडों की साफ-सफाई व रंग-रोगन किया जा रहा है, ताकि तांत्रिक व साधक हवन कर सिद्धि प्राप्त कर सके. कार्तिक अमावस्या की काली रात तंत्र-मंत्र की सिद्धि और साधना के लिए अहम मानी जाती है। सिद्धपीठ रजरप्पा स्थित छिन्नमस्तिका मंदिर तंत्र-मंत्र की साधना और सिद्धि के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है, इसीलिए कई बड़े तांत्रिक साधक यहां पहुंचते हैं। कई खुले आसमान के नीचे तो कई पहुंचे हुए तांत्रिक श्मशान भूमि और घने जंगलों में भी गुप्तरुप से तंत्र-मंत्र सिद्धि के लिए साधना करेंगे। सिद्धि के लिए यह भूमि प्रभावशाली मानी जाती है। छिन्नमस्तिका दक्षिणेश्वरी काली मंदिर को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया जाएगा। कार्तिक अमावस्या पर पूजा-अर्चना के लिए इन मंदिरों के पट रातभर खुले रहेंगे और पूजा होती रहेगी।

### खोपड़िया बाबा धर्मशाला में पौधरोपण



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा बाजार स्थित खोपड़िया बाबा धर्मशाला सह प्राचीन हनुमान मंदिर परिसर में शुक्रवार को पौधारोपण किया गया। इस दौरान आम, पीपल, कटहल सहित दर्जनों फलदार और छायादार पौधे लगाए गए। मौके पर समाजसेवी राजकिशोर पांडेय उर्फ राजू पांडेय ने कहा कि पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए पौधारोपण जरूरी है। उन्होंने कहा की एक पेड़ सौ पुत्रों के समान होता है। इसलिए सबों को अपने जीवन काल में कम से कम एक पौधा जरूर लगाना चाहिए। मौके पर युगल किशोर पांडेय, परमजीत सिंह धामी, प्रदीप मांझी, राजकिशोर पांडेय, विनय कुमार मिश्रा, संजय अग्रवाल, सतीश मोहन मिश्रा, दिलीप अग्रवाल, पिंटू अग्रवाल, बिल्लू रजक, बुधन कुमार, ओम प्रकाश साहू, अभिषेक मिश्रा, अमित शर्मा, पवन कुमार, प्रदीप, कृष्ण यादव आदि मौजूद थे।

### बीडीओ ने किया पथ निर्माण की जांच

**गोला।** गोला प्रखंड क्षेत्र के पुरबडीह पंचायत अंतर्गत बरवाटांड़ मिलन चौक से लेकर कामेश्वर महतो पिता स्व प्यारी महतो के घर तक डीएम एफटी मद से गार्डवाल व 3 सौ मीटर पीसीसी पथ का निर्माण कराया जा रहा है। हालांकि गार्डवाल का काम पूरा हो चुका है। कामेश्वर महतो ने मुख्यमंत्री हेंमत सोरेन को आवेदन देकर कार्य की जांच कराने की मांग किया है। बीडीओ को पीसीसी पथ निर्माण कार्य का जांच करने का निर्देश दिया। अधिकारियों के निर्देश पर शुक्रवार को गोला बीडीओ संजय कुमार सांडिल्य ने कार्य स्थल पर पहुंचकर कार्य का निरीक्षण किया। बीडीओ ने बताया कि पीसीसी पथ का निर्माण कार्य शुरू हुआ ही नहीं और अनियमितता का आरोप लगाना गलत है।

### चित्रगुप्त पूजा और भंडारा 15 को



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्रीश्री चित्रगुप्त मंदिर रिवर साइड भुरकुंडा में शुक्रवार को चित्रांश परिवार की बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि श्री चित्रगुप्त पुजा धूमधाम के साथ मनाया जायेगा। पुजा में सहयोग राशि 1100 रुपए प्रति चित्रांश परिवार तय की गई। कहा गया की आगामी 15 नवंबर को श्री चित्रगुप्त पुजा, भंडारा के साथ संपन्न होगा। मौके पर विकासकांत सिन्हा, पंकज सिन्हा, सुनील कुमार सिन्हा, नितेश सिन्हा, सुमित अंबाष्टा, कुंवर प्रसाद बक्शी, प्रशांत कुमार, मनीष बक्शी, अनुप बक्शी आदि मौजूद थे।

### कार्यकर्ताओं ने सांसद का किया स्वागत

**रामगढ़।** शुक्रवार को 2 बजे दिल्ली से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न कार्यक्रम में शामिल होना जा रहे सांसद जयंत सिन्हा कुछ देर के लिए पटेल चौक पर रुके। जहां रामगढ़ जिला के प्रथम अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि प्रकाश मिश्रा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। सिन्हा ने पटेल चौक स्थित ट्रामा सेन्टर का औचक निरीक्षण किया। जहां डॉक्टरों की अनुपलब्धता की जानकारी स्वास्थ्यकर्मियों से ली। सेंटर हेड ने बताया कि यहां चिकित्सक को कॉल कर बुलाया जाता है।

# दामोदर के दोनों किनारे बच्चों के नाम पर लगायें वृक्ष : डीसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

### नमामि गंगे योजना के तहत गंगा रन आयोजित



**रामगढ़।** नमामि गंगे योजना अंतर्गत शुक्रवार को एक से आठ नवंबर तक मनाए जा रहे गंगा उत्सव के तहत शुक्रवार को रामगढ़ में गंगा रंग का आयोजन हुआ। सुभाष चौक से अनुमंडल कार्यालय तक गंगा रन किया गया। उपायुक्त चंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे, उप विकास आयुक्त रॉबिन टोप्पो, विख्यात बॉक्सर अरुणा मिश्रा सहित जिले के वरीय अधिकारियों, अधिकारियों, दामोदर बचाव संस्था के सदस्यों एवं बड़ी संख्या में अन्य लोगों ने गंगारन कार्यक्रम में हिस्सा लिया।गंगारन का शुभारंभ उपायुक्त द्वारा मशाल ज्वलित कर किया गया।

डीसी ने नमामि गंगे योजना अंतर्गत गंगा उत्सव के तहत आयोजित मैराथन में शामिल होने के लिए सभी को शुभकामनाएं दी। उपायुक्त ने कहा कि भारत में हमेशा से ही नदियों का अपना एक अलग महत्व रहा है। नदिया न केवल इंसानों की कई मूलभूत जरूरतों को पूरा करती है, बल्कि इसका निरंतर चलते रहना पर्यावरण अच्छा रहने का भी संकेत है। इससे पता चलता है कि वातावरण सुरक्षित है। उपायुक्त ने कहा कि हाल ही में हुई बैठकों से यह पता चलता है कि लगभग 90% कारखानों का दूषित पानी अब दामोदर नदी में नहीं जा रहा है। हमारा प्रयास होना चाहिए कि घरों से निकलने वाला दूषित पानी भी बिना ट्रीटमेंट के नदियों में न जाए। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में एक और प्रयास किया जा रहा है कि रामगढ़ जिले से बह रही लगभग 40 किलोमीटर लंबी दामोदर नदी के दोनों तरफ जिलेवासियों, बच्चों व अन्य के नाम से एक-एक पेड़ लगाया जाए। ताकि लोग नदियों तथा अन्य जल स्रोतों में स्वच्छता के प्रति और भी जुड़ाव महसूस करें। जिसके उपरांत उपायुक्त ने पुनः सभी से नदियों तथा अन्य जल स्रोतों को स्वच्छ रखने की अपील की। पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे ने कहा कि वर्तमान में केंद्र एवं

**भारत में नदियों का महत्व इंसानी जिंदगी से जुड़ा हुआ है: एसपी**

राज्य सरकार द्वारा नदियों को स्वच्छ रखने के उद्देश्य कई परियोजनाएं चलाई जा रही है। लेकिन हमारा प्रयास होना चाहिए कि केवल नदियां ही नहीं बल्कि प्रकृति से मिलने वाले हर साधन का उपयोग हम बेहद जिम्मेदारी के साथ करें और उनके संरक्षण का भी पूरा ध्यान रखें। मौके पर उन्होंने स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण की आदत को अपने जीवन में शामिल करने एवं अन्य लोगों को भी इसके प्रति जागरुक करते हुए समाज और देश के विकास में अपना योगदान देने की अपील की। गंगा रन संपन्न होने के उपरांत अनुमंडल कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान महाप्रबंधक सीसीएल रजरप्पा पीएन यादव, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी नमामि गंगे योजना रामगढ़ डॉ असीम कुमार, दामोदर बचाओ संस्था से गोविंद मेवाड़ सहित अन्य को सम्मानित किया गया।

# कटकमसांडी में झोला छाप डॉक्टरों की भरमार

### गंभीर बीमारियों में मरीजों का करते हैं आपरेशन

**लेखराज यादव**

**जांच के नाम पर वसूली कर फिर दे दिया जाता है लाइसेंस**
**प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी बोले मामले की जांच करायी जायेगी**

**कटकमसांडी।** कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र में करीब सौ से अधिक झोला छाप चिकित्सक फर्जी डिग्री पर मरीजों का इलाज करने में जुटे हैं। इन फर्जी डिग्रीधारक मरीजों के जद में आकर अबतक दर्जनों मरीजों को अपने जान से हाथ धोना पड़ा है। इनमें कई चिकित्सक ऐसे भी हैं, जो गंभीर बीमारियों में मरीजों के आपरेशन तक कर डालते हैं। कार्रवाई के नाम पर जांच और जांच के नाम पर वसूली कर फिर से उन्हें लोगों के जिंदगी के साथ खेलने का लाइसेंस दे दिया जाता है। आज तक सम्बन्धित सरकारी स्वास्थ्य विभाग की ओर से इन चिकित्सकों की डिग्रियों की जांच नही की गई है। जब भी कोई मामला सामने आता है, उसी समय स्वास्थ्य विभाग हरकत में आता है और मामला टांय टांय फिस्स हो जाती है।

**केस स्टडी 1 :** 2018 में जैलमा के समीप हजारीबाग कटकमसांडी मुख्य मार्ग पर स्थित एक नर्सिंग होम में आपरेशन के दौरान गिद्धौर की बबीता देवी नामक एक प्रसव पीड़ित महिला की मौत हो गई।2019 में माही नर्सिंग होम में झोला छाप चिकित्सक संदीप कुमार द्वारा गलत इलाज के बाद कपूर यादव की पत्नी बसंती देवी की मौत हुई। जबकि गलत इंजेक्शन देने से एक महिला विकलांग हो गई। 2018 मे कटकमसांडी में दुखहरण यादव और सरयू पासवान की मौत इंजेक्शन देने के बाद हुई। वहीं वर्ष 2016 में कंडसार में सोहन यादव की मौत हो गई थी।

**केस स्टडी 2 :** अभी चार दिन पहले कटकमसांडी चौक स्थित केसी अधिकारी नामक छोला छाप चिकित्सक द्वारा किए गए इलाज के बाद एक छात्र को दाहिने हाथ के चार अंगुलियां गंवानी पड़ी। केसी अधिकारी पर चार पांच वर्ष पूर्व में भी गलत इलाज का आरोप लगा था। इनमें कटकमसांडी बस्ती के मेमनी देवी पति जानकी ठाकुर का नाम शामिल है, जिसका दांत उखाड़ा गया था और सही से इलाज नही होने के कारण मुंह का कैंसर हो गया और वह चल बसी। वहीं चतरा जिले के इंदिरा गांव की महिला मुनिया देवी की मौत आरोपित चिकित्सक के गलत दवा देने से हो गई थी। इस मामले पर प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. भूषण राणा ने कहा है कि डा. केसी अधिकारी द्वारा किए गए इलाज के बाद की वर्तमान घटना की जांच कराई जाएगी। आरोपित चिकित्सक पर एफआईआर का मामला बन रहा है। उन्होने कहा कि उसकी मेडिकल डिग्री की भी जांच कराई जाएगी।

### एथलेटिक्स में ए ला एंग्लाइज के छात्र ने जीता कांस्य पदक



**भुरकुंडा।** ए ला एंग्लाइज सीनियर सकेंडरी विद्यालय के छात्र रोहित मुर्मू को सीबीएसई इंटर स्कूल एथलेटिक्स चैंपियनशिप के भाला फेंक इवेंट में कांस्य पदक प्राप्त हुआ। छात्र की सफलता पर इस खुशी को विद्यालय परिवार के साथ शुक्रवार को प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में साझा किया गया। खेल शिक्षक ने बताया कि इंटर स्कूल एथलेटिक्स चैंपियनशिप में करीब 102 विद्यालयों ने शिरकत किया था। जिसमें विभिन्न प्रकार के खेल व एथलेटिक्स में सैकड़ो बच्चों ने हिस्सा लिया। छात्र रोहित मुर्मू ने भाला फेंक में कांस्य पदक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया है। रोहित ने 42.88 मीटर दूरी को साधा। चार दिवसीय इस प्रतियोगिता में विद्यालय के खेल शिक्षक कंचन सोनी व कंचन दास बच्चों के साथ रहे तथा उनका हौसला बढ़ाया।

## सांसद जयंत सिन्हा की पहल पर मृतक के परिजन को मिला मुआवजा व नौकरी



**रामगढ़।** सीसीएल में कार्यरत रामगढ़ निवासी भोला प्रसाद की विगत दिनों सीसीएल तोपा परियोजना में हुए क्रेन हादसे में मौत हो गई थी। इस घटना के उपरांत शोकाकुल परिजन कंपनी से मुआवजे और नौकरी की मांग कर रहे थे। सांसद सह अध्यक्ष वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा को इस दुखद घटना की जानकारी उनके सांसद प्रतिनिधि प्रकाश मिश्रा ने दी। इस पर उन्होंने तत्काल संज्ञान लेते हुए कंपनी के जीएम और सीएमडी से बात कर पीड़ित परिजनों को मुआवजा और मृतक के पुत्र को नौकरी देने का निर्देश दिए। साथ ही अपने प्रतिनिधियों को परिजनों के आवास पर भेजकर उनकी हर संभव सहायता करने का निर्देश दिए। सांसद जयंत सिन्हा ने 3 नवंबर को स्वयं भोला प्रसाद के आवास पर पहुंचकर उनके परिजनों से मुलाकात कर अपनी संवेदनाएं प्रकट की। इस दौरान उन्होंने परिजनों को 15 लाख रुपए मुआवजे का चेक और भोला प्रसाद के पुत्र को ज्वाइनिंग लेटर सौंपा। इस मुआवजे से परिजनों को जीवन यापन करने में सहायता मिलेगी। जयंत सिन्हा ने कहा कि इस घटना में हुई भोला प्रसाद की मृत्यु अत्यंत दुखद है। मैं ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिजनों को संबल प्रदान करने हेतु प्रार्थना करता हूं। परिजनों को हर सुविधा व सहायता दिलवाने के लिए मैं प्रतिबद्ध हूं। क्षेत्र के हर निवासी के सुख-दुख में उनके साथ सदैव खड़ा हूं।

### कविता कुमारी बनीं असिस्टेंट प्रोफेसर

**रजरप्पा।** चितरपुर प्रखंड कल्याण पदाधिकारी रविंद्र कुमार महतो की धर्मपत्नी कविता कुमारी का चयन कोल्हान विश्वविद्यालय चाईबासा में इतिहास के असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर हुआ है। झारखंड लोक सेवा आयोग में प्रोफेसर पद के लिए चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी की है जिसमें कविता का नाम है। कविता वर्तमान में सहायक शिक्षिका पद पर एसएस बालिका उच्च विद्यालय रामगढ़ में कार्यरत थी।

### ट्राय साइकिल वितरित

**चरही।** शुक्रवार को बहेरा पंचायत सचिवालय में स्वच्छ भारत मिशन फेज 2 के तहत चूरचू प्रखंड के पांच पंचायतों में ट्राय साइकिल का वितरण किया गया। ट्राय साइकिल को मुखिया देवकी महतो को सौंपा गया। इस अवसर पर टाटा सिनी ट्रस्ट के कोऑर्डिनेटर शहजाद उस्मान, प्रवचन भारती ,राहुल कुमार, वीणा देवी,वार्ड सदस्य बिरजू राम व अन्य उपस्थित थे।

## सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं : संजीव बेदिया



**बड़कागांव।** पश्चिम पंचायत भवन में झामुमो की पंचायत स्तरीय बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता विशेश्वर राम एवं संचालन 20 सूत्री सदस्य पवन तुरी ने किया। बैठक में अध्यक्ष सरोज कुमार महतो,उपाध्यक्ष धनेश्वर कुमार,बबलू कुमार,बिट्टू कुमार,सचिव दिलीप कुमार,संयुक्त सचिव विक्रम सोनी,प्रकाश कुमार,राजेंद्र कुमार,संगठन सचिव नरेंद्र कुमार,कोषाध्यक्ष मनीष कुमार,कार्यकारिणी सदस्य गीता देवी, आरती देवी, गीता देवी सुनीता देवी, मालती देवी आदि को बनाया गया।बैठक में मुख्य अतिथि केंद्रीय सचिव सह झारखंड सरकार परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव बेदिया ने कहा कि हेमंत सरकार शिक्षा के क्षेत्र में विशेष कार्य कर रही है। शिक्षा संबंधित हो या छात्रवृत्ति से संबंधित विद्यार्थियों के लिए कार्य कर रही है। मौके पर मुख्य संयोजक संजय सिंह, सफीउल्लाह अंसारी,राकेश मिश्रा, मोहम्मद हुसैन,सरिता देवी,बीना देवी,उर्मिला देवी सहित सैकड़ो महिला पुरुष उपस्थित थे।

# अयोध्या में सम्मानित हुए भुरकुंडा के कवि

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**भुरकुंडा।** राष्ट्रीय कवि संगम के दशम राष्ट्रीय अधिवेशन सह वाल्मीकि जयंती के अवसर पर अयोध्या में भूरकुंडा सहित झारखंड के कवियों को सम्मानित किया गया। दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन सह वाल्मीकि जयंती अयोध्या में झारखड के महामंत्री सरोज झा झारखंडी के नेतृत्व में 21 कवियों ने भाग लिया।

28-29 अक्टूबर को अयोध्या में आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन के प्रथम दिन मुख्यातिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक सह राष्ट्रीय कवि संगम के मार्गदर्शक इन्द्रेश कुमार ने संबोधित किया। उन्होंने राष्ट्र जागरण, धर्म हमारा और राष्ट्र निर्माण में कवियों के योगदान पर अपनी बात को रखा। इस दौरान झारखण्ड से प्रांतीय महामंत्री सरोज झा झारखंडी ने पुरे देश से आये 300 कवियों के बीच अपनी कविता बहा दो प्रेम की गंगा, हमारे राम आये। जगा दो प्रेम की ज्योति हमारे राम आये का पाठ कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। अधिवेशन में दस्तक पीढ़ी के नवांकुर कवियों को भी सुना गया। अधिवेशन के दूसरे सत्र में अयोध्या राम की पौड़ी सरजू नदी तट पर भव्य कवि सम्मलेन हुआ। जिसमे अयोध्या श्री रामजन्म भूमि न्यास मंदिर के मुख्य पुरोहित कमल नयन दास, राष्ट्रीय कवि संगम राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश मित्तल उर्फ बाबू, राष्ट्रीय अयोध्या महापौर, ओज कवि हरिओम पवार, अर्जुन सिसोदिया, महामंत्री अशोक बत्रा, रूचि चतुर्वेदी, सुदीप भोला, शिव कुमार व्यास, महेश शर्मा, सुमित ओरछा सहित कई कवियों ने श्री राम मंदिर पर अपनी रचनाओ को पढ़ा। अधिवेशन के दूसरे दिन सभी झारखण्ड से आये कवियों की कविता सुनी गई। उसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश मित्तल के द्वारा सभी झारखण्ड प्रान्त के कवियों को अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। झारखण्ड प्रान्त से प्रान्त महामंत्री सरोज झा झारखंडी, रांची जिलाध्यक्ष चन्द्रिका ठाकुर देशदीप, प्रांतीय मिडिया प्रभारी उत्तम राज सिन्हा, रामगढ़ जिलाध्यक्ष सुदीप अग्रवाल, अंजनी दुबे, डॉ लता मानकर, अरविन्द तिवारी, रवि शंकर साह, सोनम झा, सुशीला कुमारी, डॉ रविकांत शुभम, अनिल कुमार झा, संध्या रानी, सुमन चाहत, प्रिंस बैजनाथ कवि आदि शामिल हुए।

## एक नजर में

### बरही : कुआं में डूबने से महिला की मौत



**बरही।** धनवार पंचायत के कोरियाडीह निवासी सरिता देवी पति देवनारायण प्रसाद का कुआं में डूबने से मौत हो गई है। खेत में पानी पटाने के दौरान महिला असंतुलित होकर कुएं में गिर गई। कुछ देर बाद ग्रामीणों की नजर महिला पर पड़ी, जिसे आनन फानन में कुएं से निकालकर बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। जहां भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर एवं डीएस डॉक्टर प्रकाश ज्ञानी चिकित्साकर्मियों के साथ इलाज के लिए पहले से तैयारी में जुटे रहे। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सको ने महिला को मृत घोषित कर दिया। शव का अंतिम संस्कार कोरियाड़ीह घाट पर किया गया। मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि आज कोरियाडीह के लिए काला दिन रहा।इस दु:ख की घड़ी में पूरा गांव गमगीन है। शोक संवेदना व्यक्त करने वाले में उप मुखिया दामोदर प्रसाद वर्मा, नरेश कुमार वर्मा, पूर्व पंचायत समिति सदस्य संजय कुशवाहा, विनोद प्रसाद कुशवाहा, सुधीर कुमार, अशोक प्रसाद, विकाश प्रसाद, चन्दन प्रसाद, घनश्याम प्रसाद, भागीरथ प्रसाद, प्रवीण कुमार, विजय प्रसाद, विनय कुमार, अजीत कुमार, महेन्द्र प्रसाद सहित अन्य लोग शामिल हैं।

### विष्णुगढ़ में गांवों की मुख्य सड़कें हुयीं जर्जर



**विष्णुगढ़।** गांवों को मुख्य मार्ग से जोड़ने वाली मुख्य सड़कों का हालात बद से बदतर हो चुकी है। हालात इतनी खराब है की सड़क निर्माण के वक्त डाले गए बड़े बड़े नुकिले बोल्डर निकल आया है। आलम यह है की सड़क पर चलने के पूर्व सड़क को ढूढ़ना पड़ता है। दो पहिया वाहनों के लिए सड़क पर चलने से खतरा इतनी बढ़ जाती है कि अगर सड़क के पत्थरों से ध्यान हटा की दुर्घटना सुनिश्चित है। ग्रामीण महिलाओ को अस्पताल में प्रसव के अस्पतालसमय पहुंच पाना आसान नहीं है। समस्या किसी एक गांव कि नहीं बल्की विष्णुगढ़ प्रखंड के दर्जनों की है। प्रखंड मुख्यालय से सुदूरवर्ती क्षेत्र गैड़ा पंचायत के बसरिया,चक चूको, सबलाडिह, किर्तोडिह आदी को जाने वाली सड़क अत्यंत जर्जर हैं। इन गांवो के लोगों का मुख्य बाजार बगोदर है,लेकिन बाजार तक पहुंचने में भारी संकटो का सामना करना पड़ रहा है। गैड़ा विष्णुगढ़, गैड़ा बगोदर मुख्य सड़क जो कितोर्डीह, सबलाडिह, बसरिया मार्ग के जर्जर अवस्था में होने से सड़क पर चलने वाली ऑटो ड्राइवरों के लिए भारी परेशानी है। सड़कों के हालत पर विधायक जेपी पटेल ने कहा कि बिते दो तीन वर्ष कोरोना के कारण कार्य अवरुद्ध रहा, सड़कों के सुदृढ़ीकरण कि प्रकिया चल रही है। जिप सदस्य मध्य शेख तैयब खुद को मीटिंग में व्यस्त बताया।

### बड़कागांव में कांग्रेस कोर कमेटी का गठन

**बड़कागांव।** पूर्वी पंचायत कांग्रेस पार्टी कोर कमेटी का गठन झारखंड कॉलेज परिसर में किया गया जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे के द्वारा की गई। बैठक के मुख्य अतिथि इंटक के प्रदेश सचिव अंकित राज उर्फ सुमित ने कहा कि बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र में संगठन की मजबूती पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। विधायक अंबा प्रसाद के विकास योजनाओं से प्रभावित होकर कई पार्टियों के लोग कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। अंकित राज ने कहा कि विधायक अंबा प्रसाद के नेतृत्व में बड़कागांव जनकल्याण के कार्य किए गये हैं। बैठक में कोर कमेटी सदस्यों का चयन किया गया जिसमें बाबूलाल कुमार उर्फ बबलू को पंचायत अध्यक्ष, सुनील कुमार को मीडिया प्रभारी का दायित्व सौपा गया।

### दारू बीडीओ को सौंपा नौ सूत्री मांग पत्र




**दारू।** नौ पंचायत के 105 वार्ड सदस्यों ने अपने अपने अधिकार व अपने अपने क्षेत्र में विकास कार्य मे अहम भूमिका को लेकर शुक्रवार को बीडीओ मनीष कुमार को नौ सूत्री मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। वार्ड सदस्यों ने मांग पत्र के माध्यम से मांग की कि वार्ड सदस्यों का मानदेय व भत्ता जल्द से जल्द दिया जाय, सरकार के द्वारा विधवा ,वृद्धा,विंकलाग ,प्रधानमंत्री आवास योजना आदि में मुखिया के हस्ताक्षर के साथ साथ वार्ड सदस्य के हस्तक्षार का कॉलम अनिवार्य करना, पंचायत विकास योजना के शिलापट्ट पर वार्ड सदस्य का नाम अंकित करना,ग्रामसभा में वार्ड सदस्यों की अनुशंसा अनिवार्य करना,मनरेगा योजना के अंतर्गत एमआईएस के इंट्री फॉर्म में मुखिया पंचायत सचिव व वार्ड सदस्य का संयुक्त हस्ताक्षर अनिवार्य रूप लागू करना, मनरेगा योजना में जियो टैग करने से पूर्व वार्ड सदस्यों को सूचित किया जाना, पंचायत कार्यकारणी से पारित योजनाओं को ई स्वराज पोर्टल पर ऑन लाइन करना, ग्राम पंचायत में चल रहे विकास योजनाओं में वेंडर द्वारा उपलब्ध सामग्री की गुणवत्ता की जांच का अधिकार कार्यकरणी समिति को दिया जाय, 15 वीं वित आयोग सह मनरेगा योजनाओं संबंधित वार्ड सदस्यों की हस्ताक्षर अनिवार्य किया जाना शामिल है।

### दारू में मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण संपन्न

**दारू।** जिनगा पंचायत के जिनगा पंचायत भवन में गुरुवार को पांच दिवसीय मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण संपन्न हुआ प्रशिक्षित महिलाओं के बीच प्रमाण पत्र वितरण किया गया। संस्था कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखंड सरकार रांची के सचिव अभिनंदन कुमार जिनगा पंचायत के मुखिया पिंकी देवी के द्वारा सभी को प्रमाण पत्र दिया गया ।मुखिया ने सभी प्रशिक्षित महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया और साथ ही इन्होंने कहा की मशरूम का जो उत्पादन प्रशिक्षण आप लोगों ने लिया है इसके माध्यम से कार्य करें और अपने परिवार का भरण पोषण करें । इस कार्यक्रम में 18 किसानों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया ।

### मेरी माटी-मेरा देश संगोष्ठी शामिल हुए भाजपा कार्यकर्ता

**टाटीझरिया।** नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर मेरी माटी-मेरा देश अभियान की अमृत कलश यात्रा में भाजपा हजारीबाग के कार्यकर्ता शामिल हुए। इस कार्यक्रम के साथ आजादी का अमृत महोत्सव समारोह का भी समापन हो गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमृत वाटिका और अमृत महोत्सव स्मारक की आधारशिला रखी और देश के युवाओं के लिए मेरा युवा भारत-माय भारत प्लेटफॉर्म की शुरूआत की। कार्यक्रम में भाजपा हजारीबाग से मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष अशोक यादव, बटेश्वर प्रसाद मेहता, सुनील साहु, मूलचंद साव, राजू यादव, किशोर कुमार मंडल, महेश अग्रवाल, इंद्रदेव यादव, राजकुमार यादव, सुभाष सोनी, अशोक वर्णवाल, रंधीर पांडेय, अनेश्वर प्रसाद, वकील महतो, अजय सिंह, इंद्रदेव कुशवाहा, सेवालाल महतो, राजेंद्र चंद्रवंशी, अमित गुप्ता व अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए।

### चरही में पंचायत सदस्यों का बैठक संपन्न

**चरही।** शुक्रवार को चुरचू मुख्यालय सभागार में प्रखंड प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक की अध्यक्षता में पंचायत समिति सदस्यों की बैठक का आयोजन किया गया ।बैठक में उपस्थित प्रखंड विकास अधिकारी चुरचू ललित राम के द्वारा विभिन्न विभागों की समीक्षा की गई ।बैठक में प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक ने कहा कि चरही कस्तुरबा आवासीय बालिका विद्यालय के लिए खेल के मैदान का निर्माण कराया जाय ।तथा चरही हाई स्कूल में चारदीवारी से घेरा जाय ।चरही थाना के द्वारा सीज किए गए वाहनों को सड़क पर ना रखते हुए अन्यत्र रखा जाय ।प्रखंड के गांव में खराब पड़े चापानल जल्द मरम्मत कराया जाय। बिजली की समस्या को दूर किया जाय ।सरकारी भवन के बाहर में लगे बिजली मीटर को अंदर लगाया जा। अलावे के दिशा निर्देश दिया गया। मौके पर पंसस वीरेंद्र कुमार, मालती देवी,निरंजन महतो,आशा राय,शक्ति देवी,मालती देवी,रेखाकांत पटेल,संजय सिंह,सुषमा मुर्मू सहित कई विभाग के कर्मचारी और पदाधिकारी उपस्थित थे।




# लगातार बढ़ती रेप और हत्या की घटनाएं

**दुर्ष्कम से आम लोगों को पीड़ा हुई उनके मन में दहशत बैठ गया है। बेटियां पूछ रही है कि क्या बेटी होना अपराध है? क्या लड़की होना अपराध है? क्या पुरुषों को दुष्कर्म की सजा नहीं मिलेगी? उर्दू के मशहूर शायर ख़्वाज़ा हैदर अली 'आतिश' का शेर है- बहुत शोर सुनते थे पहलू में दिल का, जब चीरा तो कतरा-ए-खूंन निकला। इस देश की व्यवस्था की करनी-कथनी में अंतर बयां करता है। मतलब, कभी लोग क्रांति करने घटना ही विस्मृत कर देते हैं। सरकार भी पीछे नहीं रहती और घोषणा पर घोषणा करने लगती है, यह सोचे बिना ही कि घोषणा पर अमल संभव है या नहीं। इतनी सक्रियता देखकर लगता है कि अब ऐसी वारदातें भविष्य में नहीं होंगी, लेकिन जल्द ही लोग घटना ही भूल जाते हैं और पुलिस भी उदासीन हो जाती है।**

**सोनाली भट्टाचार्य**

अलीगढ़ में ढाई साल की बच्ची के साथ हैवानियत की खबर सामने आई है। उसकी नृशंस हत्या करके शव कूड़े के ढेर में फेंक दिया गया था। मामला बच्ची के पिता और आरोपी के बीच महज दस हजार रुपए के लेन-देन का था लेकिन आरोपी ने अपना गुस्सा मासूम बच्ची पर निकाला। ऐसी विकृत मानसिकता वाले हत्यारों को न्यायालय द्वारा जल्दी से जल्दी मिसाल बनने वाली सजा देनी चाहिए ताकि भविष्य में ऐसा अपराध करने की किसी की हिम्मत न हो।

चार साल पहले दिल्ली गैंगरेप के आरोपियों को जल्दी सजा देने के लिए फास्टट्रैक कोर्ट का गठन किया गया था। रोहिणी की फास्टट्रैक कोर्ट ने 173 दिन, यानी छह महीने से भी कम समय में सजा सुना दी थी, लेकिन बाद में दिल्ली हाईकोर्ट ने भी 180 दिन मतलब छह महीने के अंदर फांसी की सजा पर मुहर लगा दी थी।

### कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका चुप

दरअसल, उस समय लोकतंत्र के तीनों स्तंभों कार्यपालिका (पुलिस+सरकार), विधायिका (संसद) और न्यायपालिका (निचली अदालत+दिल्ली हाईकोर्ट) की सक्रियता देखकर एक बार पूरे देश को लगा और भरोसा भी हुआ कि पूरी व्यवस्था बदल जाएगी। ऐसे प्रावधान हो गए हैं कि कोई बलात्कार की हिमाकत नहीं करेगा। महिलाओं पर यौन हमला करने वाला हर अपराधी जेल में होगा। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। देश में कम से कम बलत्कृत महिला को जल्दी न्याय दिलाने की सरकार की कोशिश की असफल साबित हुई तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। इधर, घटना के दो दिन बाद संसद के दोनों सदनों में जोरदार हंगामा हुआ था। आक्रोशित संसद सदस्यों ने रेपिस्ट्स के लिए फांसी की सजा तय करने मांग की थी। इसके बाद तत्कालीन गृहमंत्री सुशीलकुमार शिंदे ने संसद को आश्वासन दिया कि आरोपियों को जल्द से जल्द सजा दिलवाने की सरकार की ओर से हर संभव कोशिश की जा रही है और राजधानी दिल्ली में महिलाओं की सुरक्षा के लिए हर संभव कद़म उठाए जा रहे हैं। घटना कैसी थी, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि केंद्र ने महिलाओं के खलिाफ. बढते य़ौन अपराध को रोकने के लिए कठोर कानून बनाने की घोषणा की। लिहाजा, सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रहे जस्टिस जेएस वर्मा की अध्यक्षता में कमेटी का गठन किया गया। कमेटी ने दिन-रात काम किया। उसे ऑक्सफोर्ड यूनिर्विसटी समेत देश-विदेश से करीब 80 हजार सुझाव मिले। कमेटी ने रिकॉर्ड 29 दिन में 630 पेज की रिपोर्ट 23 जनवरी 2013 को सरकार को सौंप दी। कमेटी को महिलाओं पर यौन अत्याचार करने वालों को कठोरतम दंड देने की सिफारिश करनी थी।

### उम्मीद कम नाउम्मीद ज्यादा

यही नहीं, लोगों को उम्मीद भी थी कि बलात्कारियों को फांसी की सजा देने का प्रावधान किया जाएगा। मगर कमेटी की रिपोर्ट बेहद निराशाजनक रही। रिपोर्ट में कमेटी ने रेप को रेयर ऑफ.रेयरेस्ट केस माना ही नहीं, जबकि देश का पूरा नेतृत्व हर बलात्कारी को फांसी की सजा देने के पक्ष में था, इसलिए, वर्मा कमेटी की रिपोर्ट पढक़र कई महिला संगठनों ने आरोप लगाए थे कि पुरुष प्रधान समाज में पले-बढे. और न्याय-व्यवस्था का संचालन करने वाले जस्टिस वर्मा संभवत? बलत्कृत स्त्री की पीड़ा महसूस करने में असफल रहे, अन्यथा हर बलात्कारी के लिए फांसी की सजा की सिफारिश जरूर करते।

वस्तुत? कमेटी ने रेप के बाद लड़की की हत्या या मौत को रेयरेस्ट ऑफ.रेयर जरूर माना और हत्यारे रेपिस्ट के लिए मौत की सजा का प्रावधान किया। इसके अलावा जस्टिस वर्मा ने यौन अपराध करने वालों को कड़ी सजा का प्रावधान किया। इधर, 21 मार्च 2013 को लोकसभा ने बलात्कार विरोधी बिल पास कर दिया और इस कानून को क्रिमिनल लॉ संशोधन अधिनियम 2013 कहा गया।

### छूटते अपराधी बढ़ता अपराध

इस बीच दिल्ली गैंगरेप के मुख्य आरोपी ड्राइवर रामसिंह ने न्यायपालिका से पहले खुद़ को सजा दे दी और 11 मार्च 2013 की सुबह तिहाड़ जेल में खुद़कुशी कर ली। पिछले साल बरसी के दो दिन बाद यानी 16 दिसंबर की रात पीड़ति लड़की पर सबसे ज़्यादा हैवानियत करने वाला एक आरोपी भारतीय न्याय-व्यवस्था पर हंसता हुआ जेल (सुधार घर) से बाहर आया, क्योंकि रेप करते समय उसकी उम्र 18 साल से कुछ दिन कम थी यानी वह नाबालिग था। जैसा कि सुप्रीम कोर्ट के एक जज दो साल पहले हैदराबाद में एक सेमिनार में कह चुके हैं कि देश में 65 हजार (64,919) आपराधिक मुकद़मे लंबित हैं। वैसे पूरे देश में तीन करोड़ मुकदमे अंडरट्रायल हैं। इसके बावजूद दिल्ली गैंगरेप की सुनवाई हो जानी चाहिए थी।

## देश में क्यों बढ़ रहा है रेप और हत्या

**हिंदी फिल्मो का नजरिया** : बहुत से लोग हमारे इस बिंदु से सहमत नही होंगे क्योकि हिंदी फिल्मो जिनको हमारे देश में आधुनिक सोच का एक मात्र प्रतिक मना जाता है तो जो लोग आधुनिक सोच रखते है वे लोग कैसे अपनी सोच को गलत मान लेंगे हम जिस सोच के साथ आगे बढ़ रहे है भला कैसे हम ही उस सोच को रेप के लिए जिम्मेदार मान लेंगे ! लेकिन हम आपको आज इसके कुछ उन बिन्दुओ पर ले जाना चाहते है जिसके कारण हम भी इस को दोषी मानने को मजबूर हुए है ! आपने देखा होगा की हमारी हिंदी फिल्मो की जो कहानी होती है उसमे 2 - 3 सीन बलात्कार के होते है लेकिन क्या आपने कभी इस बात का ध्यान दिया की पश्चिम की जो फिल्मे होती है उनमे बलात्कार का सीन नही होता है अगर किसी में बलात्कार का सीन है तो वह उसको रेप की तरफ नही दिखाते है हमारा कहने का मतलब है की अपनी ताकत , अपनी हवस की पूर्ति के लिए बलात्कार नही क्या जाता है ! आप देखते हो कैसे कंपनी लाखो करोडो रुपये 1 मिनट के विज्ञापन के लिए पैसा पानी की तरह बहाती है ! हम जब इस बात को लेकर लोगे के बीच में चर्चा करते है तो कुछ अपनी बातो में इस बात का जिक्र करते है की पश्चिम के देशो में तो पोर्न फिल्मे भी बनती है तो क्या उस जगह पर रेप बहुत ही ज्यादा होने चाहिए ऐसा नही है ! पोर्न या नग्नता पश्चिम की जिंदगी का हिस्सा है ! लेकिन हमारे देश में उसको शालीनता में रह कर सिर्फ जिंदगी की जरुरत के हिसाब से उपयोग करने का ही मकसद है लेकिन पश्चिम में शरीर सिर्फ भोग का , माध्यम है जबकि भारतीय संस्कृति में शरीर इस जीवन को परम पिता परम्श्वेर के पास जाना के एक मात्र साधन है ! रेप तो वंहा भी होते है !

**यौन शिक्षा का अभाव** : आपने देखा होगा की भारत में आज भी लोग अपने बेटे या बेटी से यौन शिक्षा पर खुल कर बात नही करते है लेकिन क्या इसका मतलब यह निकला जाए की भारत में यौन शिक्षा नही दी जाती है तो हमारा मानना है की यह सब गलत है जहा तक हमरी जानकारी में है उत्तर भारत में यौन शिक्षा देना सबसे बढ़िया तरीका समाज के अन्दर मौजूद है बस जरुरत थी उसकी सही दिशा देने की लेकिन आज की लापरवाही ने उस तरीके को भी फुह्दत में बदल कर रख दिया है हम बात कर रहे है जब किस के घर में लड़के के विवाह होता है तो जिस दिन लडके के बारात लड़की वालो के घर जाती है उसी रात को जब घर की सभी महिला अपने क्षेत्र में एक कार्यक्रम करती है जिसको उत्तर भारत में खोइया के नाम से जाना जाता है इसमें सिर्फ महिला , लड़की को अनुमति रहती है इसके माध्यम से भारतीय संस्कृति में अपने बेटी को यौन शिक्षा देना का चलन था इसका लेकिन आज यह तरीका बिगाड़ गया है ! इसलिए अब लडकियों के व्यवहार में भी बदलाव आ रहे है और लड़के के व्यवहार में भी

**समय पर न्याय ना मिलाना** : जब कभी भी कोई भी अपराध हो और उसकी सजा जीतनी जल्दी मिल जाती है तो उसके करने वालो के मन में एक डर हो जाता है लेकिन अगर कोई अपराध की सजा मिलाने में वर्षो लग जाये तो उस अपराध में और ज्यादा बढ़ोतरी हो जाती है क्योकि उस गुनाह को अंजाम देने वाले के मन किसी का खौफ नही होता है ! इसके लिए गुनाहगार के मन में खौफ होना जरुरी है ! क्योकि जिस मानसिकता लोग रेप जैसे अपराध को अंजाम देते है वो कुंठित मानसिकता के होते है और उनके मन जो कुंठा होती है वह उसकी पूर्ति के लिए अपने से कमजोर लोग के साथ यह कार्य अंजाम देते है !

**नजरिया का बदलाव** : आज समय बदल रहा है लेकिन हमको अपने नजरिये में भी बदल करना होगा आज लड़की लडको के साथ कंधे से कंधे मिलकार कार्य करने का जज्बा रखती है और फिर भारतीय संस्कृति में तो महिलाओ को बराबरी का दर्जा दिया हुआ है ! आज की नारी जब पढ़ लिखाकर आपके साथ हर फैसले में योगदान देने का साहस रखती है ! तो उनको आगे बढ़ने का मौका भी देना चाहिए लेकिन फिर भी आज कुछ लोगो के नजरिये औरत सिर्फ भोग के ही वस्तु है इसके लिए विज्ञापन की दुनिया जिम्मेदार है जिन्होंने एक महिला को सिर्फ देह दिखने का सामान समझ लिया है ! आपने अपनी टीवी या किसी औ माध्यम से एक विज्ञापन देखा होगा की एक पार्क है उसमे एक लड़की और उसके पिता दौड़ लगते है , जब दौड़ लगाते - लगाते उसके पिता थक जाते है तो वह लड़की अपनी जेब से एक चोकलेट का रेपर निकलती है और अपने पिता से कहती है की एक चक्कर और , उसके बाद लड़की सिटी बजती है तो पार्क की झाडी में से एक लड़का निकलता है और उसके साथ बैठ कर बातचीत करता है ! आप इस विज्ञापन से क्या अर्थ निकल सकते हो !




### नहीं रुक रहा दुष्कर्म का मामला

संभवत? यही वजह है कि तमाम कोशिश के बावजूद रेप की वारदातें रोके नहीं रुक रही हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के मुताबिक, पिछले साल बलात्कार के 3,27,394 मुकद़मे दर्ज हुए। इसी तरह 2014 में 36735 महिलाएं बलात्कार की शिकार हुईं। 2013 में रेप के 33707 और 2012 में 24923 मामले केस हुए थे। 2014 में रोजाना 101 रेप की वारदात दर्ज हुई। यानी 14 मिनट में एक महिला अपनी इज्जत़ गंवा बैठती है। सन 2012 के बाद रेप की घटनाओं में सात फीसदी से ज़्यादा बढोतरी हुइ है। दिल्ली और मुंबई महिलाओं के लिए सेफ मानी जाती है, लेकिन यहां बलात्कार की घटनाएं सबसे ज़्यादा होती है। अकेले दिल्ली में रोजाना चार महिलाएं रेप की शिकार होती हैं। के लिए उतावले हो जाते हैं और कभी

### सर्वाधिक ब्लात्कार मध्यप्रदेश में

बलात्कार भारत में सबसे ज्यादा अपराध मध्य प्रदेश में हुए हैं। इनकी बढोत्तरी दर 358 प्रतिशत रही है। भले ही दिल्ली को रेप कैपिटल कहा जाता हो पर एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार बीते साल में मध्य प्रदेश में 5,076 रेप की घटनाएं हुई। यानी हर दिन करीब 14 रेप इस प्रदेश में हुए। रेप के मामले में दूसरे नंबर पर राजस्थान है यहां 3759 और तीसरे नंबर पर उत्तर प्रदेश है जहां 3461 इस तरह के मामले दर्ज किए गए। दिल्ली में 2,096 ही दर्ज किए गए। दिल्ली के मुकाबले मध्य प्रदेश में इसकी दर दोगुनी है। सबसे कम रेप के मामले नागालैंड से है यहां एक साल में कुल 30 प्रकरण सामने आए हैं। 2013 में महाराष्ट्र में 4335 और महाराष्ट्र में 3065 मामले सामने आए थे। उत्तर प्रदेश भले जनसंख्या की दृष्टि से सबसे बड़ा प्रदेश हो पर रेप के मामलों में तीसरे नंबर आता है। लेकिन हत्या और अपहरण के मामले में ये अव्वल नंबर पर है। यहां थाने में दर्ज किए गए अपराध का स्तर 358 है। बीते साल देश में 33, 981 हत्या हुईं। इसमें सबसे ज्यादा 5,150 उत्तर प्रदेश में हुईं। इसी तरह देश में अपहरण और भगा ले जाने के 77, 237 प्रकरण सामने आए इसमें उत्तर प्रदेश में 12,361 मामले उत्तर प्रदेश के हैं। लूट के मामलों में महाराष्ट्र देश में पहले नंबर पर है। बीते साल देश में चोरी की 4,40,915 घटनाएं हुई इसमें दिल्ली में 78,753 चोरियां दिल्ली में हुईं। इसी तरह छोटे बड़े अपराध 28,51,563 पूरे देश में हुए इसमें अकेले मध्य प्रदेश में 2,72,423 हुए। हर वर्ष बलात्कार के मामलों में बढोतरी होती जा रही है। वर्ष 2011 में देशभर में बलात्कार के कुल 7,112 मामले सामने आए, जबकि 2010 में 5,484 मामले ही दर्ज हुए थे। आंकड़ों के हिसाब से एक वर्ष में बलात्कार... 'विश्व स्वास्थ संगठन के एक अध्ययन के अनुसार, 'भारत में प्रत्येक 54वें मिनट में एक औरत के साथ बलात्कार होता है।' वहीं महिलाओं के विकास के लिए केंद (सेंटर फॉर डेवलॅपमेंट ऑफ वीमेन) अनुसार, 'भारत में रेप के मामलों की जांच में जुटे पुलिस अधिकारियों का मानना है कि ऐसे अधिकतर मामलों में आरोपी को पीड़िता के बारे में जानकारी होती है।

यह एक सामाजिक समस्या है और ऐसे अपराधों पर नकेल कसने के लिए रणनीतिअधिकारियों की मानें तो इनमें से अधिकांश मामले बेहद तकनीकी होते हैं। अक्सर ऐसे अपराध दोस्तों या रिश्तेदारों द्वारा किए जाते हैं, जो पीड़िता को झूठे वादे कर बहलाते हैं, फिर गलत काम करते हैं। कई बार ऐसेसर्वोच्च न्यायालय का कहना है कि बलात्कार से पीड़िता महिला बलात्कार के बाद स्वयं अपनी नजरों में ही गिर जाती है, और जीवनभर उसे उस अपराध की सजा भुगतनी पड़ती है, जिसे उसने नहीं किया।

## विश्व में भी बढ़ रहीं हैं दुष्कर्म की घटनाएं

**महिलाओं के साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाने, यौन शोषण और घरेलू हिंसा के मामले तो आए दिन सुनने को मिल रहे हैं। यह मामले सिर्फ हमारे देश में ही नहीं विदेशों में काफी बढ़ रहे हैं। बहुत सारे सर्वे में यह बात पता चली है कि बाहर की बजाए अपनी जान-पहचान के लोग ही इस जघन्य अपराध को न्योता देते हैं। ये ते हैं कुछ ऐसे ही देशों के बारे में, जहां बलात्कार सबसे ज्यादा होता है...**

### 1. अमरीका

अमरीका दुनिया का सबसे ताकतवर देश माना जाता है लेकिन यहां भी बलात्कार बहुत ज्यादा होता है। 99 प्रतिशत बलात्कारी पुरुष होते हैं और शिकार लोगों में 91 प्रतिशत महिलाएं और 9 प्रतिशत पुरूष होते हैं।

### 2. भारत

भारत में विदेशी महिलाएं आने से कतराती हैं क्योंकि उनके दिमाग में यह डर बैठा है कि कहीं वह वहां जाकर रेप का शिकार न हो जाएं। एक सर्वे के मुताबिक, इस देश में हर 22 मिनट में एक बलात्कार होता है।

### 3. दक्षिण अफ्रीका

इस देश को रेप कैपीटल कहा जाता है, 2012 में यहां 65000 केस दर्ज किए गए थे। यह छोटी लड़कियों के साथ रेप सबसे ज्यादा होता है। अगर अपराधी पर रेप का अपराध साबित हो भी जाता है तो कानून उसे महज 2 साल की सजा देता है।

### 4. ब्रिटेन

दुनिया का सबसे बड़ा विकसित देश, जहां लड़कियां पूरी आजादी से रहती हैं लेकिन वहां भी एक साल में लगभग 85,000 महिलाओं के साथ बलात्कार और यौन शोषण के मामले दर्ज होते हैं।

### 5.स्वीडन

स्वीडन में हर चौथी महिला बलात्कार या यौन शोषण का शिकार होती है। यहां बलात्कार एक गंभीर समस्या बनता जा रहा है।

### 6. जर्मनी

बदकिस्मती से हर साल जर्मनी में 2,40,000 औरतें सिर्फ इसलिए मर जाती हैं क्योंकि उनके साथ बलात्कार हुआ होता है। कई बार ये आंकडा बहुत ज्यादा बढ़ जाता है।

### 7. फ्रांस

1980 तक बलात्कार को फ्रांस में अपराध नहीं माना जाता था। उसके बाद महिला कानून के तहत इसे शामिल किया गया और रेप को जघन्य अपराध माना गया। यहां हर साल लगभग 75,000 बलात्कार होते हैं जिनमें से सिर्फ 10 प्रतिशत महिलाएं ही केस को दर्ज करवाती हैं।

### 8. कनाडा

कनाडा में हर साल बड़ी तादात में बलात्कार होता है लेकिन सिर्फ 6 प्रतिशत मामले ही पुलिस तक पहुंचते हैं। इनमें से घरों में ही 80 प्रतिशत मामले अंजाम दिए जाते हैं, बाकी के मामले रास्ते में होते हैं।

### 9. आस्ट्रेलिया

आस्ट्रेलिया एक पर्यटन देश है जहां साल भर दूर देश से लोग आते हैं लेकिन वहां की ही महिलाएं सुरक्षित नहीं है। वहां यौन शोषण और बलात्कार के मामले बहुत ज्यादा सुर्खियों में आते हैं।

### 10. डेनमार्क

एक छोटा सा देश; जहां हर साल लगभग 500 महिलाओं के साथ बलात्कार होता है। यहां काम करने वाली महिला के साथ यौन शोषण होना आम सी बात है। विकसित, विकासशील सभी देशों की समस्याहोने के साथ ही यह एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश के सम्मान से जुड़ी समस्या है।

## स्पीड न्यूज

### हिंदुओं के साथ सिखों का रोटी -बेटी का संबंध : सरदार कुलविंदर सिंह

**जमशेदपुर।** राष्ट्रीय सनातन सिख सभा के संयोजक अधिवक्ता कुलविंदर सिंह ने कहा कि हिंदुओं के साथ सिखों का रोटी बेटी का संबंध है। मजबूत एतिहासिक, सामाजिक सांस्कृतिक, धार्मिक संबंध है और इसे नाखून और मांस की तरह अलग-अलग नहीं किया जा सकता। कुलविंदर सिंह ने राजस्थान के तिजारा विधानसभा क्षेत्र में भाजपा नेता संदीप दायमा के बयान की कड़ी निंदा की है जिसमें उसने कहा कि गुरुद्वारा नासूर है और इसे उखाड़ फेंका जाना चाहिए। कुलविंदर के अनुसार सिखों का और गुरुद्वारों का इतिहास संदीप जैसे नेताओं को बीजेपी और आरएसएस अच्छी तरह से पढ़ाने का काम करें। ऐसे सिरफिरे नेताओं की किसी भी राजनीतिक दल में जगह नहीं होनी चाहिए।

### सड़क हादसे में दो लोग घायल

**घाघरा।** घाघरा लोहरदगा मुख्य पथ घाघरा जग बगीचा मोड़ के समीप शुक्रवार को दो बाइक की सीधी भिड़ंत में दो लोग घायल हो गये। वहीं ग्रामीणों के सहयोग से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा भेजा गया। घायलों में हापामुनि निवासी साकिर राय, भीखू उरांव के नाम शामिल है । वहीं चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु भीखु उरांव को गुमला रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार टीवीएस में सवार होकर साकिर राय और भिखू उरांव हापामुनि गांव से घाघरा की ओर राजमिस्त्री का काम करने आ रहे थे। वहीं विपरीत दिशा से जा रही बाइक में सीधे भिड़ंत हो गयी। जिससे यह घटना घटी । पुलिस को ग्रामीणों द्वारा सूचना दे दी गई थी।

### डीएवी स्कूल में विजिलेंस अवेयरनेस वीक

**गुमला।** 30 अक्टूबर से 5 नवंबर तक डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला में विजिलेंस अवेयरनेस वीक मनाया जा रहा है। प्रधानाचार्य डॉक्टर रमाकांत साहु ने कहा है कि हमारे देश की आर्थिक राजनीतिक एवं सामाजिक प्रगति में भ्रष्टाचार बहुत बड़ी बाधा है। इसलिए हमें भ्रष्टाचार को दूर करने की शपथ लेनी चाहिए एवं ईमानदारी और सत्यनिष्ठा के उच्चतम मानदंडों को अपनाना चाहिए। शिक्षिका श्रीमती संजुक्ता खटुआ ने सभी को एकता की शपथ दिलायी। लगभग 2000 विद्यार्थियों ने शपथ लिया। साथ ही नो करप्शन एवं इलइफेक्टस ऑफ करप्शन विषय पर पोस्टर मेकिंग एवं कार्टून मेकिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की गई जिसमें कक्षा नवम से द्वादश के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

### फरारा आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

गुमला। पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह के निर्देश पर जिले में चलाये जा रहे समकालीन अभियान के तहत घाघरा थाना कांड संख्या-111/2019 के फरार अभियुक्त पुनई उरांव को घाघरा थाना प्रभारी के द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

### बाइक से गिरकर युवक घायल, रेफर

**चैनपुर।** चैनपुर मुख्यालय के लुथरन स्कूल के समीप मोटरसाइकिल दुर्घटना में मालम नवाटोली गांव निवासी अनुज सोरेंग पिता प्रभु सोरेंग उम्र 35 वर्ष गिरकर घायल हो गया। जिसे राहगीरों की मदद से उसे चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। मिली जानकारी के अनुसार अनुज सोरेंग अपने मोटरसाइकिल से चैनपुर बस स्टैंड की ओर आ रहा था। तभी लुथरन स्कूल के समीप बने ठोकर से मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो गया और वह गिर गया। इधर उसके सिर व चेहरे पर ज्यादा चोट लगने के कारण डाक्टरों ने उसका प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

### मनरेगा लोकपाल की कर्मियों संग बैठक

**घाघरा।** घाघरा प्रखण्ड कार्यालय परिसर के सभागार में शुक्रवार को मनरेगा लोकपाल शाहबाद शेख ने मनरेगा कर्मियों के साथ बैठक की। बैठक में मनरेगा योजना में संचालित कार्यों का समीक्षा किया। साथ ही कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान बेलागड़ा पंचायत के मनरेगा योजना में मास्टर रोल और अभिलेख में त्रुटि पाने पर रोजगार सेवक संजीत उरांव से स्पष्टीकरण मांगा वही मापी पुस्तिका में दिनांक नहीं होने के कारण कनीय अभियंता पंकज साहू से भी स्पष्टीकरण की मांग की। इस दौरान लोकपाल ने सभी कर्मियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी तरह से मनरेगा कार्य में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मनरेगा कार्य योजना स्थल पर फार्स्ट एड छायादार व योजना बोर्ड होना चाहिए ।नियमित ग्राम सभा कर योजना का चयन करना अधिक से अधिक लोगों को मनरेगा से जोड़ते हुए रोजगार देना सहित कई दिशा निर्देश दिए ।वही प्रखण्ड में कर्मियों के ठहराव की बात कही ।ताकि बेहतर काम हो सके। मौके पर बीपीओ अजय लकड़ा,संजीत उराव,पंकज साहू,सुखनाथ राम,फूलबनी देवी,बिनीता कुमारी,अंगनी उराव,सहित कई मुखिया पंचायत सेवक रोजगार सेवक व कर्मी उपस्थित थे।

### कलयुगी पुत्र ने मां बाप को घर से निकाला

**कैरो।** थाना क्षेत्र के कैरो निवासी 75 वर्षीय वृद्धा यशोदा देवी पति महाबीर साहू ने कैरो थाना में आवेदन देकर अपने ही छोटे पुत्र राजेश गुप्ता एवं पुत्र वधु सुचिता देवी के द्वारा उन्हें और उनके पति महाबीर साहू को प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए थाना में मामला दर्ज कराया गया है। उन्होंने कहा है कि बेटा और उसकी पत्नी दोनों मिलकर हम दोनों बूढ़ा,बूढ़ी को घर से निकाल दिया है तथा कपड़ा बर्तन जेवर जमीन का कागजात को जब्त कर लिया है। मांगने पर गाली गलौज करते हैं व मार पीट करने की बात कहते हुए अभद्र व्यवहार करते है। हमारे दो पुत्र हैं आपसी समझौता के तहत तय हुआ था कि हम दोनों दम्पति को छः-छः माह गुजारा करना पड़ेगा।

### पीएम के दौरे को ले जिला भाजपा की बैठक

**लोहरदगा।** जिला भाजपा की कार्यसमिति की बैठक 05 नवंबर को पूर्वाह्न 11:00 बजे से बक्शीडिपा स्थित भाजपा जिला कार्यालय सभागार में होगी। बैठक की मुख्य विषय 15 नवम्बर जनजातीय गौरव दिवस के दिन बिरसा मुंडा के पैत्रिक गांव में देश के पीएम मोदी का आगमन और खूंटी स्टेडियम में उनकी सभा में जिला से भागीदारी तय करनी है।

### अच्छा प्रदर्शन ही सफल : शंकर गुप्ता

**लोहरदगा ।** ज्ञानदीप इंग्लिश मीडियम स्कूल मे प्रथम अर्धवार्षिक परीक्षा का परीक्षाफल वितरण उपप्रधानाचार्य सुमन गुप्ता के द्वारा किया गया। जिसमे कक्षा नर्सरी से आश्रिता उरांव ,सेजल एक्का एवं साक्षी उरांव, कक्षा एल केजी से आयुष उरांव, सेजल एक्का, अनीश उरांव , माहिल लोहरा, यू केजी से अरिहंत कुमार, शौर्य अर्णव, कृति उरांव, कक्षा प्रथम से निभा तिर्की, संकेत मित्तल, अंश ठाकुर , कक्षा दो से हिमांशु खेरवार, बुलबुल उरांव, सुमित उरांव ,कक्षा 3 से रानी उरांव ,प्रिंस उरांव, दृष्टि भगत, कक्षा चतुर्थ से कृति उरांव, अनुष्का कुमारी ,किरण उरांव, कक्षा पांचवी से सोनाली उरांव, सूरज सिंह, सोनू कुमार ने क्रमशः प्रथम दूसरा और तीसरा स्थान पाया।

# पथराकुली में अवैध कोल डिपो पर छापा, 44 टन कोयला बरामद

## एसडीएम के निर्देश पर हुई छापेमारी

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** धनबाद जिले में पुलिस प्रशासन की लाख कोशिश के बाद भी अवैध कोयला का धंधा रुकने का नाम नहीं ले रहा है। जिला टास्क फोर्स की बैठक होने के बाद छापेमारी होती है, लेकिन छापेमारी के बाद कोयला का काला खेल फिर से शुरू हो जाता है। ताजा मामले में धनसर थाना क्षेत्र की पथराकुली का है जहां अवैध कोयला डिपो का संचालन हो रहा था। एसडीएम उदय राजा के निर्देश पर की गई छापेमारी में भारी मात्रा में अवैध कोयला यहां से बरामद हुआ है। डीपो का संचालन कर रहे तीन लोग खिलाफ प्राथमिक की दर्ज कर ली गई है। इस दौरान भारी मात्रा में अवैध कोयला बरामद हुआ है बताते चले कि काफी दिनों से यहां कोयले लेकर अवैध डिपो का संचालन सिंडिकेट के द्वारा किया जा रहा था। वही धनबाद एसडीएम उदय रजक ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि अवैध कोयला डिपो के संचालन की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर धनसर थाना को कार्रवाई का आदेश दिया गया ।धनसार थाना की पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पथराकुली में भारी मात्रा में कोयला जप्त किया है। करीब 44 टन कोयला जप्त किया गया है। मामले में तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिक की दर्ज की गई है। सुनीता देवी समेत उनके दो सहयोगी सूरज चौहान और दीपक साव के साथ उन लोगों के खिलाफ अवैध कोयला भंडारण और कोयले के कारोबार को लेकर संसार थाना में मामला दर्ज किया गया।

**उपायुक्त ने दिया है कार्रवाई का निर्देश :** धनबाद उपायुक्त वरुण रंजन ने जिला टास्क फोर्स की बैठक में अवैध खनन भंडारण और ट्रांसपोर्टिंग को लेकर गंभीरतापूर्वक त्वरित कार्रवाई करने का दिशा निर्देश जारी किया है। जिसके बाद जिला प्रशासन पुलिस प्रशासन और केंद्रीय सुरक्षा बल अवैध तस्कर को खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रहे हैं।

### आउटसोर्सिंग के खिलाफ ग्रामीणों ने रखी अपनी बात

**पुटकी।** भागबंध 17 न0 इंक्लाइंड के पास भागाबन्ध के स्थानीय रैयत ग्रामीणों ने प्रेस वार्ता किया जिसमें मुख्य रूप से नशा उन्मूलन महिला समिति के अध्यक्ष सुन्दरी देवी ने कहा कि पुटकी बीसीसीएल के पीबी एरिया से संचालित होने वाली आउटसोर्सिंग कम्पनी यहाँ अंडर ग्राउंड कोयला उत्खनन का काम करेगी ।जिसको पिछले दिनों बिरोध किया गया। लेकिन हम आउटसोर्सिंग कम्पनी से नही बल्कि बीसीसीएल कम्पनी को जानते है। हम सभी रैयत ग्रामीण मांग करते है। कि हमारे जमीन पर काम करने से पहले जो नियम कानून है।

# जतरा समाज को एक सूत्र में बांधने का करती है कार्य : सुखदेव भगत

खबर मंत्र संवाददाता



जतरा का उद्घाटन करते अतिथि

**भंडरा।** प्रखंड के अंतर्गत धोबाली गांव में शुक्रवार को आयोजित ऐतिहासिक जतरा हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस जतरा में लोहरदगा लोकसभा कांग्रेस प्रभारी पूर्व विधायक सुखदेव भगत मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। सुखदेव भगत का जतरा स्थल पर पहुंचने पर आयोजन समिति द्वारा उनका पारंपरिक ढंग से स्वागत किया गया। जतरा में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिसका मुख्य अतिथि सुखदेव भगत के द्वारा विधिवत फीता काटकर शुभारंभ किया गया ।मौके पर सुखदेव भगत ने कहा कि जतरा आदिवासी समाज की संस्कृति और सभ्यता की पहचान है। हमारे पूर्वजों द्वारा प्रारंभ किया गया जतरा का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। जतरा के माध्यम से आदिवासियों के रीति रिवाज परंपरा को प्रगाढ़ता मिलती है साथ ही साथ समाज में सद्भावना और समुदायिकता को भी बल मिलता है ।जतरा समाज को एक सूत्र में बांधने का भी कार्य करती है। आदिवासी समाज ही एक ऐसा समाज है जिसमें तीन पीढ़ी एक साथ सामूहिक नृत्य करते हैं। हम सभी को अपनी रीति रिवाज परंपरा को बचाने के लिए जतरा को और बेहतर ढंग से आयोजित करने की आवश्यकता है। मौके पर सुखदेव भगत ने कहा कि आदिवासी समाज के उत्थान के लिए हमें शिक्षा पर विशेष ध्यान देने तथा दारू- हाड़ी से दूर रहने की आवश्यकता है। जतरा में आए खोड़हा दलों को आयोजन समिति की ओर से पुरस्कृत किया गया।

मौके पर लोहरदगा लोकसभा कांग्रेस समन्वय समिति के सदस्य आलोक कुमार साहू,धोबाली जतरा आयोजन समिति के प्रदीप उरांव सुलेंद्र लोहरा,संजय उरांव ,गुलशन उरांव, शनिचरवा उरांव, एतवा उरांव, राजेंद्र उरांव, बुधराम उराव हरि उरांव अनिल उरांव, गोवर्धन उरांव, सुधीर उरांव मंगरा उरांव सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# पांच संदिग्ध युवकों को ग्रामीणों ने पकड़ कर किया पुलिस के हवाले

खबर मन्त्र संवाददाता



**मरकच्चो (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत सिमरिया पंचायत के डुमरडीहा में घूम रहे पांच संदिग युवकों को ग्रामीणों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। वहीं पुलिस उक्त युवकों से पूछताछ कर रही है। ग्रामीणों को संदेह था की उक्त लोग कोई गंभीर घटना करने के फिराक में थे, पूछ ताछ के दौरान उक्त युवकों ने अपनी पहचान रांची जिला के बुंडू निवासी शिवेश्वर महतो, ढाकारिया निवासी बबलू नायक, दानाडीह निवासी अशोक महतो, सिलवे निवासी मुकेश प्रमानिक तथा तमाड़ निवासी संतोष मुंडा के रूप में बताया। वहीं ग्रामीणों के अनुसार उक्त पांचो लोग गुरुवार की शाम ही एक स्कार्पियो जेएच01इसी/1060 से डुमरडीहा गांव पंहुचकर गांव के ही सरकारी विद्यालय में पदस्थापित शिक्षक उमेश प्रसाद महतो के बारे में पूछताछ कर रहे थे एवं देर रात होने के बाद वे लोग चले गए। वहीं पुनः शुक्रवार को अहले सुबह वे लोग फिर स्कार्पियो से उक्त गांव आये और उक्त शिक्षक के बारे में पूछताछ करने लगे। वहीं उन युवकों के संदिग गतिविियों को देखते हुए ग्रामीणों ने पांचो युवकों को पकड़ कर उनके बारे में पूछताछ करने लगे, मगर युवकों द्वारा स्पष्ट कोई जवाब नहीं देने पर ग्रामीणों ने मरकच्चो पुलिस को फोन कर इसकी जानकारी दी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पंहुच पांचों युवकों एवं स्कार्पियो को जब्त कर थाना ले आयी, जहां पुलिस द्वारा उक्त युवकों से पूछताछ की जा रही है। वहीं उक्त मामले को लेकर डुमरडीहा विद्यालय में पदस्थापित शिक्षक उमेश प्रसाद महतो ने थाना में आवेदन देकर बताया है की वे डुमरडीहा के विद्यालय में शिक्षक के रूप में कार्यरत हैं और वहीं भाड़े के मकान में रहते हैं।

# राष्ट्रीय बालक खो-खो चैंपियनशिप का आगाज

खबर मन्त्र ब्यूरो




चैंपियनशिप की जानकारी देतीं इशिता डे, प्रीति सिन्हा व अन्य पदाधिकारीगण।

**जमशेदपुर।** तारापोर स्कूल, 4 नवंबर से 6 नवंबर, 2023 तक केएसएमएस और गुलमोहर हाई स्कूल के सहयोग से पहला सीआईएससीई राष्ट्रीय बालक खो-खो चैंपियनशिप की मेजबानी कर रहा है। इसका उद्घाटन समारोह, 4 नवंबर को सुबह 9:30 बजे ट्रांसपोर्ट ग्राउंड, एग्रिको में आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री मुकुल चौधरी,चीफ, स्पोर्ट्स एक्सीलेंस सेंटर टाटा स्टील होंगे।

यह जानकारी तारापुर स्कूल की प्राचार्य इशिता डे, गुलमोहर हाई स्कूल की प्राचार्य प्रीति सिन्हा, कौशल सिंह एवं मनीष कुमार ने संयुक्त रुप से एक संवाददाता सम्मेलन में दी। खेल तीनों श्रेणियों- यू-14, यू-17 और यू-19 के तहत आयोजित किए जाएंगे।

इस चैंपियनशिप में भाग लेने वाले क्षेत्र हैं-उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड, उत्तर- पश्चिम, उत्तर भारत, पश्चिम बंगाल और उत्तर पूर्व, कर्नाटक, महाराष्ट्र और गोवा, ओडिशा, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना, तमिलनाडू तथा बिहार और झारखंड। इस प्रतियोगिता में झारखंड बिहार, वेस्ट बंगाल, उड़ीसा, यूपी, महाराष्ट्र, गोवा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु, आदि क्रमशः 10 रीजनल क्षेत्रों से तकरीबन 400 प्रतिभागी अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मनवाने मैदान पर उतरेंगे। खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया की देखरेख में प्रतियोगिता का संचालन के लिए कुल 33 टेक्निकल ऑफीसर की नियुक्ति की गई है।

बताते चलें कि तीन दिवसीय प्रतियोगिता में अंतिम रूप से चयनित प्रतिभागियों को एसजीएफआई में खेलने का मौका मिलेगा जिसका आयोजन संभवत नवंबर के अंतिम सप्ताह में होगा। इसके बाद प्रतिभागी खेलो इंडिया में शिरकत करेंगे। और वहां से चुने गए बच्चे एशियन गेम में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए नजर आएंगे।

# मां-बाप की हत्या कर फरार पुत्र को पुलिस ने भेजा जेल

## डायन बिसाही के शक पर माता-पिता की हत्या कर दी थी

खबर मन्त्र संवाददाता

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के कुरूमगढ पुलिस ने अपने माता पिता की हत्या कर शव को घर सहित जलाने के आरोपी उरू बरटोली निवासी बुधु उर्फ बुधुवा होरो को शुक्रवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

**पीट-पीट कर की थी हत्या**

पूरे मामले की जानकारी देते हुए थाना प्रभारी नितीश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त बुधु होरो वर्ष 2015 में अपने सौतेले भाई से जमीनी विवाद होने एवं अपने पिता नारायण होरो व मां पर डायन होने के शक पर अपने साथियों के साथ मिलकर अपने माता- पिता की लाठी डंडे से पीटकर हत्या कर दी थी और शव को घर सहित आग लगा दिया था। वहीं घर में रखे पैसे लेकर फरार हो गया था।

**8 साल से था फरार :** गिरफ्तारी के डर से वह आठ साल से फरार था। पिछले दिनों पुलि को उसके बार में गुप्त सूचना मिली थी। इसी आधार पर आरोपी को उरू बरटोली गांव से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया दिया। छापामारी दल में मुख्य रूप से कुरूमगढ़ थाना प्रभारी नितीश कुमार,पु अनि महेश प्रसाद कुशवाहा,सअनि प्रदीप कुमार सहित सैट के जवान मौजूद थे।

### मनरेगा लोकपाल पदाधिकारी ने किया विकास योजनाओं की समीक्षा

**सेन्हा/लोहरदगा।** मनरेगा लोकपाल पदाधिकारी इंदु तिवारी के द्वारा प्रखंड में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं का समीक्षा किया गया। समीक्षा के दौरान मनरेगा योजना से संचालित आम बागवानी सहित अन्य कार्यों का विस्तृत जानकारी बीपीओ निलेन्द्र कुमार द्वारा दिया गया। वही समीक्षा के दौरान लोकपाल पदाधिकारी इंदु तिवारी ने प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत बुटी पंचायत का भ्रमण कर मनरेगा योजना से क्रियाविंत संदीप महतो,गोपाल महतो,रीना रॉय,हैदर अंसारी,सरिता देवी ,रुकमैन देवी और पुष्पा देवी सहित अन्य लाभुकों का सिंचाई कूप स्थल और आम बागवानी का निरीक्षण किया गया। साथ ही लाभुकों से भुगतान से संबंधित जानकारी ली गई। तथा पंचायत भवन में संबंधित योजनाओं का अभिलेख का अवलोकन करते हुए कार्य मे प्रगति के लिये आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। मौके पर बीपीओ निलेन्द्र कुमार, रोजगार सेवक निमाइचंद महतो,मेट रानी बीबी सहित सभी लाभुक उपस्थित थे ।

# पुलिस ने झारखंड से बिहार जा रही अंग्रेजी शराब से भरी सरकारी एंबुलेंस को किया जब्त

खबर मन्त्र संवाददाता



**मनिका।** मनिका थाना क्षेत्र स्थित नामुदाग गांव के पास से मनिका पुलिस ने दिन शुक्रवार को अंग्रेजी शराब लोड बीआर 05 पी 9083 नंबर के सरकारी एंबुलेंस को पकड़ा साथ ही एंबुलेंस के साथ एस्कॉर्ट कर रही जेएच 01 सीएफ 6699 नंबर की कार को भी पुलिस ने पकड़ा है। उक्त दोनों गाड़ियों के साथ पुलिस ने दो लोगों को भी गिरफ्तार किया है। वहीं आसपास के ग्रामीणों ने बताया कि दोनों वाहन रांची के तरफ से डालटेनगंज की ओर जा रहे थे इसी दौरान नामुदाग के पास एंबुलेंस और एंबुलेंस को एस्कॉर्ट कर रहे एक कार रुका हुआ था और दोनों वाहनों के चालको के बीच कुछ कहा सुनी हो रही थी। ग्रामीणों ने बताया कि आशंका होने पर जब एंबुलेंस के पास गए तो ऐसा मालूम हुआ कि एंबुलेंस में भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब लोड है और इसी को लेकर दोनों वाहनों के लोगों में झड़प हो रही है जिसके बाद ग्रामीणों ने मनिका थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह को इसकी सूचना दिया जिसके तुरंत ही एसआई प्रदीप कुमार राय, एएसआई मनोज कुमार दुबे अपने दलबल के साथ पहुंचे और दोनों वाहनों को जब्त कर थाना ले आए साथ ही एंबुलेंस में सवार दो लोगों को भी गिरफ्तार किया गया। वहीं एंबुलेंस को देखने से प्रतीत हो रहा था कि एंबुलेंस के ऊपर के हिस्से में भी बॉक्स बनाया हुआ है और सीट के नीचे भी बॉक्स बना हुआ है।

### इफको द्वारा किसान सभा आयोजित


**भंडरा ।** प्रखंड भंडरा के भिट्ठा गांव में किसान सभा का आयोजन इफको लोहरदगा द्वारा किया गया । इस सभा में भिठा, कचमची एवं आस पास के गाँव के सौ से अधिक किसानों ने भाग लिया । इस अवसर पर इफको के प्रबन्धक चन्दन कुमार ने वर्तमान में खेतों में लग रहे सब्जी फसल, मटर एवं आलू की खेती में डीएपी एवं यूरिया खाद के कार्य एवं प्रयोग को बताते हुए कहा कि कैसे इफको द्वारा निर्मित इफको नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया किस प्रकार दानेदार डीएपी एवं यूरिया से बेहतर कार्य करता है .इसके बारे मे विस्तार से चर्चा किया गया । उन्होंने बताया कि फास्फोरस की आवश्यकता इन फसलों को अपने प्रारम्भिक कायकीय विकास जैसे अनुकरण ,जड़ का तेजी से विकास के लिये बहुत महत्वपूर्ण होता है . ऐसे में इफको नैनो डीएपी के द्वारा बीजों और कदों का शोधन करने से इन फसलों में समय से एकसाथ जमाव होता है । जड़ों का विकास भी तेजी से होता है .जिसके कारण फसल स्वस्थ्य होते हैं । यह काम किसान नैनो डीएपी के 5 मि.ली.प्रति किलो बीज या कन्द से शोधन मात्र से ही पूरा कर सकते हैं. दूसरी बार नैनो डीएपी का प्रयोग किसान फसल के 30 से 35 दिन एवं फूल निकलने के एक सप्ताह पहले 4 मिली प्रति एक लिटर पानी के घोल का स्प्रे करने पर किसानों को अधिक और गुणवत्तापूर्ण उत्पादन के साथ अधिक उत्पादन भी प्राप्त होता है । नैनो डीएपी मिट्टी के जैव रासायनिक एवं भौतिक दशा से अप्रभावी होता है।

# आठ वर्षों में भी मध्य विद्यालय लुंगा के भवन निर्माण का कार्य नहीं हुआ पूरा

## एक से आठ तक संचालित विद्यालय में बच्चों को तीन कमरों में बैठाकर पढ़ाने को विवश हैं शिक्षक

### शिक्षा विभाग ने काम कराया बंद, योजना की राशि वापस ली

खबर मन्त्र संवाददाता



राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय लुंगा का अधूरा भवन

**रायडीह।** सर्व शिक्षा अभियान के तहत विद्यालयों में बनने वाले अधूरे भवनों व उसके निर्माण में अनियमितता के कारण बच्चों के शिक्षा पर प्रतिकुल प्रभाव पड़ रहा है। इसी तरह का एक मामला रायडीह प्रखंड के केमटे पंचायत के राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय लुंगा का है। जहां लगभग 8 वर्षों से विद्यालय में दो कमरों का भवन बन रहा है, लेकिन आज तक भवन पूरा नहीं हुआ। बताते चले कि राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय लुंगा में भवन की कमी को देखते हुए दो कमरों का निर्माण कराया जा रहा था। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य अनिल कुजूर ने बतलाया कि विद्यालय में कार्यरत पारा शिक्षक वर्तमान में सहायक शिक्षक यदुनाथ सिंह के द्वारा कार्य कराया जा रहा था जो कि अभी तक अधूरा पड़ा हुआ है। जबकि सबसे आश्चर्यजनक बात है कि शुरूआत में कमरों में जाने के लिए सीढ़ी का भी निर्माण नहीं किया गया था। जिसका निर्माण कार्य लगभग दो महीने पहले शुरू किया गया। लेकिन वह भी अधूरा पड़ा हुआ है। श्री कुजूर के द्वारा यह भी बतलाया गया कि वर्तमान में कक्षा 1 से 8 तक मे कुल 72 बच्चे नामांकित है तथा सभी कक्षा को तीन कमरो में किसी तरह से व्यस्थित कर बच्चों का पढ़ाया जा रहा है। जब भवन निर्माण के संबंध में कार्य करा रहे शिक्षक यदुनाथ सिंह से फोन पर बात कर पूछा गया तो उनके द्वारा ना तो भवन निर्माण का प्रकालित राशि बतलाया गया और न ही योजना से संबंधित किसी भी तरह भी जानकारी दी गई। यहां तक कि कार्य की देख रहे कर रहे अभियंता तक का नाम बताने में वह असमर्थ रहे। जबकि उसी शिक्षक के द्वारा किचन शेड निर्माण का कार्य भी अधूरा बना कर छोड़ दिया गया है। उक्त भवन निर्माण कार्य के जेई जुलकर नैन से फोन पर बात की गई तो उनके द्वारा बतलाया गया कि योजना वित्तिय वर्ष 2015-16 का है। जिसका निर्माण कार्य यदुनाथ सिंह के द्वारा कराया जा रहा था तथा उनके द्वारा कार्य पूरा नहीं कराया गया। जिसके बाद विभाग के द्वारा उक्त काम को जितना कार्य हुआ है का मापी पुस्तिका बना कर बंद कर दिया गया। साथ ही भवन निर्माण की राशि लगभग 138000 रुपया वापस ले लिया गया एवं कार्य करा रहे शिक्षक पर प्राथमिकी दर्ज कराने का नोटिस भेजा गया। इधर अधूरे भवन के कारण बच्चों को पढ़ने में भारी कठिनाई हो रही है।




# नीदरलैंड को 7 विकेट से हराकर अफगानिस्तान ने सेमीफाइनल की उम्मीदों को किया मजबूत

**एजेंसी**



**लखनऊ।** मोहम्मद नबी की दमदार गेंदबाजी के बाद रहमत शाह और कप्तान हशमतुल्ला शहीदी की बेहतरीन अर्धशतकीय पारी से अफगानिस्तान ने नीदरलैंड्स को 7 विकेट से हरा दिया। आईसीसी वनडे विश्व कप 2023 के 34वें मैच में नीदरलैंड्स की टीम टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए 179 रन के स्कोर पर सिमट गई थी। इसके जवाब में अफगानिस्तान की टीम ने सिर्फ 31.3 ओवर में 7 विकेट गंवाकर लक्ष्य को हासिल कर लिया। अफगानिस्तान की टीम ने टूनार्मेंट में जीत की हैट्रिक लगाई है। अफगानिस्तान के लिए जीत का यह सिलसिला पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले से शुरू हुआ था। पाकिस्तान को पटकने के बाद टीम ने श्रीलंका को धूल चटाई और अब नीदरलैंड को हराया है। इस तरह टूनार्मेंट में अफगानिस्तान की टीम ने चार मैचों में जीत के साथ 8 अंक जुटा लिए हैं। नीदरलैंड्स के खिलाफ इस मुकाबले में लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफगानी टीम की शुरूआत कुछ खास नहीं रही थी। टीम ने 55 रन के स्कोर पर अपने दो विकेट गंवा दिए थे। रहमानुल्ला गुरबाज 10 और इब्राहिम जादरान 20 रन बनाकर आउट हो गए, लेकिन इसके बाद कप्तान हशमतुल्ला शहीदी के साथ मिलकर रहमत शाह ने मोर्चा संभाल लिया। रहमत शाह ने दमदार खेल दिखाते हुए 52 रनों की खेली। अपनी इस पारी में उन्होंने 54 गेंद का सामना किया, जिसमें 8 चौके लगाए। इसके अलावा हशमतुल्ला शहीदी 56 रन बनाकर नाबाद रहे और अंत तक बल्लेबाजी करते हुए टीम को जीत दिलाई। वहीं अजमतुल्ला ओमारजई ने भी 31 रनों की नाबाद पारी खेली।

### वर्ल्ड कप 2023 पॉइंट्स टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 07 | 07 | 00 | 14 | +2.102 |
| द. अफ्रीका | 07 | 06 | 01 | 12 | +2.290 |
| ऑस्ट्रेलिया | 06 | 04 | 02 | 08 | +0.970 |
| नयूजीलैंड | 07 | 04 | 03 | 08 | +0.484 |
| आफगनिस्तान | 07 | 04 | 03 | 08 | -0.330 |
| पाकिस्तान | 07 | 03 | 04 | 06 | -0.024 |
| श्रीलंका | 07 | 02 | 05 | 04 | -1.162 |
| नीदरलंड्स | 07 | 02 | 05 | 04 | -1.398 |
| बांग्लादेश | 07 | 01 | 06 | 02 | -1.446 |
| इंग्लैंड | 06 | 01 | 05 | 02 | -1.652 |

### गेंदबाजी में भी छाये रहे अफगानिस्तान के खिलाड़ी

नीदरलैंड्स के खिलाफ इस मुकाबले में अफगानिस्तान की टीम गेंदबाजी में भी छाए रहे। गेंदबाजी में टीम के लिए मोहम्मद नबी ने सबसे अधिक 3 विकेट अपने नाम किए। उन्होंने 9.3 ओवर में सिर्फ 28 रन खर्च दिए। इसके अलावा नूर अहमद ने भी दो विकेट लिए जबकि मुजीब उर रहमान के खाते में एक विकेट आया। वहीं चार बल्लेबाज रन आउट हुए।

### फ्लॉप रही नीदरलैंड्स की टीम

अफगानिस्तान के खिलाफ मुकाबले में नीदरलैंड्स की बल्लेबाजी औसत दर्जे की रही। टीम ने अपना पहला विकेट सिर्फ 3 रन के स्कोर पर गंवा दिया था, लेकिन इसके बाद दूसरे विकेट के लिए 70 रनों की साझेदारी हुई। मैक्स ओडॉउड 42 रन बनाकर आउट हो गए। नीदरलैंड के लिए सर्वोच्च स्कोरर साइब्रांड एंगेलब्रेक्ट रहे जिन्होंने 58 रनों की पारी खेली, लेकिन एंगेलब्रेक्ट के रन आउट होने के बाद जो विकेट गिरने का सिलसिला जारी हुआ तो फिर वह रुकने का नाम नहीं लिया। इस तरह नीदरलैंड्स की टीम ने सिर्फ 179 रन ही बना सकी और अफगानिस्तान को एक आसान सा लक्ष्य मिला।

## क्रिकेट विश्व कप 2023


### आज का मैच (न्यूजीलैंड / पाकिस्तान)




**दोनों टीमें इस प्रकार हैं**

**न्यूजीलैंड :** टॉम लैथम, ट्रेंट बोल्ट, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हैनरी, टॉम लैथम, डेरिल मिशेल, जेम्स नीशम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, मिशेल सैंटनर, ईश सोढ़ी, टिम साउदी, विल यंग, काइल जैमीसन।

**पाकिस्तान :** बाबर आजम, शादाब खान, फखर जमां, इमामुल हक, अब्दुल्ला शफीक, मोहम्मद रिजवान, सऊद शकील, इफ्तिखार अहमद, सलमान अली आगा, मोहम्मद नवाज, उसामा मीर, हारिस रऊफ, हसन अली, शाहीन शाह अफरीदी, मोहम्मद वसीम।




**(इंग्लैंड / आस्ट्रेलिया) दोनों टीमें इस प्रकार हैं**

**इंग्लैंड :** जोस बटलर (कप्तान), मोइन अली, गस एटकिंसन, जॉनी बेयरस्टो, सैम करन, लियाम लिविंगस्टोन, डेविड मलान, आदिल राशिद, जो रूट, हैरी ब्रूक, बेन स्टोक्स, ब्रायडन कार्स, डेविड विली, मार्क वुड और क्रिस वोक्स।

**ऑस्ट्रेलिया :** पैट कमिंस (कप्तान), स्टीव स्मिथ, एलेक्स कैरी, जोश इंग्लिस सीन एबोट, एशटन एगर, कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, मिच मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टोइनिस, डेविड वॉर्नर, एडम जम्पा और मिशेल स्टार्क।

### शाहरुख खान की बर्थडे पार्टी की जान बने धोनी, बॉलीवुड स्टार्स ने ली सेल्फी



**मुंबई।** बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान के 58वें जन्मदिन के मौके पर टीम इंडिया के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने भी उनकी पार्टी में शिरकत की। धोनी ने जन्मदिन की पार्टी के दौरान काले रंग का सूट पहना था और नये हेयरस्टाइल में नजर आये। इस कार्यक्रम में उनके साथ तस्वीरें खिंचवाने के लिए बॉलीवुड हस्तियों का हुजूम उमड़ पड़ा।

सोशल मीडिया पर धोनी की कई तस्वीरें वायरल हो रही हैं। यहां तक कि गायक मीका सिंह, अभिनेता संजय कपूर और अन्य बी-टाउन हस्तियों ने धोनी के साथ तस्वीरें साझा कीं। धोनी मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में भारत और श्रीलंका के बीच 2023 विश्व कप मैच देखने इसलिए नहीं गये क्योंकि उन्हें शाहरुख खान की जन्मदिन पार्टी में शामिल होना था। धोनी क्रिकेटर होने के साथ-साथ फिल्म निर्माता भी हैं।

## 25 लाख करोड़ के आइपीएल में निवेश करना चाहते हैं सऊदी अरब के प्रिंस, रिपोर्ट में खुलासा

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** दुनिया की सबसे बड़ी क्रिकेट लीग में सऊदी अरब के प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान शेयर खरीद सकते हैं। एक मीडिया रिपोर्ट में यह खुलासा किया गया है। अगर ऐसा होता है तो पहले आइपीएल का मालिकाना हक एक नयी कंपनी के हाथ में जाएगा। इसकी कीमत 30 बिलियन अमेरिकी डॉलर (2,498,680,710,000 रुपये) होगी। इसके बाद सऊदी के प्रिंस इसमें शेयर खरीदेंगे। शुक्रवार को बताया कि सऊदी अरब ने दुनिया की सबसे अमीर क्रिकेट लीग इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) में अरबों डॉलर की हिस्सेदारी खरीदने में रुचि व्यक्त की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के सलाहकारों ने आइपीएल को 30 अरब डॉलर की वैल्यू वाली होल्डिंग कंपनी में स्थानांतरित करने के बारे में भारत सरकार के अधिकारियों से बात की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि जब क्राउन प्रिंस ने सितंबर में भारत का दौरा किया था तब बातचीत हुई थी, जिसमें कहा गया था कि राज्य ने लीग में पांच अरब डॉलर का निवेश करने और अन्य देशों में विस्तार करने में मदद करने का प्रस्ताव रखा था। आइपीएल के संरक्षक, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) ने टिप्पणी के लिए रॉयटर्स के अनुरोध का तुरंत जवाब नहीं दिया। आइपीएल दुनिया की सबसे अमीर लीगों में से एक है और 2008 में अपने उद्घाटन संस्करण के बाद से यह शीर्ष खिलाड़ियों और कोचों को भारत में आकर्षित कर रहा है। आइपीएल अब दुनिया की सबसे बड़ी खेल लीगों में शुमार हो चुका है। कमाई के मामले में सिर्फ एनबीए जैसी बड़ी लीग ही आइपीएल से आगे हैं। आइपीएल के एक मैच की कमाई 100 करोड़ से ज्यादा है, जबकि इंग्लिश प्रीमियर लीग के एक मैच की कमाई 85 करोड़ के करीब है। इसी साल अप्रैल में भी सऊदी अरब के आइपीएल में निवेश करने की खबरें आई थीं। यह देश फुटबॉल और फॉमूर्ला वन जैसे खेलों में पहले ही निवेश कर चुका है।

### नेपाल ने टी 20 विश्व कप के लिए किया क्वालीफाई

**काठमांडू।** नेपाली क्रिकेट टीम ने टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया है। वर्ष 2024 में अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी 20 विश्व कप में नेपाल की टीम भी शामिल होने वाली है। 10 वर्षों के बाद नेपाली क्रिकेट टीम ने विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया है। इससे पहले नेपाल ने बांग्लादेश में 2014 को हुए टी 20 विश्व कप में खेला था। टकाठमांडू के मूलपानी में हुए क्वालीफाइंग सेमीफाइनल मैच में नेपाल ने यूएई को 8 विकेट से पराजित कर टी 20 विश्व कप में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया है। यूएई ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट के नुकसान पर 134 रन बनाया था। इसके जवाब में नेपाल ने सिर्फ दो विकेट के नुकसान पर इस लक्ष्य को पूरा कर लिया। नेपाल की तरफ से आशिफ शेख ने सर्वाधिक 63 रन बनाए थे जबकि गेंदबाजी करते हुए कुशल मल्ल ने 3 विकेट लिया था। एशिया क्वालिफाइंग मैच में नेपाल के साथ ओमान भी टी 20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर लिया है। शुक्रवार को हुए एक अन्य खेल में ओमान ने बहरीन को 10 विकेट से पराजित किया है। आज नेपाल और ओमान के बीच फाइनल मैच खेला जाएगा। इस बार एशिया क्वालीफाइंग से दो टीमों का विश्व कप के लिए चयन होना था।

### आइसीसी विश्व कप का 40 करोड़ से अधिक दर्शक कर चुके हैं दीदार

**मुबंई।** भारत में जारी एक दिवसीय आइसीसी क्रिकेट विश्व कप का लुफ्त उठाने वाले दर्शकों की संख्या 40 करोड़ को पार कर गयी है। अधिकृत सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि विश्व कप के पहले 26 मैचों का दीदार 40 करोड़ से अधिक दर्शकों ने मैदान पर अथवा टीवी एवं मोबाइल फोन पर किया है। दर्शकों के विशेष आकर्षण के चलते 2019 के विश्व कप की तुलना में कुल देखे जाने के समय (182 बिलियन मिनट) में 22 फीसदी की वृद्धि हुयी है।

### शारीरिक शिक्षक गोविंद झा बने टेक्निकल डेलीगेट

**रांची।** डीएवी गांधीनगर के शारीरिक शिक्षक गोविंद झा को उत्तराखंड में छह से 10 नवंबर तक होने वाले सीबीएसइ नेशनल आर्चरी प्रतियोगिता में टेक्निकल डेलीगेट के पद पर पदस्थापित किया गया है। प्रतियोगिता देहरादून में बलूनी स्कूल में आयोजित होगी। स्कूल के प्राचार्य एसके सिन्हा, निराकर आचार्य, कविता मुखर्जी, प्रमोद सहाय सहित अन्य ने गोविंद झा को बधाई दी।

### ड्रीम बिग सीए, सोनेट नामकुम और कुशमाही सीए अपने-अपने मुकाबले जीते

**रांची।** आरडीसीए के तत्वावधान में खेले जा रहे बी डिवीजन क्वालिफायर में शुक्रवार को तीन मैच खेले गये। पहले मैच में ड्रीम बिग सीए ने मॉडेस्ट सीए को 54 रन से हराया। दूसरे मैच में सोनेट नामकुम ने क्लब ऑफ 22 याड्र्स को 85 रनों से पराजित किया। तीसरे मैच में कुशमाही सीए ने बिपिंग स्पोर्टिंग को 10 विकेट से हराया। ड्रीम बिग सीए: 177 रन (विनीत 41 रन, विवेक 33 रन, संतोष 24 रन, आरव तीन, पंकज व शिवांशु दो-दो विकेट मिले)। **मॉडेस्ट सीए: 123** रन (राहुल 25 रन, आकाश 22 रन, रूपेश तीन, विजय व सचिन दो-दो विकेट लिये)। **सोनेट नामकुम :** 268 रन (राजीव 72, धीरज 59, अनमोल व दीप दो-दो विकेट)। क्लब ऑफ 22 याड्र्स 183 रन (अनमोल 72 रन और रोशन 33 रन बनायें। राजीव व धीरज तीन-तीन विकेट मिला।। बिपिंग स्पोटिंर्ग: 65 रन (आदर्श 22, वैभव चार व संतोष तीन विकेट)। कुशमाही सीए: 69 रन (संतोष 54 रन बनाकर नाबाद रहें।

### झारखंड को मिली साइकिलिंग चैंपियनशिप की मेजबानी

**रांची।** साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा झारखंड साइकिलिंग संघ को 75वां सीनियर, 52वीं जूनियर व 28वीं सब जूनियर महिला पुरुष नेशनल ट्रैक साइकिलिंग चैंपियनशिप की मेजबानी दी गयी है। 2011 में हुए नेशनल गेम्स के बाद पहली बार राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता का आयोजन मेगा स्पोट्र्स कॉम्प्लेक्स के वेलोड्राम स्टेडियम में आयोजित होगी। ये प्रतियोगिता 30 नवंबर से चार दिसंबत तक होगी जिसमें पूरे देश से 650 खिलाड़ी शामिल होंगे। लेकिन इस आयोजन के लिए वेलोड्राम स्टेडियम का ट्रैक मानक के अनुरूप नहीं है। इस आयोजन के लिए फेडरेशन द्वारा मेगा स्पोट्र्स कॉम्प्लेक्स के साइकिलिंग स्टेडियम के ट्रैक का निरीक्षण करने वर्ल्ड साइकलिंग यूनियन के एक्सपर्ट पिनाकी को रांची भेजा गया था। ट्रैक का निरीक्षण के दौरान उन्होंने बताया कि वर्तमान हालात में राष्ट्रीय चैंपियनशिप का आयोजन करना संभव नहीं है. ट्रैक का रिपेयरिंग करते हुए पेंट करना अनिवार्य है तभी नेशनल चैंपियनशिप का आयोजन संभव हो पायेगा। जेएसएसपीएस के इंजीनियर को उन्होंने कम समय में ट्रैक रिपेयरिंग का कार्य करने का आग्रह किया।

## अजेय भारत की टक्कर सेमीफाइनल में कोरिया से

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** भारतीय महिला टीम शनिवार को झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2023 के बहुप्रतीक्षित सेमीफाइनल मुकाबले में कोरिया से भिड़ने के लिए तैयार है। पूरे टूनामेंट में अजेय रिकॉर्ड के साथ, भारत के अविश्वसनीय प्रदर्शन ने उन्हें पांच पूल चरण मुकाबलों में 15 अंक हासिल करके अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर पहुंचा दिया है। मैच से पहले भारतीय महिला टीम आत्मविश्वास से भरी होगी, जिसने पहले अपने आखिरी पूल चरण मुकाबले में कोरिया को 5-0 से हराया था। मेजबान टीम निश्चित रूप से मनोवैज्ञानिक लाभ हासिल करेगी और टूनामेंट में अपना दबदबा जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध होगी। महत्वपूर्ण मैच से पहले, भारतीय महिला हॉकी टीम के कोच जेनेके शोपमैन ने कहा, हमारी टीम ने इस प्रतियोगिता में उल्लेखनीय लचीलापन और एकता का प्रदर्शन किया है। पूल चरण में कोरिया के खिलाफ जीत काफी शानदार थी, लेकिन, हम सेमीफाइनल को जानते हैं यह पूरी तरह से एक अलग चुनौती होगी क्योंकि नॉकआउट गेम में हमेशा अतिरिक्त दबाव होता है। हालांकि, हमारे खिलाड़ी मानसिक और शारीरिक रूप से तैयार हैं, और वे अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए उत्सुक हैं। इस बीच, भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता ने टूनामेंट में टीम की अब तक की यात्रा पर कहा, हम सेमीफाइनल में जगह बनाकर रोमांचित हैं और अपने प्रशंसकों के समर्थन के लिए वास्तव में आभारी हैं। हमारा लक्ष्य अपने पिछले प्रदर्शन को दोहराना और कोरिया के खिलाफ सफलता और फाइनल में जगह पक्की करना है। हमारा ध्यान ऐसा प्रदर्शन करने पर है जो इस टीम के समर्पण और कड़ी मेहनत को दशार्ता हो। वहीं, कोरिया अपने पांच पूल चरण खेलों से सात अंक अर्जित करके अंक तालिका में चौथे स्थान पर रहा। टूनामेंट में उन्होंने दो जीत, दो हार और एक ड्रॉ खेला है। आमने-सामने के रिकॉर्ड की बात करें तो भारत और कोरिया ने अब तक एक-दूसरे के खिलाफ 21 मैच खेले हैं। कोरिया ने 12 जीत के साथ बढ़त बनाए रखी है, जबकि भारत 6 मैचों में विजयी रहा है, जबकि तीन मैच ड्रॉ पर समाप्त हुए हैं। भारत टूनामेंट के दूसरे सेमीफाइनल में 4 नवंबर को कोरिया से भिड़ेगा।

### सनातोम्बी ने वुशु में जीता स्वर्ण पदक

**पणजी।** मणिपुर की लीमापोकपम सनातोम्बी चानू ने गोवा में जारी 37वें राष्ट्रीय खेलों में चौथा स्वर्ण पदक जीता, जोकि इन खेलों में उनका पांचवां पदक है। उन्होंने ताओलू डिवीजन की ताई ची स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल किया। मां बनने के बाद से राष्ट्रीय खेलों में उनका यह पहला स्वर्ण पदक है। सनातोम्बी चानू की अभी डेढ़ साल की बेटी भी है। सनातोम्बी ने छह महीने के भीतर ही मैट पर वापसी की और उन्होंने पटियाला में राष्ट्रीय शिविर में वापसी करते हुए पिछले साल नवंबर में सीनियर नेशनल में स्वर्ण पदक जीता। उनकी उपलब्धि हांग्झोऊ एशियाई खेलों में जगह बनाने में भी उनके लिए बाधा बनी और उन्हें चीन नहीं भेजा गया क्योंकि उन्होंने 2019 के बाद से किसी भी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग नहीं लिया था।

### फुटबॉल चैंपियनशिप आज से

**रांची।** डॉ मसीह प्रकाश एक्का मेमोरियल 40 डे नाइट प्रथम फुटबॉल टूर्नामेंट डब्ल्यू जॉन मल्टी परपस बोर्डिंग स्कूल के संस्थापक एवं खेल प्रेमी स्व डॉ मसीह प्रकाश एक्का की अमर स्मृति में चार एवं पांच नवंबर को किया जा रहा है। यह टूर्नामेंट शहीद सूबेदार मेजर शांति तिर्की स्पोर्टिंग क्लब एवं डब्ल्यू जॉन मल्टी परपस बोर्डिंग स्कूल के द्वारा किया जा रहा है। स्कूल के अध्यक्ष व निदेशक मेलोडियस पीयरसन एक्का ने कहा कि आयोजन डब्ल्यू जॉन मल्टी परपस बोर्डिंग स्कूल नगड़ी के मैदान में होगा। जिसमें पुरूष वर्ग की 16 टीमें भाग लेंगी। उद्घाटन शनिवार शाम छह बजे हटिया विस प्रत्याशी भरत कांशी तथा समापन के दौरान मुख्य अतिथि कांग्रेस के अजय नाथ शाहदेव मौजूद रहेंगे।

### रोलबॉल में झारखंड ने जीता कांस्य पदक



**रांची।** गोवा में चल रहे 37वें राष्ट्रीय खेलों में झारखंड के पुरुष रोल बॉल टीम ने इतिहास रचते हुए कांस्य पदक जीत झारखंड का नाम रौशन किया है। विदित हो कि नेशनल गेम्स में पहली बार रोल बॉल को शामिल किया गया था। 26 अक्टूबर मनोहर पारिकर इनडोर स्टेडियम मडगांव में खेला जा रहा 37वां राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में झारखंड की पुरुष टीम और महाराष्ट्र के बीच सेमीफाइनल मैच खेला गया इस मैच ने झारखंड की टीम को हार का सामना करना पड़ा। सेमीफाइनल तक पहुंचने वाली झारखंड टीम को लीग राउंड में अजय रहने के कारण कांस्य पदक से नवाजा गया। वहीं झारखंड की महिला रोल बॉल की टीम को चौथा स्थान मिला। इस मौके पर सहायक प्रशिक्षक प्रदीप मिर्धा ने कहा की झारखंड रोलबॉल की पुरुष और महिला दोनों टीमों ने राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन किया है। झारखंड पुरुष टीम में दिव्या मंडल, दीपांशु सिंह, करण संधू, मनमीत सिंह, मोनू गुप्ता, मुकेश कुमार मुखी, नरेंद्र कुमार, नितेश कुमार कुशवाहा, पियूष सुब्रत गोरी , लोकेश्वर साव, कोच चंदेश्वर साहू सहायक कोच प्रदीप मिर्धा व मैनेजर कुमार सत्यजीत सिंह शामिल थे। महिला टीम में आधा आनंद, अनीता महानंद, दिव्यांशीं मिश्रा, ईशा सोनकर, कोयना मिर्धा, लवली कुमारी, ममता दास, रायामुनी जमुदा, रिधिमा, उजमा खानम और विश्वा प्रिया शामिल थी।

## झारखंड में पहली बार हॉकी इंडिया की एजीएम, यहां और भी होंगे मैच : दिलीप तिर्की

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** हॉकी इंडिया की 13वीं वार्षिक आमसभा (एजीएम) शुक्रवार को मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम मीटिंग हॉल में आयोजित की गयी। झारखंड में पहली बार हुई एजीएम के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की ने कहा कि पहली दफा हॉकी की इंटरनेशनल प्रतियोगिता झारखंड में आयोजित की गयी। झारखंड के सीएम का शुक्रिया करते हुए कहा कि हेमंत सोरेन का इसमें बहुत बड़ा योगदान है। वे हॉकी को काफी सपोर्ट कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी हम झारखंड में अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप का आयोजन करना चाहेंगे। हम ग्रास रूट पर काम करना चाहते हैं। बताया कि पिछले एक वर्ष में हॉकी इंडिया ने बहुत अच्छा परफॉर्मेंस किया है। हम एशियन जूनियर बॉयज और गर्ल्स में चैंपियन बने। एशियन चैंपियन ट्रॉफी में पुरुष टीम चैंपियन बनी। महिला टीम भी शानदार प्रदर्शन कर रही है। विजेताओं को कैश अवार्ड दिया जा रहा है। पहली बार हॉकी इंडिया ने अंडर 17 बालक और बालिका को यूरोप भेजा। ग्रास रूट लेवल पर जोनल चैंपियनशिप आयोजित किया गया।

### राष्ट्रीय चैंपियनशिप में पदक जीतने वाली प्रत्येक सदस्य इकाई को मिलेंगे 10 लाख




हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने एजीएम में हुए फैसले की जानकारी देते हुए कहा कि राज्य सदस्य इकाइयों को मजबूत करने के लिए वर्ष 2023 में आयोजित हॉकी इंडिया राष्ट्रीय चैंपियनशिप में पदक जीतने वाली प्रत्येक सदस्य इकाई को 10 लाख रुपये का पुरस्कार देने का निर्णय लिया गया है। मेन फोकस इंडियन हॉकी का पुराना दिन वापस लाना है। उन्होंने बताया कि 2011 में जो भारतीय क्रिकेट टीम के साइकोलॉजिस्ट थे, वही वर्तमान में हॉकी मेन टीम का हिस्सा हैं। छठी राष्ट्रीय चैंपियनशिप में से कम से कम 4 में भाग लेने वाली प्रत्येक स्थायी राज्य सदस्य इकाई को 1.50 लाख रुपये का समर्थन मिलेगा।

### हॉकी फेंस हैं, तो हॉकी है- तैयब इकराम

सभी छह राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेने वाली इकाइयों को 9 लाख रुपये का अनुदान मिलेगा। इसी प्रकार, एसोसिएट राज्य सदस्य इकाइयों को प्रत्येक हॉकी इंडिया राष्ट्रीय चैंपियनशिप में उनकी भागीदारी के लिए 1.50 लाख रुपये का 50% पुरस्कार दिया जाएगा, बशर्ते वे कम से कम 4 वार्षिक राष्ट्रीय चैंपियनशिप में खेले हों। वहीं तैयब इकराम ने कहा कि इंडियन हॉकी है, तो हॉकी वर्ल्ड है। हॉकी फेंस हैं, तो हॉकी है। जिस तरह से दर्शक बड़ी संख्या में मैच देखने आ रहे हैं, काफी गर्व महसूस कर रहे हैं।

स्पीड न्यूज

## प्रत्येक पंचायत में खुलेगी मत्स्यजीवी तथा दुग्ध उत्पादक सहयोग समितियां : डीसी

**गोड्डा।** आज उपायुक्त, गोडडा की अध्यक्षता में सहकारी समितियों के सशक्तिकरण हेतु गठित जिला सहकारिता विकास समिति की बैठक में सहकारिता विभाग के माध्यम से जिले के किसानों, दुग्ध पालकों तथा मत्यपालकों के कल्याण हेतु कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गये। सहकारी समितियों के सशक्तिकरण के लिए सहकारिता मंत्रालय द्वारा प्रत्येक पंचायत / गांव में पैक्स या प्राथमिक डेयरी / मत्स्य की 2 लाख सहकारी समितियों के स्थापना का लक्ष्य पूरे देश के लिए रखा गया है। जिला सहकारिता पदाधिकारी ने कहा है कि गोडडा जिला सहित राज्य के प्रत्येक पंचायत में पैक्स का गठन किया जा चुका है।

## जिप अध्यक्ष व उपाध्यक्ष की कुर्सी बरकरार अविश्वास प्रस्ताव गिरा

**चक्रधरपुर।** पश्चिमी सिंहभूम जिला परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी सुरेन व उपाध्यक्ष रंजीत यादव के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव मतदान के बाद निरस्त हो गया। मतदान में कुल 52 लोगों ने भाग लिया। जिसमें एक वोट रद्द हो गया। अविश्वास प्रस्ताव में अध्यक्ष पद के लिए समर्थन में 27 और विरोध में 24 मत पड़े। वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए समर्थन में 18 और विरोध में 33 मत पड़े। मतदान के दौरान इंडिया गठबंधन के सांसद, विधायक व मंत्री ने एकमत होकर निवर्तमान अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के पक्ष में मतदान किया।

## उपायुक्त ने किया वेयर हाउस का निरीक्षण

**चतरा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चतरा अबु इमरान ने आज निर्वाचन कार्यालय स्थित वेयर हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने भारत निर्वाचन आयोग के तय मानकों के आधार पर वेयर हाउस में सुरक्षा व्यवस्था समेत अन्य का जायजा लिया। उपायुक्त ने सीसीटीवी समेत अन्य सुरक्षा मानकों का जांच किया। जांच में सीसीटीवी समेत अन्य क्रियान्वित पाए गए।

## बिहार में सरकारी कर्मियों को महंगाई भत्ता के लिए करना होगा इंतजार

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को कैबिनेट की बैठक बुलाई। इस बार बिहार कैबिनेट की बैठक कुल 35 एजेंडों पर मुहर लगी है। बिहार कंपनी पावर लिमिटेड के पटना में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स निर्माण के लिये 42 करोड़ 10 लाख की स्वीकृति दी गयी है। वहीं डायल 112 के दूसरे फेज के विस्तार के लिए 766 करोड़ 71 लाख 35 हजार की स्वीकृति मिली। कैबिनेट के फैसले के अनुसार अब डायल 112 का ग्रामीण क्षेत्रों में भी विस्तार होगा। दरअसल डायल 112 फर्स्ट फेज में केवल पटना और जिला मुख्यालयों में काम कर रहा था। वहीं कैबिनेट के फैसले के अनुसार बिहार में ड्राइवर रिक्यूरमेंट की नियमावली बदल गई है। बिहार के हर विभाग में वाहन चालक की बहाली तकनीकी चयन आयोग करेगा। बिहार वाहन चालक भर्ती एवं सेवाशर्त संशोधन नियमावली 2023 की स्वीकृति दी गई है।

## इंडिया अलायंस के 'सूत्रधार' बेबस, बेचैन, नाराज, निराश या फिर हताश?

**पटना।** सीपीआई के मंच से पटना में एक रैली को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इंडिया गठबंधन को लेकर कांग्रेस के रवैये पर सवाल उठाकर नाराजगी जाहिर की है। अब इसे देश-प्रदेश की राजनीति से जोड़कर इसके मायने खोजे जा रहे हैं। दरअसल नीतीश कुमार ने इंडिया गठबंधन की किसी भी तरह की सक्रियता नहीं होने को लेकर सवाल उठाते हुए कहा, कांग्रेस को अभी विपक्षी गठबंधन से कोई मतलब नहीं है। आजकल इंडिया गठबंधन में कोई काम नहीं हो रहा है और कांग्रेस पार्टी ध्यान नहीं दे रही है। वो 5 राज्यों के चुनाव में व्यस्त है। चुनाव परिणाम के बाद फिर से बैठक करेंगे आगे चर्चा होगी। राजनीति के जानकारों की नजर में यह नीतीश कुमार की निराशा और हताशा को दर्शाता है।

# दिवाली-छठ में यूपी-बिहार के लिए स्पेशल ट्रेन

खबर मन्त्र संवाददाता




**पटना।** दिवाली-छठ के मौके पर अगर आप दिल्ली से बिहार आना-जाना चाह रहे हैं तो आपके लिए गुड न्यूज है। आगामी त्यौहारों के अवसर पर यात्रियों की भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा के लिए रेलवे ने कई स्पेशल ट्रेनों का परिचालन करने जा रहा है। इसी कड़ी में पटना और नई दिल्ली के बीच 02246/02245 नई दिल्ली-पटना-नई दिल्ली गति शक्ति फेस्टिवल सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जायेगा। इस गाड़ी का विवरण निम्नलिखित प्रकार से है। गाड़ी सं. 02246 नई दिल्ली-पटना गति शक्ति फेस्टिवल सुपरफास्ट स्पेशल एक्सप्रेस नई दिल्ली से दिनांक 10, 11, 14, 15, 16 एवं 17 नवम्बर, 2023 को 23.45 बजे खुलेगी और अगले दिन 06.45 बजे कानपुर सेंट्रल, 09.45 बजे प्रयागराज, 12.50 बजे पं. दीनदयाल उपाध्याय जं, 14.00 बजे बक्सर एवं 14.48 बजे आरा रुकते हुए 15.50 बजे पटना जं. पहुंचेगी।

वापसी में यही ट्रेन गाड़ी सं. 02245 पटना-नई दिल्ली गति शक्ति फेस्टिवल सुपरफास्ट स्पेशल एक्सप्रेस बनकर पटना से दिनांक 11, 12, 15, 16, 17 एवं 18 नवम्बर, 2023 को पटना से 19.00 बजे (रात के 7 बजे) खुलकर, 19.45 बजे आरा, 20.38 बजे बक्सर, 21.40 बजे पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. फिर अगले दिन 00.45 बजे प्रयागराज एवं 03.35 बजे कानपुर सेंट्रल रूकते हुए 10.30 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। इस स्पेशल ट्रेन में 3ए के 20 कोच होंगे। मालूम हो कि इस साल 12 नवंबर को दिवाली है जबकि छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान 17 नवंबर से शुरू हो रहा है। दिवाली और छठ के मौके पर हर साल हजारों की संख्या में बाहर रहने वाले लोग बिहार का रूख करते हैं।

तेजस्वी के चट-पट और झट फॉर्मूले पर प्रशांत किशोर बोले

## उनको सब कुछ जल्दी-जल्दी... आरजेडी ने पीके को बताया एजेंट



खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** महागठबंधन की सरकार ने बिहार में बड़ी संख्या में शिक्षकों को नौकरी देकर एक तरह से इतिहास रचने का काम किया है। इसी बीच पटना के गांधी मैदान में गुरुवार को आयोजित खास कार्यक्रम के दौरान डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने संबोधन के दौरान अपनी सरकार की प्राथमिकताओं को गिनाया था। इस दौरान उन्होंने तीन शब्दों का प्रयोग किया था। अब उनके इन तीनों शब्दों की खूब चर्चा हो रही है। लेकिन, तेजस्वी यादव के इन्हीं तीन शब्दों पर प्रशांत किशोर ने निशाना साधा है और उनसे से सवाल पूछा है। दर असल तेजस्वी यादव ने गांधी मैदान में नियुक्ति पत्र देते हुए भाषण में कहा था कि बिहार में चट फट और झट का राज है यानी चट से फॉर्म भरिए फट से परीक्षा दीजिए और झट से नौकरी कीजिए। तेजस्वी के इस बयान के बाद खूब ताली भी बजी थी क्योंकि तेजस्वी यादव लगातार नौकरी को प्राथमिकता बता जनता को ये बताने की कोशिश कर रहे है कि उनकी प्राथमिकता में नौकरी सबसे उपर है। लेकिन, तेजस्वी यादव के संबोधन के इन्हीं तीन शब्दों चट फट और झट पर प्रशांत किशोर ने सवाल उठाया है। तेजस्वी यादव के चट-फट और झट वाले बयान पर प्रशांत किशोर ने तंज कसते हुए कहा कि तेजस्वी ने अपने जीवन में सबकुछ झट-पट ही पाया है।

## मां खरहरी के दरबार में रात्रि जागरण के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** ठाकुर गंगटी प्रखंड क्षेत्र के मानिकपुर पंचायत अंतर्गत मोपहाड़ी स्थित खरहरी माता मंदिर में विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी आगामी चार नवंबर शनिवार को विशेष वार्षिक पूजा सह ज्योत जागरण कार्यक्रम धूमधाम से मनाया जाएगा। मां खरहरी देवी धाम पर्यटन स्थल समिति के अध्यक्ष इग्नाशियस मुर्मू वरिष्ठ सदस्य शिव शंकर सिंह, मनोज कुमार सिंह आदि ने जानकारी देते हुए बताया कि लगातार बीते 13 वर्षों से इस खरहरी मां के दरबार में चार नवंबर को दिन में विशेष वार्षिक पूजा होती आ रही है और रात्रि में ज्योत जागरण का सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होते आ रहा है।बताया कि कई वर्षों पपूर्व ही झारखंड सरकार द्वारा इस खरहरी स्थान को पर्यटन स्थल का



दर्जा दिया जा चुका है।समिति के सदस्यों के साथ-साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों, पंचायत प्रतिनिधियों, समाजसेवियों, गणमान्यों, शिक्षाविदों, बुजुर्गों, सामाजिक कार्यकर्ताओं,समाज से जुड़े प्रभावशाली व्यक्तियों आदि के अथक प्रयास से इस माता खरहरी दरबार का विकास भी किया जा चुका है। कुछ संदर्यीकरण का भी कार्य हुआ है। लेकिन इस पर्यटन स्थल का अभी और सौंदयीकरण और विस्तार रूप से विकास होना भी अति आवश्यक है।बताया कि दिन में 10:00 बजे से खरहरी माता मंदिर में सामूहिक रूप से विशेष वार्षिक पूजा अर्चना प्रारंभ होगी समिति के सामूहिक पूजा के बाद इलाके के श्रद्धालु बारी बारी से मंदिर में पूजा अर्चना करेंगे।मन्नतें मांगेंगे साथ ही साथ मन्नते पूर्ण होने वाले श्रद्धालू कथनानुसार चढ़ावा चढ़ाएंगे और दान देंगे। पूजा,आरती के बाद संध्या के समय श्रद्धालुओं के बीच सामूहिक रूप से इलाके व दूर दराज के हजारों श्रद्धालुओं के बीच खीर प्रसाद व अन्य प्रकार की भी प्रसाद वितरित की जाएगी। और फिर बाद भंडारा रूपी महाप्रसाद भी वितरित किया जाएगा। बताया गया की इस बार विश्व पटल पर प्रचलित राम मंदिर आदि धार्मिक स्थलों की तर्ज पर भव्य आरती का कार्यक्रम होगा।

## यात्री बस पलटी, आधा दर्जन से अधिक घायल



खबर मन्त्र संवाददाता

**शिकारीपाड़ा।** पाकुड़िया से बर्धमान जा रही यात्री बस शनिवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घटना जिले के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के हरिपुर गांव के पास घटी। दुर्घटना में करीब आधा दर्जन से ज्यादा यात्री घायल होगा। यात्रियों में चीख पुकार मच गई। जानकारी के अनुसार पाकुड़ जिले के पाकुड़िया थाना क्षेत्र के आलुदहा गांव से एक ओझा के अनुष्ठान में भाग लेकर लौट रहे थे। सभी अपना घर बर्धवान जा रहे थे। मौके पर पहुंचे शिकारीपाड़ा थाना प्रभारी वकार हुसैन पुलिस बल के घायलों को अस्पताल भेजा गया।

## डीसी ने विश्वविद्यालय का किया निरीक्षण



खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के 5 नवम्बर को संभावित कार्यक्रम को लेकर डीसी आंजनेयुलू दोड्डे ने शुक्रवार को सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह ने राज्यपाल के कार्यक्रम से संबंधित मिनट टू मिनट कार्यक्रम की जानकारी दी। डीसी ने उपस्थित एसडीओ एवं डीएसपी को विधि व्यवस्था से संबंधित कई आवश्यक निदेश दिया।वहीं विश्वविद्यालय सूत्रों की माने तो राज्यपाल के दुमका कार्यक्रम रद्द होने की सूचना मिल रही है।

## केमिकल से भरा टैंकर पलटा, भीड़ खाद्य पदार्थ समझकर भरने लगी बाल्टियां



**हंसडीहा।** हंसडीहा दुमका स्टेट हाइवे पर हंसडीहा थाना क्षेत्र के रामगढ़ मोड़ के समीप शुक्रवार को केमिकल से भरा एक टैंकर पलट गया। टैंकर पलटने से भारी मात्रा में केमिकल हाइवे पर बहने लगा। केमिकल को खाद्य पदार्थ समझकर स्थानीय लोगों में उसे लूटने की होड़ मच गई। कोई जार तो कोई बाल्टी या डब्बे में केमिकल भरकर ले जाने लगे। जानकारी के अनुसार दुर्घटनाग्रस्त टैंकर तेज रफ्तार में दुमका की और से हंसडीहा की जा रही थी वहीं बढ़ेत गांव के समीप विपरीत दिशा से आ रही बोलेरों में जोरदार टक्कर मार दी।

## अज्ञात वाहन ने साइकिल सवार को मारी टक्कर, घायल

**हंसडीहा।** हंसडीहा देवघर एनएच 133 पर हंसडीहा थाना क्षेत्र के भाटिन गांव के समीप शुक्रवार को अज्ञात वाहन की चपेट में आने से साईकिल सवार एक व्यक्ति घायल हो गए। घायल की पहचान हंसडीहा थाना क्षेत्र के सूड़ी गम्हरिया गांव निवासी अभिमन्यु मंडल (40) के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार अभिमन्यु हंसडीहा हाट से साइकिल पर सवार होकर अपने घर जा रहे थे। इसी बीच जैसे ही वे भाटिन गांव के समीप पहुँचे की पीछे से आ रही अज्ञात वाहन साइकिल में टक्कर मारते हुए गोड्डा की और फरार हो गया। घटना में अभिमन्यु का सर फट गया। जिसके बाद स्थानीय लोगों द्वारा घटना की सूचना पुलिस को दी गई।

## मेडिको कैंप का आयोजन

**दुमका।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देशानुसार 100 दिनों तक चलने वाले जागरूकता अभियान के तहत प्राधिकार अध्यक्ष सह प्रधान जज के मार्गदर्शन पर शुक्रवार को संप्रेक्षण गृह, में आवासित किशोरों के मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य देखभाल के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। आयोजित कार्यक्रम में जिला जज, प्रथम, रमेश चंद्र ने बच्चों के साथ परामर्श कर उनके मनः स्थिति के बारे में जाना। उन्हें बताया कि हम अपने मस्तिष्क को योग एवं व्यायाम से नियंत्रित कर सकते हैं। जिससे अपराध की भावना में कमी होती है। गृह में संसीमित सभी किशोरों में हुनर की कमी नहीं है।

ऐक्टू गोड्डा का प्रथम जिला सम्मेलन संपन्न, वक्ताओं ने कहा

## देश की संपत्ति को निजी हाथों में बेचना राष्ट्रभक्ति नहीं, गद्दारी है

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** ललमटिया आज एक्टू का प्रथम जिला सम्मेलन में विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरूआत प्रधानमंत्री को उलिहातू के बजाय सुंदर पहाड़ी के आदिम जनजाति के गांवों से करनी चाहिए। सुन्दर पहाड़ी के बदहाल हाल में कोई बदलाव आये है तो पुरे देश के आदीवासीयों को पता चल सकेगा की सचमुच प्रधानमन्त्री के नेतृत्व में देश विकसित भारत की ओर अग्रसर है अन्यथा माना जाएगा की आपका इरादा नेक नहीं है। राष्ट्र की संपत्ति को निजी हाथों में बेच कर देश को विकसित भारत नहीं बनाया जा सकता है।

जुमले वालों की सरकार नहीं चलेगी अबकी बार उपरोक बाते आज ललमटिया के नीमा में अयोजित ऑल इंडिया सेन्ट्रल काउंसिल ऑफ ट्रेड यूनियन ( ऐक्टू ) गोड्डा का प्रथम जिला सम्मेलन का संबोधित करते हुए सम्मेलन के पर्यवेक्षक और मुख्यवक्ता ऐक्टू के




प्रदेश सचिव भुवनेश्वर केवट ने कहा। उन्होंने आगे कहा कि कोयला उद्योग से लेकर रेल, बेकिंग, एयरपोर्ट हवाईजहाज, बीएसएनएल नेशनल हाइवे और बंदरगाह सबके सब कोड़ी के भाव निजी कंपनियों के हाथों बेची जा रही है। राष्ट्र की सरकारी संपति को निजी हाथों में बेच कर देश को विकसित भारत नहीं बनाया जा सकता है। देश की संपत्ति को निजी हाथों में बेचना राष्ट्रभक्ति नहीं बल्कि देश के साथ गद्दारी गद्दारी है। गोड्डा जिला सम्मेलन सम्मेलन में मिड डे मील, निर्माण, सफाई क्षेत्र से जुडे 70 से अधिक चयनित प्रतिनिधी और पर्यवेक्षक शामिल हुए। सम्मेलन से पूर्व यूनियन के झंडोतोलन कर लाल झंडा फहराया गया, तत्पशचात औद्योगिक घटनाओं, इजराइल द्वारा गाजा में किए हमले में दासियों हजार बेकसूर नागरिकों की मौत, मजदुर आन्दोलन में शहीद साथियों को एक मिनट का मौन श्रृद्धांजलि अर्पित किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता पांच सदस्यीय टीम ने किया जिसमें अरुण सहाय, रामदास शाह, शराफत अंसारी, सीमा कुमारी, स्लोमी बास्के, ने संयुक्त रूप से किया। ऐक्टू गोड्डा जिला का सम्मेलन को संबोधित करते हुए सीएमडब्ल्यू के कोयला मजदुर यूनियन के नेता अरुण कुमार सहाय ने कहा कि केंद्र की सरकार मजदूर विरोधी किसान विरोधी और राष्ट्र विरोधी नीतियों को अंधाधुंध लागू कर रही है। गोड्डा जिला में केंद्र सरकार की गिद्ध दृष्टि लग गया है।

अडानी पावर प्लांट का धूल और गर्दा हम खायेंगे और बिजली बंगला देश को ये दो बिल्लियों की तरह ठगी और धोखे का खेल नहीं चलने देगें। अडानी पॉवर प्लांट का 25 प्रतिशत बिजली गांवों के ग्रामीणों को देना होगा। देश में आर्थिक विकास की झूठी ढोल पीटी जा रही है। सचमुच देश की आर्थिक विकास की दर इतना बेहतर होता तो भारत वैश्विक भूख सूचकांक में 111 वां स्थान नहीं होता। प्रतिनिधि सत्र के लिए दस्तावेज प्रस्तुत करते हुए रसोइया संघ के के प्रदेश सचिव मनोज कुशवाहा ने कहा कि संकट के दौर में मजदूर किसान आंदोलन ही हमेशा देश को उबारने का काम किया है। संघर्ष की ताकत को आंदोलनजीवी ,देशद्रोही कह कर सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की राजनीति की जा रही है। नफरत और हिंसा के जरिए देश समाज और को बांटने की साज़िश सफल नहीं होने देगें। सम्मेलन का उदघाटन करते हुए भाकपा माले के जिला सचिव रामदास शाह ने कहा कि केंद्र कंपनियों की कठपुतली सरकार है। देश को अडानी अंबानी एंड कम्पनी में तब्दिल होने से बचाने के लिए मजदुर वर्ग को 2024 की लडाई जितनी होगी। दरअसल मोदी जी के आर्थिक विकास से देश के मजदूर गरीब और किसान कोसों दूर है। गोड्डा जिला सम्मेलन में श्रम कानूनों में संशोधन और लेबर कोड के द्वारा मजदूरों को गुलाम बनाने की साज़िश, नफरत और हिंसा की राजनीती, सार्वजनिक उद्योगों और संपतियों को निजी हाथों में बेचने, महंगाई और आईटीआई प्रशिक्षित युवकों को रोजगार के सवाल पर मजदुरों को संगठित कर आन्दोलन करने का कार्यभार लिया गया। साथ ही 2728 नवम्बर को राजभवन पर आयोजित मजदुर महापडाव को सफल बनाने की अपील की गई।

## गंगा आजीविका महिला ग्राम समिति की बैठक मिश्र गंगटी ग्राम में संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** ठाकुर गंगटी प्रखंड क्षेत्र के मिश्र गंगटी ग्राम में शुक्रवार को गंगा आजीविका महिला ग्राम संगठन की बैठक हुई। बैठक में सर्व प्रथम सभी सदस्या द्वारा उपस्थित दर्ज किया और विभिन्न समूह से संबंधित सखी मंडल की अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष ने अपने-अपने समूह का बचत राशि प्रति सदस्य 40 की दर से जमा किया। मिश्र गंगटी पंचायत क्षेत्र के रंगीला गांव की पार्वती आजीविका सखी मंडल की आदिवासी सदस्या मुनि मुर्मू और मंझी हेंब्रम को फूलो झानो आशीर्वाद योजना के तहत 10-10 हजार रुपए की राशि का चेक उपलब्ध कराया गया।

इस राशि से दोनों आदिवासी महिला सदस्या हड़िया दारु के व्यापार को छोड़कर शूकर पालन का व्यापार करेगी। ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार अंतर्गत झारखंड स्टेट लाईवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के द्वारा लगातार प्रदेश से हड़िया दारु बनाने और बिक्री करने पर रोक लगाने को लेकर पहल की जा रही है। इस पहल के तहत महिला स्वयं सहायता समूह सखी मंडल से जुड़ी सदस्या को हड़िया दारु के व्यापार को छोड़ मुख्य धारा से जुड़कर अन्य व्यापार करने के लिए 10000 की सहयोग राशि निशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है।

शिवम आजीविका सखी मंडल की अध्यक्ष, सचिव को भी आर एफ फंड के तहत 50000 का चेक दिया गया।ताकि वे अपने समूह में ऋण के रूप में राशि की वितरण कर व्यापार कर सके और समूह से जुड़ी महिलाओं को सशक्त बना सके। महिला सशक्तिकरण के मद्देनजर ही ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार, झारखंड स्टेट लाईवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के द्वारा विभिन्न प्रकार की योजना चलाई जा रही है।

बैठक में अध्यक्ष पुतुल देवी, सचिव मुन्नी देवी, कोषाध्यक्ष प्रियंका देवी, रंभा देवी, सदस्या गंगा मुनि सोरेन, विद्या देवी, ललिता देवी, नंदिनी देवी सहित 26सदस्या शामिल थी।

## पेज एक का शेष

### राज्यकर्मियों को दिवाली ...

बैठक में झारखंड पुलिस रेडियो संपर्क और वायरलेस नंबर की नियुक्ति नियमावली में बदलाव किया गया। अब पहले फिजिकल और मेडिकल टेस्ट होगा। अंत में लिखित परीक्षा होगी। प्रोजेक्ट विद्यालय में नियुक्त वैसे योग्य टीचर जिनकी अनुशंसा समिति करेगी, उन्हें फिर से बहाल किया जायेगा। एसटी, एससी पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय विद्यालय में प्रशिक्षण कार्य के लिए तात्कालिक व्यवस्था के तहत सर्विस प्रोक्योरमेंट के आधार पर अंशकालिक शिक्षकों से कार्य जाने की एक साल तक अवधि विस्तार की स्वीकृति दी गयी। इस बीच नियमित नियुक्ति की भी कार्रवाई अलग से की जायेगी।

**दुमका हवाई अड्डा में फ्री में 15 बच्चों को मिलेगी ट्रेनिंग :** दुमका हवाई अड्डा में कमर्शियल पायलट ट्रेनिंग और एयरबस ट्रेनिंग दिया जायेगा। एक परीक्षा के जरिये उनका चयन होगा। इन 30 में से जो 15 बच्चे होंगे, उनको राज्य सरकार के तरफ से निशुल्क प्रशिक्षण दिया जायेगा। एक ट्रेनिंग प्रोग्राम में 9 करोड़ 10 लाख रुपये खर्च होंगे। इसमें आरक्षण भी मान्य होगा। 5 सीट झारखंड के लिए आरक्षित होंगे। दुमका और नोएडा में ट्रेनिंग होगी। बासुकीनाथ नगर पंचायत अंतर्गत सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट योजना की स्वीकृति दी गई। इसमें 105 करोड़ खर्च किया जायेगा।

### खाद्य सुरक्षा को...

निर्यात मामले में भारत इस मामले में विश्व में सातवें स्थान पर आ गया है। समर्पित मेहनत और निर्यात नीति के कारण खाद्य क्षेत्र में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। पहले दो मेगा फूड पार्क थे जो अब बढ़ कर बीस से अधिक हो गये हैं। पहले 12 लाख टन प्रसंस्कृत खाद्य का उत्पादन होता था जो अब बढ़ कर 200 लाख टन हो गया है। देश में शहरीकरण बढ़ रहा है जिससे प्रसंकृत खाद्य पदार्थों की मांग बढ़ रही है। इससे छोटे किसानों , उद्योगो और महिलाओं को बढ़ावा मिल रहा है। इससे किसान उत्पादक समूह को भी बढ़ावा मिल रहा है। मोदी ने कहा कि खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में महिलाओं में लीड करने की क्षमता है। आज स्वयं सहायता समूह से जुड़ी एक लाख महिलाओं के खाते में बीज पूंजी दिया गया है। समारोह को खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री पशु पति कुमार पारस और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने भी संबोधित किया।

### जमीन से जुड़े...

इस कंपनी में अमित अग्रवाल भी सहयोगी हैं। कंपनी के दिलीप घोष को ईडी ने पहले समन किया था, लेकिन वे नहीं पहुंचे थे। फर्जीवाड़ा का खुलासा आयुक्त की जांच रिपोर्ट में पहले ही हो चुका था। बाद में इडी ने मनी लॉन्ड्रिंग के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू की।

### हाइकोर्ट ने कहा...

याची ने दावा किया कि उसने ताजमहल के इतिहास पर गहन अध्ययन किया है। इसलिए उनकी अपील है कि ताजमहल के बारे में लोगों को सही इतिहास पता चले और गलत तथ्यों को हटा लिया जाये।

सुरजीत सिंह यादव ने 'ताज म्यूजियम' नाम की एक किताब का जिक्र करते हुए कहा कि मुमताज महल की मौत के बाद उसे दफन करने के लिए एक सुंदर जगह को चुना गया था। यह जगह कुछ और नहीं बल्कि राजा मान सिंह का महल था, जिस पर बाद में उनके पोते राजा जय सिंह का अधिकार था। उसी दौरान मुमताज महल की मौत हुई थी। यादव ने कहा कि आज का ताजमहल कुछ और नहीं बल्कि मान सिंह का वह महल ही है।

**दरबारी इतिहासकारों ने गलत तथ्य पेश किया :** याचिका में कहा गया है कि यह बेहद अजीब है कि शाहजहां के सभी दरबारी इतिहासकारों ने इस शानदार मकबरे के वास्तुकार के नाम का उल्लेख क्यों नहीं किया है। इसलिए, यह स्पष्ट रूप से इंगित करता है कि राजा मान सिंह की हवेली को ध्वस्त नहीं किया गया था, बल्कि ताजमहल के वर्तमान स्वरूप को बनाने के लिए केवल संशोधित और पुनर्निर्मित किया गया था। यही कारण है कि शाहजहां के दरबारी इतिहासकारों के वृत्तांतों में किसी वास्तुकार का कोई उल्लेख नहीं ह।. राजा मान सिंह, शाहजहां के दादा मुगल सम्राट अकबर के सेनापति थे। 17वीं शताब्दी का यह स्मारक यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थल में शामिल है।

### राहत ! थोक मंडी ...

पंडारा मंडी में ही कुल 400 टन प्याज में से 300 टन एनएएफइडी और एनसीसीएफ द्वारा भेजा गया है। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान से भी रोजाना 100 से 150 टन प्याज अमृतसर की मंडी में पहुंच रहा है। विशेषज्ञों के मुताबिक, पिछले 03 वर्षों में प्याज की कीमतें नहीं बढ़ने के कारण किसानों की इसकी खेती में रुचि कम हो गयी थी, इसलिए इस बार प्याज उत्पादक राज्यों महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में किसानों ने प्याज की खेती कम कर दी। एनसीसीएफ (राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता महासंघ) ने राजधानी रांची के कई स्थानों पर सस्ते दर पर प्याज उपलब्ध कराना जारी रखा। यहां प्याज 25 रुपये प्रति किलो की दर प्रति ग्राहक अधिकतम दो किलो दिया जा रहा है।

# हमास और इजराइल युद्ध की लपटें हुईं और तेज

## गाजा पर मंडरा रहे अमेरिकी ड्रोन, हिजबुल्लाह के साथ आया रूस का वैगनर समूह

एजेंसी

**वाशिंगटन/यरुशलम।** फिलिस्तीन के आतंकवादी संगठन हमास और इजराइल के बीच छिड़ा युद्ध शुक्रवार को 28वें दिन में प्रवेश कर गया। इस घमासान में दोनों पक्षों को भारी क्षति हुई है। इस बीच गाजा में अमेरिका के मानवरहित ड्रोन की बढ़ती हलचल और रूस के वैगनर समूह के आतंकी समूह हिजबुल्लाह को सैन्य सहायता उपलब्ध कराने की घोषणा से युद्ध के लंबा खिंचने की आशंका प्रबल हो गई है। अमेरिकी एमक्यू-9 रीपर ड्रोन अपने बंधक बनाए गए नागरिकों का पता लगाने के लिए गाजा के ऊपर उड़ान भर रहे हैं। अमेरिकी अधिकारियों ने वाशिंगटन में कहा कि करीब एक सप्ताह से ड्रोन से निगरानी की जा



रही है। अधिकारियों का मानना है कि 10 अमेरिकी नागरिकों का अब तक पता नहीं चल पाया है। संभावना है कि इनको हमास ने अपनी सुरंग में कैद कर रखा है। गाजा में 200 से अधिक लोग बंधक हैं। अमेरिकी ड्रोन का निगरानी अभियान दक्षिणी गाजा में केंद्रित हैं। यह स्थान उत्तर में कहर बरपा रही इजराइली सेना से लगभग 15 मील दूर है। ड्रोन उड़ान पर नजर रखने वालीं विमानन शोधकर्ता अमेलिया स्मिथ के अनुसार इस प्रयास में कम से कम

- **इराक, अफगानिस्तान और सीरिया में हवाई हमले और खुफिया जानकारी के लिए किया जा चुका है एमक्यू-9 रीपर ड्रोन का इस्तेमाल**
- **इजराइली सेना ने लेबनान में हिजबुल्लाह की मिसाइल को मार गिराया**

छह अलग-अलग एमक्यू-9 रीपर शामिल हैं। यह 24,000 से 26,000 फीट की ऊंचाई पर लगभग तीन घंटे तक गाजा में निगरानी करते हैं। एमक्यू-9 को अमेरिकी वायुसेना के पहले शिकारी-हत्यारे ड्रोन के रूप में डिजाइन किया गया था। एक समय में 20 घंटे से अधिक समय तक एक क्षेत्र के ऊपर मंडराने की क्षमता के कारण इसका उपयोग मुख्य रूप से निगरानी अभियान के लिए किया जाता है। इसका इस्तेमाल इराक, अफगानिस्तान और सीरिया में हवाई हमले करने और खुफिया जानकारी एकत्र करने के लिए किया जा चुका है। इस बीच इजराइल के सुरक्षाबलों ने लेबनान से सतह से हवा में मार करने वाली हिजबुल्लाह की मिसाइल को मार गिराया है। सुरक्षाबलों ने जेनिन में बमबारी की है। उधर, दावा किया गया है कि उत्तरी इराक के हरीर सैन्य अड्डे पर एक ड्रोन को मार गिराया गया है। गाजा में छिड़े युद्ध के बीच अमेरिकी खुफिया विभाग को पता चला है कि लेबनान के मिलिशिया समूह की इजराइल के साथ झड़प के बाद रूस का वैगनर समूह हिजबुल्लाह को एक वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली देने की तैयारी कर रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने गुरुवार को व्हाइट हाउस में चिली के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक के साथ बैठक में अपना रुख फिर स्पष्ट किया। उन्होंने हमास आतंकवादियों के खिलाफ गाजा में चल रहे जमीनी हमले में इजराइल के लिए अपने समर्थन की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि इजराइल को अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के अनुरूप खुद की रक्षा करने का अधिकार है। अमेरिका उनके साथ इस युद्ध में खड़ा रहेगा।

### ज्ञानवापी मामले में याचिका खारिज

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने अंजुमन इंतजामिया मस्जिद समिति (एआईएमसी) की वह याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी, जिसमें ज्ञानवापी मामले की 2021 से सुनवाई कर रही एकल न्यायाधीश की पीठ से मामला वापस लेने के इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के प्रशासनिक फैसले को चुनौती दी गई थी। एकल-न्यायाधीश की पीठ उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें वाराणसी स्थित ज्ञानवापी मस्जिद वाली जगह पर एक मंदिर बहाल करने का अनुरोध करने वाले वाद के सुनवाई योग्य होने को चुनौती दी गई थी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने मस्जिद समिति का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ वकील हुजेफा अहमदी की दलीलें सुनने के बाद कहा कि मामला खारिज किया जाता है।

# 'तारीख-पे-तारीख' अदालत न बने सुप्रीम कोर्ट : सीजेआइ

## चीफ जस्टिस बोले- जब तक अत्यंत जरूरी नहीं हो, तब तक स्थगन का अनुरोध नहीं करें अधिवक्ता

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत के प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ ने शुक्रवार को वकीलों से नए मामलों में स्थगन का अनुरोध नहीं करने की अपील करते हुए कहा कि वह नहीं चाहते कि उच्चतम न्यायालय तारीख-पे-तारीख अदालत बन जाए। दिन की कार्यवाही के आरंभ में प्रधान न्यायाधीश ने नए मामलों में वकीलों द्वारा स्थगन के अनुरोध का मुद्दा उठाते हुए कहा कि पिछले दो महीने में वकीलों ने 3,688 मामलों में स्थगन का अनुरोध किया। प्रधान न्यायाधीश की



अध्यक्षता वाली पीठ में न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी हैं। उन्होंने कहा कि जब तक अत्यंत जरूरी नहीं हो, तब तक कृपया स्थगन का अनुरोध नहीं करें। मैं नहीं चाहता कि यह अदालत तारीख-पे-तारीख अदालत बन जाए। तारीख-पे-तारीख हिंदी फिल्म दामिनी में सनी देओल का लोकप्रिय संवाद था जिसमें अभिनेता ने फिल्म के एक दृश्य में अदालतों में स्थगन की संस्कृति पर रोष प्रकट किया था।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि अब वकीलों की संस्थाओं की मदद से शीर्ष अदालत में मामला दायर होने के बाद नए मामलों को सूचीबद्ध करने में समय का अंतर काफी कम हो गया है। उन्होंने इस तथ्य पर अफसोस जताया कि पीठ के समक्ष मामले सूचीबद्ध होने के बाद वकील स्थगन का अनुरोध करते हैं और यह बाहरी दुनिया के लिए बहुत खराब संकेत देता है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि मैं देख पा रहा हूं कि मामला दायर होने की अवधि से इसके सूचीबद्ध होने का समय घट रहा है।

यह सब हम एससीबीए (सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन और एससीएओआरए (सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट्स-ऑन रिकॉर्ड एसोसिएशन) के सहयोग के बिना हासिल नहीं कर सकते थे। उन्होंने यह भी कहा कि स्थगन मामले की शीघ्रतापूर्वक सुनवाई के उद्देश्य को प्रभावित करता है।

### 'सभापति से बिना शर्त माफी मांगें राघव चड्ढा'

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने आम आदमी पार्टी (आप) के नेता एवं निलंबित सांसद राघव चड्ढा से प्रवर समिति मामले पर राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ से बिना शर्त माफी मांगने को कहा और उम्मीद जताई कि सभापति इस मामले पर सहानुभूतिपूर्ण रुख अपनाएंगे। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी से दिवाली की छुट्टियों के बाद मामले संबंधी आगे के घटनाक्रम से उसे अवगत कराने को कहा।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि चड्ढा को इस मामले पर बिना शर्त माफी मांगने के लिए राज्यसभा के सभापति से मिलना होगा। चड्ढा 11 अगस्त से उस समय से निलंबित हैं जब कुछ सांसदों ने आरोप लगाया था कि आप नेता ने उनकी सहमति के बिना एक प्रस्ताव में उनका नाम जोड़ा।

# बिग बॉस विजेता एल्विश यादव पर प्राथमिकी दर्ज

### रेव पार्टी में सांपों के जहर के इस्तेमाल के मामले में 5 गिरफ्तार

एजेंसी

**नोएडा।** बिग बॉस ओटीटी सीजन-2 के विजेता और यूट्यूबर एल्विश यादव के खिलाफ पुलिस ने गैर कानूनी तरीके से रेव पार्टी आयोजित करने और उसमें सांप के जहर के कथित इस्तेमाल को लेकर मामला दर्ज किया है। इस मामले में पांच अन्य लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है लेकिन एल्विश फरार है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इस बीच, एल्विश ने यूट्यूब पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में अपना पक्ष रखते हुए उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों से पूरी तरह इंकार किया है। अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार लोगों के कब्जे से कोबरा समेत नौ सांपों को बचाया गया। ये लोग बृहस्पतिवार को सेक्टर-51 के एक बैंक्वेट हॉल में रेव पार्टी के लिए एकत्र हुए थे। यह पार्टी पशु अधिकार संगठन पीपल फॉर एनिमल्स (पीएफए) द्वारा बिछाया गया जाल था। उन्होंने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से



प्लास्टिक की बोतल में रखे सांप के 20 मिलीलीटर जहर को जब्त किया तथा इसे परीक्षण के लिए भेज दिया, ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या यह शरीर में मादक पदार्थ की तरह असर करने के लिए तैयार किए गए मादक पदार्थ के समान था। अधिकारियों ने बताया कि सेक्टर-51 में एक बैंक्वेट हॉल में पार्टी करने के लिए एल्विश यादव सहित छह अन्य लोगों के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद मेनका गांधी द्वारा संचालित पीएफए संगठन के पशु कल्याण अधिकारी गौरव गुप्ता की शिकायत के बाद वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम के प्रावधानों और आपराधिक साजिश के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई।

### श्रीकृष्ण की कृपा रही तो लोकसभा चुनाव लड़ूंगी : कंगना रनौत



**देवभूमि द्वारका।** बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने शुक्रवार को चुनावी राजनीति में उतरने का संकेत देते हुए कहा कि अगर भगवान कृष्ण की कृपा रही तो वह अगला लोकसभा चुनाव लड़ेंगी। कंगना सुबह कृष्ण के प्रसिद्ध द्वारकाधीश मंदिर में पूजा-अर्चना करने के लिए आई थीं। पत्रकारों ने जब उनसे पूछा कि क्या वह अगला लोकसभा चुनाव लड़ेंगी, तब कंगना ने कहा कि श्री कृष्ण की कृपा रही तो लड़ेंगे। उन्होंने 600 वर्षों के संघर्ष के बाद अयोध्या में राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा को संभव बनाने के लिए केंद्र सरकार की प्रशंसा की। अभिनेत्री ने कहा कि भाजपा सरकार के प्रयासों से हम भारतीयों को 600 वर्षों के संघर्ष के बाद यह दिन देखने को मिला है। हम बड़े धूमधाम से मंदिर की स्थापना करेंगे।

# राजस्थान में आइएएस अधिकारी के 25 ठिकानों पर इडी का छापा

### जल जीवन मिशन घोटाला

एजेंसी

**जयपुर।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित जल जीवन मिशन घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले की जांच के तहत शुक्रवार को राजस्थान में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के एक वरिष्ठ अधिकारी के परिसरों सहित कई स्थानों पर छापे मारे।

आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि पीएचई (लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी) विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव (एसीएस) सुबोध अग्रवाल के परिसरों सहित दौसा और राज्य की राजधानी जयपुर में कुल 25 परिसरों में की छापेमारी। उन्होंने बताया कि मामले से जुड़े कुछ अन्य व्यक्तियों के खिलाफ भी धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जा रही है। केंद्रीय एजेंसी ने इस मामले में सितंबर में भी इसी तरह की छापेमारी की थी। यह मामला राजस्थान भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो (एसीबी) की प्राथमिकी से जुड़ा है। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि श्री श्याम ट्यूबवेल कंपनी के मालिक पदमचंद जैन, श्री गणपति ट्यूबवेल कंपनी के मालिक महेश मित्तल और अन्य लोग अवैध संरक्षण प्राप्त करने, निविदाएं प्राप्त करने, बिल स्वीकृत कराने और पीएचईडी से प्राप्त विभिन्न निविदाओं के संबंध में उनके किए कार्यों में अनियमितताओं के लिए लोक सेवकों को रिश्वत देने में शामिल थे। एजेंसी ने पहले जारी बयान में कहा था कि संदिग्धों ने हरियाणा से चोरी किए गए सामान की खरीद की एवं अपने निविदाओं/अनुबंधों में इसका इस्तेमाल किया और उन्होंने पीएचईडी अनुबंध प्राप्त करने के लिए इरकॉन से प्राप्त फर्जी कार्य समापन पत्र भी जमा किए थे।

### तमिलनाडु के मंत्री वेलु के कई ठिकानों पर आइटी की दबिश

**चेन्नई।** आयकर अधिकारियों ने तमिलनाडु के मंत्री ई वी वेलु से जुड़े कई स्थानों पर शुक्रवार को छापे मारे। वह केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई का सामना करने वाले राज्य के तीसरे कैबिनेट मंत्री हैं। द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) नेता और राज्य के मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने आरोप लगाया कि आयकर और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जैसी एजेंसियां भाजपा की राजनीतिक शाखाएं बन गयी हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले से कानूनी रूप से निपटा जाएगा।पुलिस सूत्रों ने बताया कि चेन्नई, कोयंबटूर, तिरुवन्नमलई और करुर समेत राज्य के अलग-अलग हिस्सों में तलाशी ली। द्रमुक के वरिष्ठ नेता वेलु अभी एम के स्टालिन नीत मंत्रिमंडल में लोक निर्माण मंत्री हैं।

# छत्तीसगढ़ के लोगों को राम मंदिर के दर्शन करायेगी भाजपा


## मोदी की गारंटी : अमित शाह ने जारी किया संकल्प पत्र

### विधानसभा चुनाव

- **500 रुपये में गैस सिलेंडर और महिलाओं को प्रति वर्ष 12 हजार रुपये देने का वादा**

एजें

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने शुक्रवार को घोषणापत्र जारी किया, जिसमें राज्य के किसानों से 3,100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदने, महिलाओं को प्रति वर्ष 12 हजार रुपये एवं पांच सौ रुपये में रसोई गैस सिलेंडर देने का वादा किया गया है। अपने घोषणापत्र में भाजपा ने अगले दो वर्ष में एक लाख युवाओं को रोजगार देने तथा राज्य के गरीबों को अयोध्या में रामलला का दर्शन कराने का भी वादा किया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को पार्टी का संकल्प पत्र जारी किया। संकल्प पत्र को छत्तीसगढ़ के लिए मोदी की गारंटी 2023 नाम दिया गया है। घोषणापत्र जारी करते हुए शाह ने कहा, ह्वचुनावी घोषणापत्र सिर्फ घोषणापत्र नहीं



बल्कि हमारे लिए एक संकल्प पत्र है। उन्होंने कहा कि अपने संकल्प को पूरा करते हुए हमने (भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने) छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना (2000 में) की थी। शाह ने कहा कि छत्तीसगढ़ भाजपा शासन के 15 वर्षों (2003-2018) के दौरान बीमारू (पिछड़े) राज्य से एक अच्छे राज्य में बदल गया था। अब मैं आपको भाजपा की ओर से आश्वस्त करता हूं कि हम अगले पांच वर्षों में इसे एक विकसित राज्य बनाने के लक्ष्य के साथ काम करेंगे। गृह मंत्री ने कहा कि राज्य में ह्यकृषक उन्नति योजना की शुरूआत की जाएगी, जिसके अंतर्गत किसानों से 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान की खरीद की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य में महतारी वंदन योजना के तहत विवाहित महिलाओं को प्रति वर्ष 12 हजार रुपए दिए जाएंगे। राज्य में दो वर्ष के भीतर एक लाख खाली पदों पर भर्ती की जाएगी और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लंबित 18 लाख घरों का निर्माण पूरा करने के लिए धन राशि का आवंटन किया जाएगा। गृह मंत्री ने कहा, राज्य के हर घर में नल से साफ जल पहुंचाया जाएगा। राज्य में तेंदूपत्ता संग्राहकों से 5500 प्रति मानक बोरे की दर से तेंदूपत्ते की खरीद होगी। इसके अलावा संग्राहकों को 4500 रुपए तक बोनस भी दिया जाएगा। शाह ने कहा कि राज्य में पार्टी के सत्ता में आने पर सरकार भूमिहीन खेतिहर मजदूरों को दीनदयाल उपाध्याय कृषि मजदूर कल्याण योजनाके तहत 10 हजार रुपए सालाना देगी। वहीं केंद्र की आयुष्मान भारत योजना के तहत प्रत्येक परिवार को पांच लाख रुपए के साथ जरूरत पड़ने पर ह्यमुख्यमंत्री राहत कोषह्व से अतिरिक्त पांच लाख रुपए प्रदान किए जाएंगे। गृह मंत्री ने कहा कि राज्य में पांच सौ नए जन औषधि केंद्र खोले जाएंगे, राज्य में लोक सेवा आयोग की परीक्षा में पारदर्शिता बरती जाएगी। उन्होंने कहा कि ह्ययूपीएससीह्व की तर्ज पर छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के तहत परीक्षाएं पारदर्शी तरीके से आयोजित की जाएंगी। इसके अलावा मौजूदा कांग्रेस सरकार के दौरान हुए कथित सीजीपीएससी घोटाले की जांच की जाएगी।

### केपलर टेलीस्कोप ने खोजा एलियन सोलर सिस्टम

**वॉशिंगटन।** नासा के रिटायर्ड केपलर अंतरिक्ष टेलीस्कोप ने सात ग्रहों वाले एक सिस्टम को देखा है, जिसमें से प्रत्येक ग्रह हमारे सौर मंडल के किसी भी ग्रह की तुलना में अपने मेजबान तारे से ज्यादा चमकदार गर्मी को प्राप्त करता है। इस ग्रहीय प्रणाली का नाम केपलर-385 है। इस प्रणाली की खासियत है कि इसके सभी सात ग्रह पृथ्वी से बड़े हैं। लेकिन नेपच्यून से छोटे हैं। केप्लर-385 कुछ ज्ञात ग्रहीय प्रणालियों में से एक है, जिसमें छह से ज्यादा सत्यापित ग्रह या ग्रह उम्मीदवार हैं। केपलर ने अब तक लगभग 4,400 ग्रह उम्मीदवार खोजे हैं।

कैलिफोर्निया की सिलिकॉन वैली में नासा के एम्स रिसर्च सेंटर के शोध वैज्ञानिक जैक लिसाउर ने कहा कि हमने केपलर के सबसे उपयुक्त ग्रह के उम्मीदवारों की लिस्ट तैयार की है। लिसौएर नई लिस्ट प्रस्तुत करने वाले पेपर के मुख्य लेखक भी हैं।

## एक नजर में

### सोमनाथ ट्रस्ट के अध्यक्ष बने रहेंगे प्रधानमंत्री



**पाटन (गुजरात)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले पांच साल के लिए श्री सोमनाथ ट्रस्ट के अध्यक्ष बने रहेंगे। यह निर्णय हाल ही में गांधीनगर के राजभवन में ट्रस्ट के अध्यक्ष और प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में एक बैठक के दौरान लिया गया था। बैठक का मुख्य आकर्षण सोमनाथ मंदिर में पर्यटकों की भागीदारी के संबंध में चर्चा करना था। मंदिर सालाना लगभग एक करोड़ श्रद्धालुओं का स्वागत करता है। आधुनिकीकरण और पारदर्शिता की दिशा में कदम बढ़ाते हुए प्रधान मंत्री मोदी ने बैठक के दौरान एक डिजिटल डैशबोर्ड का उद्घाटन किया। यह डैशबोर्ड वास्तविक समय के आंकड़ों की निगरानी करने के लिए डिजाइन किया गया है, जिसमें सोमनाथ मंदिर में तीर्थयात्रियों की आमद, ऑनलाइन आरक्षण, पूजा समारोह और प्रसाद के प्रसार के बारे में विवरण और अन्य डेटा शामिल हैं।

### ईरान के नशा मुक्ति केंद्र में आग से 32 मरे

**तेहरान।** उत्तरी ईरान में शुक्रवार को एक नशा मुक्ति केंद्र में आग लगने से 32 लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में कम से कम 16 लोग घायल बताए जा रहे हैं। यह हादसा लैंगरोड शहर में हुआ। केंद्र के प्रबंधक व अन्य कुछ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यह शहर अफगानिस्तान से पश्चिमी यूरोप तक पोस्ता, अफीम और हेरोइन के स्रोत की तस्करी के मुख्य मार्ग पर स्थित है। एक अधिकारी ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि केंद्र में एक हीटर की वजह से आग लगी।

### पाक में विस्फोट, पांच की मौत और कई घायल

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शुक्रवार को पुलिस के एक गश्ती दल के पास हुए बम धमाके में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और अन्य 24 लोग घायल हो गए। पुलिस के खिलाफ हो रहे हमलों में यह नवीनतम घटना है। बम धमाका, डेरा इस्माइल खान शहर में पुलिस के गश्ती दल के करीब हुआ। जिला पुलिस अधिकारी अबदुर राउफ कईसरानी ने बताया कि धमाके में दो पुलिसकर्मी समेत पांच लोग मारे गए जबकि अन्य 24 लोग घायल हो गए। कईसरानी ने बताया कि पुलिस को इस तरह की कायरतापूर्ण हरकत से रोका नहीं जा सकता और वह आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई जारी रखेंगे। खैबर पख्तूनख्वा सरकार ने धमाके की निंदा करते हुए इसे कायरतापूर्ण और कट्टरवादी बताया है।

### बाजार में दूसरे दिन तेजी, सेंसेक्स 283 अंक चढ़ा

**मुंबई।** शेयर बाजारों में शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 283 अंक लाभ में रहा। वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुझानों के बीच घरेलू बाजार लाभ में रहे। सेंसेक्स 282.88 अंक चढ़कर 64,363.78 पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में सूचकांक 454.29 अंक तक चढ़ गया था। दूसरी ओर, निफ्टी 97.35 अंक बढ़कर 19,230.60 पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में टाइटन, टेक महिंद्रा, टाटा मोटर्स, जेएसडब्ल्यू स्टील, आईसीआईसीआई , इन्फोसिस,एसीबीआई और सन फार्मा में उल्लेखनीय बढ़त हुई। नुकसान में रहने वाले शेयरों में बजाज फिनसर्व, इंडसइंड, नेस्ले, टाटा स्टील और बजाज फाइनेंस शामिल हैं।

### दुष्कर्म के आरोप में उड़िया गायक गिरफ्तार

**भुवनेश्वर।** ओडिया सिनेमा के जाने-माने गायक देबेश पति को विवाह का झांसा देकर एक महिला से शारीरिक संबंध बनाने और बाद में उसे छोड़ देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। नयापल्ली पुलिस थाना प्रभारी निरीक्षक सत्यरंजन प्रधान ने कहा कि एक स्थानीय अदालत के आदेश के आधार पर बलात्कार और धोखाधड़ी समेत भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं और आईटी अधिनियम के तहत देबेश के खिलाफ मामला दर्ज किया है। उन्हें गुरुवार शाम को गिरफ्तार किया और अदालत में भी पेश किया गया।

### बीएचयू में छात्र-छात्राओं का धरना समाप्त

**वाराणसी।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) में आईआईटी की एक छात्रा के साथ कथित छेड़छाड़ और उसे निर्वस्त्र कर वीडियो बनाये जाने की घटना के बाद बृहस्पतिवार की सुबह से ही विरोध प्रदर्शन कर रहे छात्र छात्राओं ने देर रात धरना प्रदर्शन समाप्त कर दिया। आईआईटी के जनसंपर्क विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के वादे के बावजूद छात्र धरना प्रदर्शन बंद करने को तैयार नहीं थे।

### बंगाल के 22 जिलों में बनेगी कला दीर्घा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार में सूचना एवं सांस्कृतिक मामलों तथा पर्यटन मंत्री इंद्रनील सेन ने कहा कि राज्य के 22 जिलों में कला दीर्घाएं स्थापित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार एक साल में विदेशी और घरेलू पर्यटकों को बंगाल की समृद्ध कला और सांस्कृतिक संसाधनों से रूबरू कराने के लिए पर्यटन स्थलों पर पर्यटन और दृश्य कला के सामंजस्य के साथ कला दीर्घाओं की स्थापना करना चाहती है।

Rinku
न्यू दास म्युजिकल स्टोर्स
DEALS IN
YAMAHA AHUJA BOSS BasiX CASIO PAiSTe KORG ESP Gibson Roland M-AUDIO Epiphone stranger TAMA Cort Zildjian Gibson
Opp. Sankat Mochan Hanuman Mandir, Main Road, Ranchi-1 (Jharkhand)
Ph.: 72509-33033 | M.: 98351-64815

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!